
राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 नो एंट्री 2 में एंट्री नहीं मिलने पर आया अनिल कपूर का ...

ऋषभ पंत की गिलक्रिस्ट से तुलना अभी जल्दबाजी, स्मिथ बोले- तय ... 11

वर्ष : 15 | अंक : 72 | नई दिल्ली, रविवार, 23 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C
न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# गंगा जल संधि की समीक्षा करने पर भारत और बंगलादेश के बीच सहमति : मोदी

## पीएम मोदी व बंगलादेश की पीएम शेख हसीना के साथ हुई बातचीत

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत और बंगलादेश गंगा जल संधि की समीक्षा करने पर सहमत हुए हैं और बंगलादेश से चिकित्सा के लिए भारत आने वालों के लिए ई-वीजा की सुविधा दी जाएगी। श्री मोदी ने विकास कार्यों में भारत का सबसे बड़ा भागीदार बताते हुए कहा कि बंगलादेश के साथ अपने संबंधों को भारत अत्यधिक प्राथमिकता देता है। प्रधानमंत्री ने बताया कि दोनों देशों ने 1996 की गंगा जल संधि के नवीनीकरण के लिए तकनीकी स्तर पर बातचीत शुरू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने यह भी कहा कि बंगलादेश में तीस्ता नदी के संरक्षण एवं प्रबंधन पर बातचीत के लिए शीघ्र ही भारत की एक टेक्निकल टीम बांग्लादेश का दौरा करेगी। श्री मोदी भारत की दो दिन की यात्रा पर नई दिल्ली आयीं बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत के बाद एक साझा संवादाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। श्रीमती हसीना की इस माह यहां की दूसरी यात्रा है। वह श्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भी आयी थीं।

उन्होंने बताया कि दोनों देश डिजिटल प्रौद्योगिकी, समुद्र और अंतरिक्ष क्षेत्र की पहलों और रक्षा उत्पादन तथा मानव संसाधन विकास के क्षेत्र में सहयोग के विस्तार पर सहमत हुए हैं। श्री मोदी ने बंगलादेश के संस्थापक राष्ट्रपति बंगबंधु शेख मुजीबुर्रहमान के स्थिर, समृद्ध और प्रगतिशील बंगलादेश के सपने को साकार करने में, भारत के सहयोग की प्रतिबद्धता को दोहराया। श्रीमती हसीना के साथ संबंधों की प्रागढ़ता को रखांकित करते हुए श्री मोदी ने कहा, पिछले लगभग एक वर्ष में, हम दस बार मिले हैं। लेकिन आज की मुलाकात विशेष है, क्योंकि हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल में प्रधान मंत्री शेख हसीना जी हमारी पहली राजकीय अतिथि हैं। श्री मोदी ने कहा, बंगलादेश हमारी सबसे पहले पड़ोसी पॉलिसी, पूर्व के देशों के साथ काम करने की नीति पॉलिसी, सागर (क्षेत्र में सभी देशों के लिए सुरक्षा और समृद्धि) और एशिया प्रशांत क्षेत्र के बारे में भारत से सपने और पहल के संगम पर स्थित है।

उन्होंने कहा कि भारत और बंगलादेश ने पिछले एक ही वर्ष में साथ मिल कर लोक कल्याण के अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं को पूरा किया है इस संबंध में उन्होंने अखौड़ा से अगरतला के बीच भारत-बंगलादेश के बीच छठे सीमा-पारीय रेल मार्ग सम्पर्क, खुलना-मोंगला बंदरगाह से भारत के उत्तर-पूर्वी राज्यों के लिए मालवहन सुविधा, मोंगला बंदरगाह को रेल से जोड़ने की परियोजना तथा 1320 मेगावाट क्षमता के मैत्री थर्मल पावर प्लांट के दोनों यूनिट्स से बिजली उत्पादन शुरू किए जाने का उल्लेख किया। श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच अब भारतीय रुपये में व्यापार की शुरूआत भी हो चुकी है।भारत-बंगलादेश के बीच, गंगा नदी पर, दुनिया की सबसे लंबी नीदी क्रूज सेवा को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। भारत-बंगलादेश के बीच पहली सीमापारीय मैत्री गैस पाइपलाइन भी पूरी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि भारतीय ग्रिड से होते हुए, नेपाल से बंगलादेश तक बिजली निर्यात, ऊर्जा क्षेत्र में उप-क्षेत्रीय सहयोग का पहला उदाहरण बना है।

### दोनों देश आतंकवाद का सामना करने में एक-दूसरे का करेंगे सहयोग

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि आज की बैठक में दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को और मजबूत करने के लिए, रक्षा साजो-सामान के विनिर्माण से लेकर सैन्य बलों के आधुनिकीकरण पर, हमारी विस्तार से चर्चा हुई।दोनों देश आतंकवाद का सामना करने में सहयोग तथा कट्टरवाद और बॉर्डर के शांतिपूर्ण प्रबंधन पर अपनी सहभागिता को मजबूत करने का निश्चय किया है।उन्होंने कहा कि हिंद महासागर के क्षेत्र के लिए भारत तथा बंगलादेश की सोच समान है। श्री मोदी ने कहा कि भारत-प्रशांत सागर क्षेत्रों से संबंधित पहले में शामिल होने के लिए बांग्लादेश के निर्णय का भारत स्वागत करता है। भारत बिम्सटेक सहित, अन्य रीजनल और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बंग्लादेश के साथ अपना सहयोग जारी रखेंगा। श्री मोदी ने कहा, हमारी साझा संस्कृति और दोनों देशों के लोगों के बीच जीवंत संबंध हमारे संबंधों की नीव हैं।

इसी संदर्भ में उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने छात्रवृत्ति, प्रशिक्षणऔर क्षमता निर्माण को और बढ़ाने में सहयोग का निर्णय किया है। श्री मोदी ने घोषणा की कि स्वास्थ्य चिकित्सा के लिए बंगलादेश से भारत आने वाले लोगों के लिए, भारत ई-मेडिकल वीजा सुविधा शुरू करेगा। भारत ने बंगललादेश के उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के लोगों की सुविधा के लिए हमने रंगपुर में एक नया सहयाग उच्चायोग खोलने का निर्णय लिया है। सुश्री हसीना राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से भी मिलेंगी। उनके इस दौरे के दौरान दोनों देशों के बीच कई महत्वपूर्ण समझौते किये गये।

## संक्षिप्त खबरें

### कृषि क्षेत्र में बदलाव मेरी जिद, जुनून और जज्बा है : शिवराज

नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आईसीएआर के पूर्व छात्रों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कई अहम बातें कहीं। उन्होंने कहा कि मैं बड़ी आशा से आपके बीच आया हूं। यहां आना और मेरा भाषण केवल कर्मकांड नहीं है। कृषि के परिदृश्य को पूरी तरह से बदल देने की मेरी जिद, जुनून और जज्बा है, जो आपके साथ मैं मिलकर करना चाहता हूं। उन्होंने कहा, मैं किसान और विज्ञान को जोड़ना चाहता हूं। हम प्रयोग करते हैं किसानों को बहुत बाद में पता चलता है। मैं खेत में बैठकर किसानों से भी बात करूंगा। मैं आपके निकट संपर्क में रहना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि मैं चैन से बैठने वालों में से नहीं हूं। दिन-रात काम करूंगा। किसान का कल्याण करना है, उत्पादन बढ़ाना है। किसान भाई आधुनिक तकनीकों के आधार पर काम कर ही रहे हैं।

### प्रधानमंत्री ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कराने वाले आचार्य लक्ष्मीकांत के निधन पर जताया दुख

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कराने वाले काशी के प्रकांड पंडित आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निधन पर दुख जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, देश के मूर्धन्य विद्वान और साङ्गवेद विद्यालय के यजुर्वेदाध्यापक लक्ष्मीकान्त दीक्षित जी के निधन का दुःखद समाचार मिला। दीक्षित जी काशी की विद्वत्परंपरा के यशपुरुष थे। काशी विश्वनाथ धाम और राम मंदिर के लोकार्पण पर्व पर मुझे उनका सान्निध्य मिला। उनका निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उल्लेखनीय है कि काशी के प्रकांड पंडित आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित का शनिवार को सुबह निधन हो गया। वह 82 वर्ष के थे। काशी के मणिकर्णिकाघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। लक्ष्मीकांत दीक्षित का परिवार मूलरूप से महाराष्ट्र के सोलापुर जिले से काशी आया था।

## प्रश्नपत्र लीक होने के मामलों की रोकथाम के लिए एंटी पेपर लीक कानून लागू

# पेपर लीक पर 10 साल की कैद और 1 करोड़ तक का जुर्माना



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक होने के मामलों की सख्ती से रोकथाम के लिए शुक्रवार रात पेपर लीक कानून लागू कर दिया गया। यह कानून इसी साल फरवरी में पारित हुआ था, सरकार ने शुक्रवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। इसे लोक परीक्षा कानून 2024 नाम दिया गया है। इसके लागू से प्रतियोगी परीक्षाओं में अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर तीन से पांच साल की सजा और 10 लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान किया गया है। संगठित रूप से इस तरह का अपराध करने पर एक करोड़ रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान है। पेपर लीक या अनुचित साधनों के इस्तेमाल पर : इस कानून के तहत, पेपर लीक करने या आंसर शीट के साथ छेड़छाड़ करने पर कम से कम 3 साल जेल की सजा होगी। इसे 10 लाख तक के जुमार्ने के साथ 5 साल तक बढ़ाया जा सकता है। जुमार्ना अदा न करने की स्थिति में भारतीय न्याय संहिता, 2023 के प्रावधानों के अनुसार कारावास की अतिरिक्त सजा दी जाएगी। सर्विस प्रोवाइडर के दोषी होने पर लगेगा 1 करोड़ का जुमार्ना: परीक्षा संचालन के लिए नियुक्त सर्विस प्रोवाइडर अगर दोषी होता है तो उस पर 1 करोड़ रुपये तक जुमार्ना होगा। सर्विस प्रोवाइडर अवैध गतिविधियों में शामिल है, तो उससे परीक्षा की लागत वसूली जाएगी। साथ ही, सेवा प्रदाता को 4 साल की अवधि के लिए किसी भी सार्वजनिक परीक्षा के संचालन की जिम्मेदारी से भी रोका जा सकता है। यदि कोई संस्था संगठित अपराध करने में शामिल है, तो उसकी संपत्ति कुर्की और जब्ती के अधीन होगी और परीक्षा की आनुपातिक लागत भी उससे वसूली जाएगी। अधिकारी दोषी पाए जाने पर प्रावधान : यदि अपराध किसी निदेशक, वरिष्ठ प्रबंधन या सेवा प्रदाता फर्म के प्रभारी व्यक्तियों की सहमति या मिलीभगत से किया गया है, तो उन्हें तीन से 10 वर्षों की जेल और एक करोड़ रुपये जुमार्ना से दण्डित किया जा सकता है। 12 फरवरी को मिली थी कानून को मंजूरी : पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, इसी साल 6 फरवरी को लोकसभा और 9 फरवरी को राज्यसभा से पारित हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 12 फरवरी को बिल को मंजूरी देकर इसे कानून में बदल दिया गया था। इस कानून में संघ लोक सेवा आयोग, कर्मचारी चयन आयोग, रेलवे भर्ती बोर्ड, बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की परीक्षाएं शामिल होंगी। केंद्र के सभी मंत्रालयों, विभागों की भर्ती परीक्षाएं भी इस कानून के दायरे में होंगी। इसके तहत सभी अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होंगे

### छात्र हित और उनका उज्ज्वल भविष्य सरकार की प्राथमिकता : प्रधान

नई दिल्ली। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा मंत्रालय द्वारा परीक्षाओं के संचालन की निगरानी के लिए गठित विशेषज्ञ समिति को परीक्षा प्रक्रिया की दक्षता में सुधार लाने के लिए उठाए गए कदमों की श्रृंखला में पहला कदम बताया है। केंद्रीय शिक्षा प्रधान ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि पारदर्शी, छेड़छाड़ मुक्त और शून्य त्रुटि परीक्षाएं एक प्रतिबद्धता है। विशेषज्ञों की उच्च स्तरीय समिति का गठन परीक्षा प्रक्रिया की दक्षता में सुधार, सभी संभावित कदाचारों को समाप्त करने, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने और एनटीए में सुधार करने के लिए उठाए गए कदमों की श्रृंखला में पहला कदम है। छात्र हित और उनका उज्ज्वल भविष्य हमेशा हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी।

### प्रश्नपत्र लीक मामले में यूपी में संदिग्ध से पूछताछ

नई दिल्ली। केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में शनिवार को एक व्यक्ति से पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्र का एक हिस्सा त्वरित संदेश सेवा टेलीग्राम पर पोस्ट करने वाले संदिग्ध को जिले के पडरौना कोतवाली ले जाया गया जहां सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा की टीम उससे पूछताछ कर रही है।

उन्होंने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि संदिग्ध ने राजस्थान के कोटा में नेट की कोचिंग की थी। सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर यूजीसी-नेट का प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज की थी। यूजीसी-नेट के माध्यम से भारतीयों को जूनियर रिसर्च फेलोशिप, सहायक प्रोफेसर के रूप में नियुक्ति और भारतीय विश्वविद्यालयों एवं कॉलेजों में पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्रता निर्धारित की जाती है। वर्ष 2024 में नेट का आयोजन 18 जून को किया गया था। शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित यूजीसी-नेट को रद्द करने का बुधवार को आदेश दिया था। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपी गई है।

### एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित

नई दिल्ली/एजेंसी। नीट यूजी परीक्षा 2024 में कदाचार और गड़बड़ियों के आरोपों के बीच केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में शनिवार को एक समिति गठित की। समिति में उनके अलावा अन्य सदस्य एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी. जे. राव, आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर एमिरिटस राममूर्ति के., पीपुल स्ट्रांग के सह संस्थापक पंकज बंसल और आईआईटी दिल्ली के डीन (छात्र मामले) प्रो. आदित्य मित्तल को शामिल किया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल को सदस्य सचिव बनाया गया है। समिति दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि समिति का उद्देश्य एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं के पारदर्शी और कदाचार मुक्त आयोजन के लिए सुझाव देना है। इसके लिए वह परीक्षा की प्रक्रिया का शुरू से लेकर अंत तक विश्लेषण करेगी और तंत्र में सुधार के लिए सुझाव देगी जिससे किसी संभावित लीकेज को टाला जा सके। वह एनटीए की मानक परिचालन प्रक्रियाओं की भी समीक्षा करेगी और एसओपी तथा निगरानी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए सुझाव देगी। डाटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने के लिए समिति एनटीए के मौजूदा डाटा सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल का आकलन कर उसमें सुधार के लिए सुझाव देगी। प्रश्न पत्र तैयार करने और परीक्षा की अन्य प्रक्रियाओं से जुड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल की भी वह जांच करेगी तथा सुझाव देगी।

### नए परीक्षा कानून को लागू करना लीपापोती का प्रयास : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को आरोप लगाया कि नीट-स्नातक, यूजीसी-नेट को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्र सरकार द्वारा लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 को अधिसूचित किया जाना लीपापोती का एक प्रयास है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने दावा किया कि जब तक शिक्षा प्रणाली व स्वायत्त संस्थानों को भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दखलंदाजी से मुक्त नहीं किया जाता तब तक यह धांधली और भ्रष्टाचार जारी रहेगा। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, नीट घोटाले में भाजपा जितनी भी कोशिश कर ले, धांधली, भ्रष्टाचार और शिक्षा माफिया को बढ़ावा देने की अपनी जिम्मेदारी से नहीं बच सकती। उन्होंने दावा किया कि प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कानून अधिसूचित नहीं हुआ था, लेकिन जब शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की प्रेस वार्ता में उनसे इसके बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह कानून अधिसूचित हो गया है। खरगे ने कहा, 13 फरवरी 2024 को इस कानून को राष्ट्रपति जी की संस्तुति मिल गई थी,पर कानून बीती रात को ही अधिसूचित हुआ है।

उन्होंने सवाल किया कि शिक्षा मंत्री ने झूठ क्यों बोला ? खरगे ने यह प्रश्न भी किया कि जब शिक्षा मंत्री ने नीट परीक्षा में गड़बड़ी की बात मान ली है तो मोदी सरकार परीक्षा दोबारा क्यों नहीं करवा रही ? प्रश्नपत्र लीक के खिलाफ कानून पारित करवाने के बाद भी पेपर लीक क्यों हो रहे हैं ? गत सात वर्षों में जब 70 पेपर लीक हुए, तब मोदी सरकार ने उसपर कोई कड़ा कदम क्यों नहीं उठाया ? उन्होंने आरोप लगाया कि नया कानून लाना केवल भाजपाई लीपापोती ही है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, जब तक शिक्षा प्रणाली व स्वायत्त संस्थानों को भाजपा-आरएसएस की दखलंदाजी व दुष्प्रभाव से मुक्त नहीं किया जाएगा तब तक ये धांधली चोरी, भ्रष्टाचार जारी रहेगा।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 13 फरवरी 2024 को राष्ट्रपति ने लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक, 2024 को अपनी मंजूरी दी थी। अंततः आज सुबह देश को बताया गया कि यह अधिनियम कल, यानी 21 जून, 2024 से लागू हो गया है। उन्होंने कहा कि स्पष्ट रूप से यह नीट, यूजीसी-नेट, सीएसआईआर-यूजीसी-नेट और अन्य घोटालों से पैदा हुई स्थिति को संभालने की कोशिश है। रमेश ने यह भी कहा, ह्यइस कानून की जरूरत थी, लेकिन यह प्रश्नपत्र लीक होने के बाद के मामले से निपटता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कानून, प्रणालियां और प्रक्रियाएं अधिक महत्वपूर्ण हैं कि प्रश्नपत्र लीक ही नहीं हो। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में एनटीए अब नो ट्रस्ट एजेंसी बन गया है और परीक्षाएं एक भयावह त्रासदी बनकर रह गई हैं।

**उद्घाटन** — राजधानी के ज्ञान भवन में आयोजित दो दिवसीय आम महोत्सव में रंग बिरंगे आम के कई स्टॉल

# सीएम नीतीश ने किया आम महोत्सव का उद्घाटन

- किसानों के विकास के लिए हरसंभव मदद करेगी सरकार : मंगल
- कृषि मंत्री बोलें- बागवानी को बढ़ावा दिया जाएगा

प्रात : किरण



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को सम्राट अशोक कन्वेंशन केन्द्र स्थित ज्ञान भवन में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय आम महोत्सव 2024 का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री श्री मंगल पांडेय भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कृषि मंत्री के साथ आम उत्पादकों द्वारा लगायी गयी विभिन्न प्रजाति के आमों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और उनकी विशेषताओं के बारे में जानकारी ली। सीएम ने विभिन्न कृषि उत्पादक समूहों एवं खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को अनुदान राशि का सांकेतिक चेक भी प्रदान किया। उद्घाटन के बाद उपस्थित किसान बंधुओं को कृषि मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि प्रदेश में आम उत्पादन की ख्याति पूर्व से है। हमारा लक्ष्य है कि अच्छे प्रभेद के आमों का उत्पादन और बढ़े। आज गांवों में बगीचों की कमी देखी जा रही है। जो वातावरण पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। यदि राज्य में तापमान व जलवायु उचित रखना है तो हमें बागवानी को बढ़ावा देना होगा। राज्य में अभी हरित भूमि लगभग 15 प्रतिशत है , सरकार का लक्ष्य इसे बढ़ाकर 18 प्रतिशत करना हैं। इस लक्ष्य की प्राप्ति तब होगी जब हम विभिन्न प्रकार के फलों की बागवानी को और विकसित करेंगे। जिससे तापमान पर भी अनुकूल असर पड़ेगा। राज्य में डबल इंजन की सरकार का मकसद स्पष्ट है कि किसानों के हित व विकास के लिए उन्हें आर्थिक रुप से समृद्धि प्रदान की जाए। प्रदर्शनी में राज्य के विभिन्न जिलों के आम उत्पादकों एवं उद्यमियों द्वारा आम एवं इसके प्रसंस्कृत उत्पाद के प्रदर्शों का प्रदर्शन किया जा रहा है। प्रदर्शनी में राज्य के लगभग 500 कृषकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है, जो एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को दशार्ता है। श्री पांडेय ने कहा कि पीएम श्री नरेंद्र मोदी व सीएम श्री नीतीश कुमार किसानों की आर्थिक समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य में हो रहे फलों के उत्पादन का निर्यात अन्य देशों में हो इसके लिए विभाग प्रयत्न शील है।

### बिहार में शीघ्र खुलेगा भारत सरकार के कॉमर्स विभाग का रिजनल कार्यालय

भारत सरकार के कॉमर्स डिपार्टमेंट के अधिकारी भी इस महोत्सव में आए हैं। जिसका रिजनल कार्यालय बिहार में नहीं है। राज्य के निकटतम वाराणसी से ही बिहार का निर्यात संचालित होता है। अब कृषि विभाग शीघ्र ही इस विभाग का कार्यालय बिहार में खोलने की दिशा में पहल करेगी। जिससे यहां के फलों के निर्यात को एक नया आयाम मिलेगा। किसान खुशहाल कैसे हो। उसके लिए विभाग किसानों के हित व विकास को लेकर फोकस कर रही है। विशेषकर आम उत्पादन करने वाले किसान काफी अहम हैं। आम फल लोगों के पोषण सुरक्षा, पारिवारिक आमदनी के स्रोत के साथ व्यापार का एक प्रमुख उत्पाद है। ये रहें मौजूद : इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, विकास आयुक्त चौतन्य प्रसाद, कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, पटना प्रमण्डल के आयुक्त कुमार रवि, मंत्री के आप्त सचिव अमिताभ समेत अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

### हरित अमोनिया का आवंटन 7.5 लाख टन प्रति वर्ष किया गया

नई दिल्ली/एजेंसी। देश में ग्रीन हाइड्रोजन और इसके उत्पाद की बढ़ती मांग को देखते हुए नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने हरित अमोनिया का आवंटन 5.5 लाख टन प्रति वर्ष से बढ़ाकर 7.5 लाख टन प्रति वर्ष कर दिया है। एमएनआरई ने शनिवार को एक जारी बयान में यह जानकारी दी। एमएनआरई के मुताबिक अब तक ग्रीन अमोनिया की उपलब्ध क्षमता 5,50,000 टन प्रति वर्ष थी। इसके बाद सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एसईसीआई) ने भी लागत आधारित प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से ग्रीन अमोनिया उत्पादकों के चयन हेतु अनुरोध किया था। मिशन के कार्यान्वयन की गति तेज होने के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से ग्रीन हाइड्रोजन और इसके डेरिवेटिव की मांग भी बढ़ी। ऐसे में एमएनआरई द्वारा उर्वरक क्षेत्र से ग्रीन अमोनिया की मांग में वृद्धि के क्रम में आवंटन में 2 लाख टन प्रति वर्ष की वृद्धि करने का निर्णय लिया गया। एमएनआरई के मुताबिक राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन 04 जनवरी 2023 को वित्त वर्ष 2029-30 तक 19,744 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ शुरू किया गया था।

# बांग्लादेश की प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति से की मुलाकात



प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने शनिवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रधानमंत्री शेख हसीना का स्वागत करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के कुछ ही दिनों बाद उनसे फिर से मिलकर बेहद खुशी हुई। उन्होंने कहा कि ये नियमित बातचीत मित्रता और सहयोग की स्थायी भावना को दशार्ती है, जिसकी शुरूआत 1971 के बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम की यात्रा से हुई थी। राष्ट्रपति मुर्मू को यह जानकर खुशी हुई कि प्रधानमंत्री शेख हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश ने उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की है। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश विभिन्न क्षेत्रों में अपने सहयोग को मजबूत करने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नए क्षेत्रों में भी प्रवेश कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह भारत-बांग्लादेश संबंधों के भविष्य की दिशा तय करेगा। गर्मजोशी और सौहार्दपूर्ण बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने आर्थिक संबंधों, विकास साझेदारी, रक्षा सहयोग, ऊर्जा सुरक्षा और कनेक्टिविटी सहित सभी क्षेत्रों में संबंधों को बढ़ाने के लिए मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। 9 जून को नई सरकार के गठन के बाद यह भारत द्वारा आयोजित बांग्लादेश की प्रधानमंत्री की पहली राजकीय यात्रा है।

## संक्षिप्त समाचार

### केमू की बस और कार की टक्कर से एनएच जाम

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ एनएच पर केमू की बस और कार की टक्कर हो गई। दोनों वाहनों की टक्कर से इनमें सवार यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। घटना में कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसमें और बस में सवार यात्री सुरक्षित बच गए। घायल को उपचार के लिए बेस अस्पताल पहुंचाया गया। दो वाहनों की टक्कर से एनएच पर जाम लगा रहा। इससे यात्री, पर्यटक और वाहन चालक बेहाल रहे। बृहस्पतिवार दोपहर को अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ हाईवे पर सिकुड़ा बैंड के पास केमू की बस और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चालक खोल्टा निवासी सुशील कुमार घायल हो गया। आसपास के लोगों ने उसे उपचार के लिए बेस अस्पताल भेजा। संयोग से कार और बस में सवार यात्री सुरक्षित बच गए। टक्कर के बाद सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर आवाजाही शुरू कराई। धारानौला चौकी प्रभारी दिनेश परिहार ने बताया कि फिलहाल मामले में किसी भी पक्ष की तरफ से तहरीर नहीं मिली है।

### कौशल प्रशिक्षण के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**रुद्रपुर, एजेंसी।** क्राफ्ट्समैन ट्रेनिंग स्कीम के तहत आठवीं एवं दसवीं पास युवा रोजगार के लिए कौशल विकास का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रकिया शुरू हो गई है। ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने के लिए नोडल संस्थानों में फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किए गए हैं। कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के निदेशक संजय कुमार ने बताया कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में उद्योगों/संसाधनों के अनुरूप रोजगार के सीमित अवसर देखने को मिल रहे हैं इसलिए नौजवानों को उनकी शैक्षिक अर्हता व रूचि के अनुरूप गुणवत्तायुक्त कौशल प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जा रहा है। ये प्रशिक्षित युवा प्रदेश की औद्योगिक इकाइयों में आसानी से रोजगार पा सकेंगे। बताया कि एनसीवीटी मान्यता प्राप्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में क्राफ्ट्समैन ट्रेनिंग स्कीम के तहत आठवीं व दसवीं शैक्षिक अर्हता वाले युवाओं को प्रवेश देने के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया चालू की गई है। सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए अभ्यर्थी पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### गर्मी से कुत्ते हुए आक्रामक, दो दिन में 45 को काटा

**काशीपुर, एजेंसी।** भीषण गर्मी के कारण कुत्तों का स्वभाव बदलता दिख रहा है। कुत्ता काटे मरीज सरकारी अस्पताल पहुंचकर रैबीज के टीके लगवा रहे हैं। दो दिनों में ही 45 लोगों को कुत्तों ने काट लिया है। एलडी भट्ट राजकीय उप जिला चिकित्सालय में जसपुर, बाजपुर, केलाखेड़ा, रामनगर, रेहड़, ठाकुरद्वारा, सुल्तानपुर पट्टी, अलीगंज, महुआखेड़ा गंज, प्रतापपुर, कुंडेश्वरी आदि क्षेत्रों से भारी संख्या में मरीज पहुंचते हैं। तपिश के कारण कुत्ते आक्रामक हुए हैं। सरकारी अस्पताल के इंजेक्शन कक्ष प्रभारी हरीश जोशी ने बताया कि 18 जून को कुत्ता काटने के 29 और 19 जून को 16 मरीज पहुंचे, जिन्हें एंटी रैबीज का टीका लगाया गया। उन्होंने बताया कि एक महीने से कुत्ता काटने के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। अस्पताल में एंटी रैबीज पर्याप्त है।

### आधे अल्मोड़ा नगर में जलापूर्ति ठप

**अल्मोड़ा , एजेंसी।** कोसी सब स्टेशन में बीते बुधवार खराबी आ गई थी, इससे आसपास के 12 से अधिक गांवों के साथ कोसी पंपिंग योजना में बिजली आपूर्ति ठप रही। करीब चार घंटे तक बिजली आपूर्ति ठप रहने से कोसी पंपिंग योजना से नगर के जलाशयों में पर्याप्त पानी लिफ्ट नहीं हुआ। बृहस्पतिवार को बिष्टाकुड़ा जलाशय से जुड़े नंदा देवी, चीनाखान सहित अन्य हिस्सों में जलापूर्ति नहीं हुई और 12 हजार से अधिक की आबादी को जल संकट से जूझना पड़ा। नलों में पानी न आने से लोगों ने प्राकृतिक जल स्रोतों की दौड़ लगाकर अपनी प्यास बुझाई। जल संस्थान के ईई अरुण कुमार सोनी ने कहा कि बिजली आपूर्ति प्रभावित रहने से दिक्कत आई है। बृहस्पतिवार को जलाशयों में जलापूर्ति सुचारू हो गई है। शुक्रवार को व्यवस्था पटरी पर आ जाएगी।

# यातायात प्लान जारी: नैनीताल में शनिवार-रविवार को रहता है जाम



**नैनीताल, एजेंसी।** वीकेंड पर हल्द्वानी शहर से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम और अल्मोड़ा की ओर जाने वाले सभी पर्यटकों, आम लोगों और वाहन चालकों के लिए पुलिस ने यातायात प्लान जारी किया है। वीकेंड पर हल्द्वानी शहर से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम और अल्मोड़ा की ओर जाने वाले सभी पर्यटकों, आम लोगों और वाहन चालकों के लिए पुलिस ने यातायात प्लान जारी किया है। यात्रा रूट में भारी वाहनों का प्रवेश सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक वर्जित रहेगा। यातायात के दबाव को देखते हुए आवश्यकतानुसार समय घटाया-बढ़ाया जा सकता है। जारी रूट प्लान के तहत बरेली रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंची धाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले वाहन तीनपानी तिराहे से डायवर्ट होकर गौला बाईपास होते हुए नरीमन तिराहे से जाएंगे। रामपुर रोड से नैनीताल जाने वाले वाहन पंचायतघर तिराहे से डायवर्ट होकर आरटीओ रोड से हनुमान मंदिर होते हुए कालाढूंगी बाईपास रोड से बाया कालाढूंगी नैनीताल में प्रवेश करेंगे। रामपुर रोड से भीमताल, भवाली, कैंची धाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले वाहन शीतल होटल तिराहे से डायवर्ट होकर तीनपानी बाईपास तिराहे से गोला बाईपास रोड होते हुए नरीमन तिराहे से गंतव्य के लिए रवाना होंगे। इसी तरह कालाढुंगी रोड से नैनीताल, भीमताल, भवाली, कैंचीधाम, अल्मोड़ा की ओर जाने वाले वाहन ऊंचापुल, लालडांठ तिराहे से डायवर्ट होकर हाईडिल गेट, कॉलटैक्स तिराहा होते हुए नरीमन तिराहे से जाएंगे। एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि जरूरत के हिसाब से व्यवस्थाओं में बदलाव किया जा सकता है। ड्यूटी में कहीं भी लापरवाही या कमी पाई जाती है तो संबंधित कार्मिक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

## वीकेंड पर नैनीताल में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब, भीमताल में लगा लंबा जाम



**नैनीताल, एजेंसी।** भीमताल में वीकेंड के चलते शनिवार को सैलानियों की आवाजाही बने से जाम की समस्या बनी रही। भीमताल में तिकोनिया, डांठ, तल्लीताल, गोरखपुर, नौकुचियाताल रोड पर जाम लगने से सैलानियों और यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पा। वीकेंड पर लोग नैनीताल पहुंच रहे है। वहीं, भीमताल में वीकेंड के चलते शनिवार को सैलानियों की आवाजाही बने से जाम की समस्या बनी रही। भीमताल में तिकोनिया, डांठ, तल्लीताल, गोरखपुर, नौकुचियाताल रोड पर जाम लगने से सैलानियों और यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पा। वाहनों को सक किनारे खे करने से जाम की समस्या बनी रही। जाम लगने से स्थानीय व्यापारियों और पर्यटन कारोबारियों को भी परेशान होना पा। थानाध्यक्ष जगदीप नेगी ने बताया कि सक किनारे खे वाहनों का चालान काटा गया। साथ ही पुलिस कर्मी जाम खोलकर यातायात सुचारू करने में लगे हुए हैं।

## शिशु निकेतन को जंगल की आग ने घेरा, आफत में फंसी 17 बच्चों की जान

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** नगर के नजदीक बख में संचालित शिशु और नारी निकेतन को जंगल की आग ने घेर दिया। इससे यहां रह रहे 17 बच्चों की जान आफत में फंस गई। किसी तरह बच्चे आग से बचकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। अल्मोड़ा जिले में जंगल की आग का कहर शांत होने का नाम नहीं ले रहा है। नगर के नजदीक बख में संचालित शिशु और नारी निकेतन को जंगल की आग ने घेर दिया। इससे यहां रह रहे 17 बच्चों की जान आफत में फंस गई। किसी तरह बच्चे आग से बचकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। सूचना के बाद फायर सर्विस की टीम ने आग पर काबू पाया और बड़ी घटना होने से बच गई। नगर के नजदीक बख में शिशु और नारी निकेतन का संचालन होता है। शुक्रवार दोपहर को अचानक जंगल की आग यहां पहुंच गई। संस्थान के भवन के पीछे की तरफ लगी भीषण आग देखकर यहां रह रहे बच्चों सहित अन्य स्टाफ में अफरा-तफरी मच गई। सभी कक्षों से निकलकर सुरक्षित स्थान की तरफ भागे। कुछ ही देर में आग ने इस संस्थान को चारों तरफ से घेर लिया। यहां मौजूद कर्मियों ने घटना की सूचना फायर सर्विस को दी। मामले की गंभीरता को समझते हुए फायर सर्विस कर्मी दो दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुट गए। दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका, तब जाकर बच्चों और कर्मियों ने संस्थान के भीतर प्रवेश करने की हिम्मत जुटाई। आसपास रह रहे लोगों ने भी आग बुझने के बाद राहत की सांस ली। यदि फायर सर्विस को पहुंचने में देर होती तो शायद इससे बड़ी घटना हो सकती थी। बख गांव में संचालित शिशु और नारी निकेतन में बच्चे, महिलाएं और कर्मियों सहित 40 से अधिक लोग निवास करते हैं। संस्थान के नजदीक आग पहुंचने पर सभी में दहशत का माहौल रहा। आग इतनी भीषण थी कि फायर सर्विस की टीम को इस पर काबू पाने के लिए नौ हजार लीटर पानी खर्च करना पड़ा। बख स्थित शिशु निकेतन तक जंगल की आग पहुंचने की सूचना के बाद टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने आग पर काबू पाया। यहां रह रहे बच्चे सुरक्षित स्थान पर पहुंचे इससे बड़ी घटना होने से बच गई।

## मामी को ब्लैकमेल कर किया दुष्कर्म, भाजपा कार्यकर्ता पर केस दर्ज; चार साल पहले भी जेल जा चुका है



**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में एक भाजपा कार्यकर्ता पर मुंह बोली मामी का अश्लील वीडियो बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। रुद्रपुर ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में एक भाजपा कार्यकर्ता पर मुंह बोली मामी का अश्लील वीडियो बनाकर दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने महिला की तहरीर पर आरोपी पर केस दर्ज किया है। आरोपी पूर्व में भी एक युवती से दुष्कर्म के मामले में जेल जा चुका है और वह ठाकुरनगर वार्ड से पार्षद का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके पति राजमिस्त्री हैं और वह सिडकुल की एक कंपनी में काम करती है। ठाकुरनगर का रहने वाला सुरेश विश्वास उसे मामी और पति को मामा कहता है। सुरेश का उनके घर आना-जाना था। इस दौरान सुरेश ने उसका नहाते हुए वीडियो बना लिया था। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर सुरेश उसके साथ सात साल से कई जगहों पर ले जाकर दुष्कर्म कर रहा है। सुरेश पति और दो बच्चों को जान से मारने की धमकी देता है। आरोपी ने मासिक धर्म के दौरान भी उसके साथ दुष्कर्म किया था। उसने मोबाइल में सुरेश का नंबर ब्लॉक कर दिया तो वह अलग-अलग नंबरों से उसके पति के नंबर पर फोन कर बात कर मिलने का दबाव बनाता है। एक महीने पहले वह घर से दवा लेने जा रही थी। इस दौरान सुरेश ने उसे जबरन ऑटो में बिठाकर मारपीट की। उसकी वीडियो बनाकर बदनाम करने के मकसद से कई लोगों को भेज दी। परिवारवालों तक वीडियो पहुंची तो उसने पति को सारा सच बता दिया। कहना है कि सुरेश ने उसकी जिंदगी बर्बाद कर दी है। वह आए दिन उसको धमकाकर दुष्कर्म करता रहता है। वह खुद को भाजपा नेता और अधिवक्ता बताता है। एसएचओ भारत सिंह ने बताया कि आरोपी सुरेश के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। सुरेश वर्ष 2020 में दुष्कर्म के आरोप में जेल जा चुका है।

## व्यापारियों ने क्लीयरिंग बॉक्स से चोरी चेक के मामले में प्रबंधक को घेरा



**रुद्रपुर, एजेंसी।** 18 दिन पहले बैंक में लगे क्लीयरिंग ड्रॉप बॉक्स से चेक चोरी होने के मामले में राहत नहीं मिलने से व्यापारी भड़क गए। उन्होंने बैंक प्रबंधक का घेर कर विरोध जताया। व्यापारियों ने आरोपी पर कार्रवाई और चेक से हड़पी रकम वापसी की मांग को लेकर प्रबंधक के केबिन में सांकेतिक धरना भी दिया। प्रबंधक के आश्वासन के बाद व्यापारी धरने से उठे। शुक्रवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा के नेतृत्व में व्यापारी अग्रसेन चौके के पास स्थित एक बैंक पहुंचे। व्यापारियों ने प्रबंधक ललित आर्या का घेराव किया। जुनेजा ने कहा कि बीती तीन जून को बिलासपुर जिला रामपुर, यूपी की एक बैंक के खाताधारक आरके ग्लास स्टोर के गुरमेल सिंह ने एक लाख रुपये का चेक दिया था जो यहां की बैंक के क्लीयरिंग बॉक्स में डाला था जिसे किसी अनजान व्यक्ति के सुपुर्द कर दिया गया। उस व्यक्ति ने धोखाधड़ी कर एनईएफटी के जरिये यूको बैंक में ट्रांसफर करवा लिया। कहा कि इस मामले को 18 दिन बीत गए लेकिन अभी व्यापारी के ठगे गए रुपये वापस नहीं मिले। इस पर प्रबंधक ने बिलासपुर बैंक से पत्र मंगाने की बात कही तो व्यापारी भड़क गए और प्रबंधक से तत्काल रुपये वापस दिलाने की मांग करने लगे। व्यापारियों ने प्रबंधक के कक्ष के सामने सांकेतिक धरना दिया। इस पर प्रबंधक ने 15 दिन के भीतर व्यापारी की रकम दिलाने का लिखित आश्वासन देकर व्यापारियों को धरने से उठाया। व्यापार मंडल के अध्यक्ष जुनेजा ने चेतावनी दी कि अगर 15 दिन में व्यापारी के चेक से निकाली गई रकम वापस न मिली तो बैंक के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर आंदोलन किया।

### अल्मोड़ा अर्बन बैंक के सीईओ पर वित्तीय अनियमितता का आरोप

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** अल्मोड़ा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक के सीईओ पर गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। पीड़ति की शिकायत पर शुक्रवार को पुलिस ने सीईओ सहित अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक हल्द्वानी लामाचौड़, पूरनपुर नैनवाल निवासी विपिन चंद्र पांडे ने तहरीर सौंपी है। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक में व्याप्त अनियमितताओं के खिलाफ निबंधक कार्यालय सहकारी समिति उत्तराखंड और सीएम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के बाद बैंक सीईओ पीसी तिवारी की ओर से सुलह समझौते के लिए कई बार अपने एजेंटों के माध्यम से प्रस्ताव भेजे जो उन्होंने नहीं माने और उन्हें धमकी दी गई। आरोप है कि इस दौरान सीईओ तिवारी ने हल्द्वानी में घटना को दर्शाते हुए उनके खिलाफ अपने क्षेत्र के न्यायालय में मानहानि का वाद दायर कर दिया। जांच को रुकवाने का दबाव बनाने के लिए उन्होंने न्यायालय में स्वयं के अस्वस्थ होने का झूठा प्रार्थना पत्र दिया, जबकि वह अपने कार्यालय में मौजूद थे। आरोपी तिवारी ने जांच अधिकारी रोहित चंद्र दुमका और सहयोगी चंद्र प्रकाश के साथ साजिश रच कर उन्हें प्रधान कार्यालय बुलाया। पांच फरवरी को वह प्रधान कार्यालय पहुंचे तो यहां आरोपियों और बैंक कर्मियों ने उनके साथ अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। वह बमुश्किल वहां से निकले। उन्होंने पुलिस में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## बाघिन-शावक को देखने फाटो जोन की बढ़ी मांग, छह हजार रुपये फुल डे जिप्सी के लिए खर्च कर रहे पर्यटक

**नैनीताल, एजेंसी।** तराई पश्चिमी वन प्रभाग का फाटो जोन इन दिनों पर्यटकों की पसंद बना हुआ है। पर्यटक इस जोन में बाघिन व उसका शावक देखना चाहते हैं। पर्यटकों की पसंद को देखते हुए विभाग की ओर से दस जिप्सियों को फुल-डे सफारी के लिए लगाया है। तराई पश्चिमी वन प्रभाग का फाटो जोन इन दिनों पर्यटकों की पसंद बना हुआ है। पर्यटक इस जोन में बाघिन व उसका शावक देखना चाहते हैं। पर्यटकों की पसंद को देखते हुए विभाग की ओर से दस जिप्सियों को फुल-डे सफारी के लिए लगाया है। वर्ष 2022 में फाटो जोन को पर्यटकों के लिए खोला गया था। पर्यटन जोन में पर्यटकों के लिए ट्री हाउस, मड हाउस बनाए गए, जो पर्यटकों को लुभा रहे हैं। फाटो जोन में अब तक 215947 पर्यटकों ने जंगल सफारी की। इन पर्यटकों से विभाग को पांच करोड़ सोलह लाख रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। पर्यटन जोन में पिछले छह माह से एक बाघिन अपने शावक को बचाने की जद्दोजहद कर रही है। नर बाघ से शावक को बचाने के लिए उसने फेक मेटिंग भी की। अब भी वह शावक को बचाने के लिए जद्दोजहद कर रही है। इसी को देखने के लिए यहां पर्यटकों संख्या बढ़ गई हैं।

ऐसे में विभाग की ओर से दस फुल डे जिप्सी सफारी शुरू की गई। इसके तहत पर्यटक सुबह छह बजे पर्यटन जोन में सफारी को जाएंगे, जो शाम को छह बजे तक जोन में जंगल सफारी करेंगे। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के डीएफओ प्रकाश चंद्र आर्य ने बताया कि फुल डे सफारी में 10 जिप्सियां पर्यटन जोन में जा रही हैं। पर्यटक फुल डे सफारी के लिए छह हजार रुपये खर्च कर रहे है। बाघिन व उसके शावक पर वन कर्मियों की नजरें हैं।

## निकाह में ढोल बजाया तो पंचायत ने कर दिया सामाजिक बहिष्कार

**जसपुर, एजेंसी।** मुस्लिम छीपी वेलफेयर सोसाइटी की पंचायत का नियम तोना दो परिवारों को महंगा प गया। पंचायत ने दोनों परिवारों का अनिश्चितकाल के लिए सामाजिक बहिष्कार कर दिया। पंचायत की ओर से नगर में मुनादी कराकर बाकायदा लोगों को इसकी सूचना दी गई। मुस्लिम छीपी वेलफेयर सोसाइटी के सदर हाजी अनीस अहमद ने बताया कि पिछले 19 वर्षों से सोसाइटी बिरादरी के लिए सामाजिक कार्य कर रही है। शादी-ब्याह में फिजूल खर्च एवं बेजा रस्मों पर पंचायत ने पाबंदी लगाई हुई है। इसमें ढोल न बजाना भी शामिल है। मोहल्ला जटवारा निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री का निकाह मोहल्ला चौहानान निवासी युवक के साथ तय किया था। बीते दिवस विवाह समारोह में दोनों परिवारों ने जमकर ढोल बजाया जो बिरादरी की पंचायत के फैसले के खिलाफ था। मना करने के बाद भी दोनों परिवार नहीं माने। दोनों परिवारों को नोटिस जारी कर अपनी बात रखने का मौका दिया जाए। उसके बाद भी दोनों परिवार बैठक में नहीं आए। तब बिरादरी के पंचों ने फैसला लिया कि दोनों परिवारों के यहां किसी भी तरह के शादी-ब्याह के कार्यक्रम में बिरादरी का कोई भी व्यक्ति शिरकत नहीं करेगा और न ही दोनों परिवारों को अपने यहां बुलाया जाएगा।बैठक में सदर हाजी अनीस अहमद, नायब सदर हाजी मोहम्मद अकरम अतीकुर रहमान रहबर, हाजी बाबू रहमतुल्लाह, मुबीन अहमद, मोहम्मद राशिद आदि मौजूद रहे।

## अल्मोड़ा में हजारों लोगों ने निरोग रहने के लिए किया योग

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस धूमधाम से मनाया गया। नगर के साथ ही जिले के विभिन्न स्थानों पर हजारों लोगों ने निरोग रहने के लिए योग किया। नगर के ऐतिहासिक मल्ला महल में मुख्य अतिथि उत्तराखंड श्रम सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष कैलाश पंत ने कहा कि स्वयं भी योग करें और दूसरों को भी योग के लिए प्रेरित करें। डीएम विनीत तोमर ने कहा कि योग शरीर को निरोगी बनाता है। उन्होंने जिले के लोगों को योग दिवस की बधाई दी। शुक्रवार को जिले में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। रानीखेत, सल्ट, द्वाराहाट, भिकियासैंण, सोमेश्वर, भतरौंजखान, चौखुटिया, भैंसियाछाना, धौलादेवी, लमगड़ा, जैंती आदि हिस्सों में सरकारी, निजी संस्थानों और विद्यालयों में हजारों लोगों और विद्यार्थियों ने योग किया।मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तराखंड श्रम सलाहकार बोर्ड के अध्यक्ष कैलाश पंत ने किया। डीएम विनीत तोमर ने कहा कि योग को हमें अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए, ताकि हम स्वस्थ और निरोगी रह सकें। इस दौरान बड़ी संख्या में पहुंचे स्थानीय लोगों, कर्मियों और विद्यार्थियों ने योग किया।

## दो नाबालिग छात्राएं लापता, बनभूलपुरा थाने में हंगामा

**नैनीताल, एजेंसी।** हल्द्वानी क्षेत्र निवासी दो नाबालिग छात्राएं लापता हो गई हैं। परिजनों ने मोहल्ले के ही एक किशोर पर छात्राओं को भगाने का आरोप लगाया है। हल्द्वानी क्षेत्र निवासी दो नाबालिग छात्राएं लापता हो गई हैं। परिजनों ने मोहल्ले के ही एक किशोर पर छात्राओं को भगाने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को छात्राओं के परिजनों और लोगों ने बनभूलपुरा थाने में करीब एक घंटे तक थानाध्यक्ष का घेराव किया। पुलिस ने छात्राओं की सकुशल बरामदगी का आश्वासन देकर लोगों को शांत कराया। जानकारी के अनुसार निजी स्कूल में पढ़ने वाली कक्षा 11 की 15 वर्षीय और उसी के घर में किराये पर रहने वाली कक्षा नौ की छात्रा बृहस्पतिवार शाम से लापता हैं। परिजनों का आरोप है कि मोहल्ले के ही एक नाबालिग लड़के ने दोनों छात्राओं को अपनी बातों में फंसाया और मंगलपड़ाव से मैजिक में बैठाकर उन्हें लालकुआं ले गया। आशंका है कि वहां से दोनों को यूपी के बदायूं लेकर अपने रिश्तेदार के यहां चला गया। परिजनों का आरोप है कि उक्त किशोर ने एक छात्रा के भाई को धमकी भी दी थी जिससे उन्हें अपनी बेटियों की ज्यादा चिंता सता रही है। इधर मामले की जानकारी मिलने पर गौरक्षकों ने जोगेंद्र राणा के नेतृत्व में शुक्रवार को परिजनों के साथ बनभूलपुरा थाना पहुंचकर नारेबाजी की और किशोरियों की सकुशल बरामदगी की मांग करते हुए आरोपी पर सख्त कार्रवाई की मांग की। इधर बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी ने आक्रोशित लोगों को आश्वासन दिया कि जल्द ही छात्राओं को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा। छात्राओं की तलाश में टीम यूपी भेजी गई है, जिस पर लोग शांत हुए।



# संत कबीर के 626 वें प्रकटोत्सव दिवस के अवसर पर डीयू कैम्पस में कार्यक्रम आयोजित किया गया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

फोरम ऑफ एकेडेमिक्स फॉर सोशल जस्टिस (शिक्षक संगठन) के तत्वाधान में शनिवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का विषय संत कबीर आज क्यों प्रासंगिक हैं था। मध्ययुगीन भक्तिकाल में ज्ञानमार्गी निर्गुण भक्ति शाखा के प्रमुख कवि, सामाजिक क्रांति के अग्रदूत, महान संत कबीर साहेब के 626 वें प्रकटोत्सव दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तदुपरांत परिचर्चा में समाजसेवियों, कबीर पंथ के अनुयायियों, एवं विभिन्न विद्वानों ने कबीर साहेब पर अपने महत्वपूर्ण विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता फोरम के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रोफेसर के.पी. सिंह, डॉ. वी.के. कटारिया, राज कुमार, डॉ. सुरेंद्र सिंह, घनश्याम भारती, पल्लवी प्रियदर्शनी, प्रसून पाटिल आदि ने भी कबीर साहेब पर अपने विचार रखे। मंच संचालन शोधार्थी अविनाश ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ. हंसराज सुमन ने कहा कि आज के समय में कबीर साहेब ज्यादा प्रासंगिक हैं। कबीर साहेब की वाणियों में समता मूलक समाज का मार्गदर्शन है। आज



जनसामान्य में अपरिचय एवं अलगाव की भावना जिस तरह से पनपती रही है, उससे बचने का एक ही उपाय है कि कबीर साहेब की वाणियों को पढ़ा जाए और मनन किया जाए। इस संदर्भ में उन्होंने आगे कहा कि आज जिस तरह से समाज में विद्वेष, अत्याचार, पाखंड, अंधविश्वास, छल-कपट, आडम्बर, बाजारवाद, वस्तुवाद आदि भावनाएँ तेजी से पनप रही हैं, यह सब मनुष्य को असामाजिकता की ओर ले जाने वाली स्थितियाँ हैं। कबीर साहेब के विचार इन सब का बहिष्कार करते हैं। नये समाज के इस चुनौतीपूर्ण वातावरण को कबीर साहेब के विचारों को आत्मसात करके ही खत्म किया जा सकता है। डॉ. सुमन ने आगे कहा कि कबीर साहेब ने मानवता विरोधी धारणाओं का खुलकर विरोध किया। चाहे वह जाति व्यवस्था हो, उच्च-नीच की भावना हो, धार्मिक पाखंड और रूढ़ियाँ हों, मनुष्य का शोषण हो, शासन का अत्याचार हो उन्होंने हर एक अमानवीय प्रवृत्ति का जोरदार विरोध किया। डॉ. सुमन ने अपने संबोधन में कहा कि कबीर साहेब एक बड़े समाज सुधारक थे, उनके समय में शासक वर्ग अत्यंत क्रूर और निर्दयी था। कबीर साहेब ने जनता को एक जुट करने का साहस दिखाया। यही कारण था कि वे शासकों का कोपभाजन बने रहे। उन्होंने बताया कि कबीर साहेब भारत के एकमात्र ऐसे संत कवि हैं जो दुनिया के सभी विश्वविद्यालयों में पढ़ाए जा रहे हैं। कबीर साहेब युग प्रवर्तक हैं, उनके विचारदर्शन स्वस्थ समाज का मार्गदर्शन करते हैं उन्हें हरेक व्यक्ति को जीवन में उतारना चाहिए।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता प्रोफेसर के. पी. सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि कबीर साहेब महान दार्शनिक थे। वे संत होने के साथ-साथ विगलित होते भारतीय समाज के मार्गदर्शक भी थे। कबीर साहेब स्वतंत्र विचारक और स्पष्टवादी थे। हृदय से साफ थे जो भी गलत देखते उसका विरोध करते थे। इसीलिए लोग उन्हें अक्खड़ भी कहते थे। वे एक बेहतर समाज के निर्माण का स्वप्न देखते थे। कबीर साहेब ऐसे अमर देश की संकल्पना करते हैं जहाँ धर्म, जाति, छूत-अछूत, ऊँच-नीच, अमीर-गरीब का भेदभाव न हो। उनका पद है—हृजहाँ से आयो अमर वह देसवाढ़ पूरे पद में उनके समाजदर्शन का स्वप्न दिखाई देता है। कबीर साहेब अंधविश्वास, पाखण्ड और आडम्बर का खुलकर विरोध करते हैं। कबीर साहेब मूर्तिपूजा और नमाज को ढोंग मानते थे। वे मानवता को सर्वोपरि मानते थे, इसी को भक्ति और उपासना कहते थे। कबीर साहेब कर्म के पुजारी थे, बुनकर जाति के थे, बुनाई से अर्थोपार्जन करते थे। कबीर साहेब मनुष्य के आचरण की शुद्धता और सादगी पर बल देते थे।

उनका मानना था कि सदाचार और सद्गुणों से ही स्वच्छ समाज का निर्माण हो सकता है। कबीर साहेब ने अपने विचार आम बोलचाल की भाषा में व्यक्त किए हैं। उनका मानना है कि लोगों तक अपने विचार पहुचाने के लिए उन्हीं की भाषा में बातचीत करनी चाहिए। सुसंस्कृत भाषा लोगों से दूरी बनाती है। वे विचारों के आदान प्रदान के लिए सरल प्रवाहमय भाषा को आवश्यक मानते हैं। इसीलिए वे संस्कृत भाषा की आलोचना करते हुए कहते हैं कि हृसंस्कृत है कूप जल भासा बहता नीरढ़। कबीर साहेब कर्मकर भारतीय समाज और संस्कृति का प्रतिनिधित्व करते हैं। उनमें बुद्ध का मानवतावादी दर्शन और नाथपंथ की सामाजिक एकता का प्रयास दोनों दिखाई देता है। कबीर साहेब इसीलिए प्रासंगिक हो रहे हैं क्योंकि आज के भारतीय समाज को मानवीय और सामाजिक एकता के सूत्र में बांधे रखने की जरूरत है। वक्ता के रूप में पल्लवी प्रियदर्शनी ने कबीर साहेब को याद करते हुए कहा कि कबीर साहेब अहंकार विरोधी थे। उनका समाज दर्शन सर्व समभाव का था। उनके विचारों में स्पष्ट है कि मनुष्य को अहंकार और उच्चता का मनोविकार त्याग देना चाहिए। कबीर साहेब अपने समय में जितने लोकप्रिय थे आज भी उतने ही लोकप्रिय हैं। बाबा साहेब अंबेडकर ने कबीर साहेब को अपना आदर्श इसीलिए माना था कि कबीर साहेब सामाजिक भेदभाव और अलगाववाद के विरोधी थे। उन्होंने आगे कहा कि कबीर साहेब मानवीय प्रेम को श्रेष्ठ गुण मानते थे, वे कहते थे कि एक-दूसरे के प्रति मानवीय भावना ही मनुष्यता है। कार्यक्रम के अंत में डॉ. हंसराज सुमन ने कबीर साहेब के दोहों, साखियों और पदों का गायन किया।

# भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने की राष्ट्रपति से नीट परीक्षा रद्द करने की मांग



प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) शाखा स्योहारा ने नीट परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन खंड विकास अधिकारी ब्लाक बुढ़नपुर स्योहार रामकुमार को सौंपा। भारती कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी शाखा शिवहर ने राष्ट्रपति को ज्ञापन के माध्यम से बताते हुए उल्लेखित ज्ञापन में उल्लेखित किया कि आज बुद्धिजीवी, साहित्यकार तथा लेखक भी वर्तमान शिक्षा प्रणाली की कमियों को अपने-अपने लेखों के द्वारा उजागर कर रहे हैं और हुई इस त्रुटिपूर्ण नीट की परीक्षा की व्यवस्था के बारे में भी बता रहे है कि किस तरह छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। यदि नीट की परीक्षा को रद्द नहीं किया गया तो धोखे से आयोग्य छात्रों के डॉक्टर के बाद उनके द्वारा रोगियों को किया जाने वाला इलाज लाभप्रद ना होकर हानिपूर्ण होगा ऐसा होने पर भविष्य में करोड़ों लोगों की जान से खिलवाड़ करना होगा। पार्टी ने महामहिम राष्ट्रपति महोदया से नीट परीक्षा को रद्द करने के साथ साथ अनेक मांगे उल्लेखित की जिसमें नीट (2024) की परीक्षा को रद्द करते हुए पुनः नीट की पारदर्शी परीक्षा कराई जाए, नीट परीक्षा में गड़बड़ी करने वाले दोषियों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई करा कर सख्त से सख्त सजा दिलाई जाए, अलीगढ़ में मुस्लिम एवं दलित युवाओं की हत्या करने वालों को फाँसी की सजा दिलाई जाए और भाईचारा कायम कराया जाए, करने वाले के परिवारों को एक-एक करोड़ रूपया तथा एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाई जाए जैसी अनेक मांगे की गई इस मौके पर मुख्य रूप सेज्ञापन देने वालो में शाखा मंत्री कामरेड इसरार अली चौधरी एडवोकेट, कामरेड खलील अहमद, वरिष्ठ कामरेड तैयब हुसैन, चौधरी मशहूर अली एडवोकेट, चौधरी जरीफ अहमद ,मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद जाबिर ,इंद्र कुमार शर्मा कन्हैयालाल ,राजवीर सिंह, दौलत सिंह, अनवार अहमद, कामरेड मतलब अहमद आदि उपस्थित थे।

# संजय सागर बने यूनिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष

प्रात: किरण संवाददाता

स्योहारा। यूनिटी प्रेस क्लब स्योहारा की ओर से संगठन के सभी पत्रकारों की सर्वसम्मति से संजय सिंह सागर को निर्विरोध यूनिटी प्रेस क्लब का अध्यक्ष चुना गया। संजय सागर की पत्रकारिता के प्रति लग्न व कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए यूनिटी प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्यों ने सर्व सम्मति से संजय सिंह सागर को अध्यक्ष पद के लिए चुना वहीं पूरी कमेटी में फेर बदल करते हुए। महफूज गाजी, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद रईस पाशा को संरक्षकगण बनाया गया।



इमरान उसमानी को महामंत्री, जफर इकबाल एडवोकेट को उपाध्यक्ष एवं कानूनी सलाहकार,जुबैर हसन उर्फ अर्शी को कोषाध्यक्ष, डॉ इश्तियाक अली को प्रवक्ता,मोहम्मद अजहर को मीडिया प्रभारी,कफील अब्बासी प्रचार मंत्री व जुनैद अहमद चौधरी प्रचार मंत्री व मोहम्मद उमेर को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। अरुण कुमार श्रीवास्तव, शीशराम सिंह, सतीश सैनी को सदस्य चुना गया। इस अवसर पर सभी उपस्थित सदस्यों ने मिठाई खिला कर एक दूसरे को मुबारकबाद दी।

# फिल्म स्पेशल 26 की तर्ज पर ज्वैलर के घर में डकैती, क्राइम ब्रांच ने आरोपी को पलवल से दबोचा

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने 37 साल के एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने 2017 में करोल बाग इलाके के एक ज्वैलर के घर में डकैती की थी। आरोपी को 2020 में पैरोल पर 7 दिन की अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया था लेकिन तब से ही वह फरार चल रहा था। आरोपी की पहचान नरेंद्र कुमार (37) के रूप में हुई है जो कि मूल रूप से हरियाणा के पलवल का रहने वाला है। आरोपी का छोटा भाई पहले से ही पड़ोस में हुए झगड़े और मर्डर के मामले में फरीदाबाद जेल में बंद है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी अमित गोयल के मुताबिक 26 जुलाई 2017 को दोपहर तकरीबन 1:45 बजे, करोल बाग इलाके में एक घर में दिनदहाड़े डकैती हुई थी। शिकायतकर्ता ने बताया था कि वह एक गृहिणी हैं और अपने परिवार के सदस्यों के साथ घर पर रहती हैं। उनके पति और ससुर की चांदनी चौक में ज्वेलरी की दुकान है। जिस वक्त यह घटना घटी थी वह अपने बेटे और सास के साथ घर पर मौजूद थीं। शिकायतकर्ता की देवरानी किसी काम से थर्ड फ्लोर पर गई थी। इस बीच घर के दरवाजे की घंटी बजी और उसने देखा कि बाहर पुलिस की वर्दी में एक शख्स खड़ा है। साथ ही तीन लोग सिविल ड्रेस में उनके गेट




के बाहर खड़े हैं। पुलिस की वर्दी में मौजूद व्यक्ति ने उसे बताया कि वे सीबीआई अधिकारी हैं और गेट खोलने के लिए कहा। जब उन्होंने गेट खोला तो वे घर में घुस आए और उनमें से एक ने उनके बेटे को उठाया और उसके सिर पर बंदूक तान दी। उन्होंने उसकी सास के हाथों को दुपट्टे से बांध दिया और उसके मुंह पर टेप लगा दी।उनमें से एक ने उसके ऊपर पैर रख कर उसे पकड़ लिया और सारे पैसे और गहने उन्हें सौंपने की धमकी दी। महिला ने उन्हें आलमारी की चाबियां सौंप दीं। आरोपी पैसे और गहने खोजने लगे। जब यह सब चल रहा था, तो उसकी देवरानी तीसरी मंजिल से नीचे आईं। उन्होंने खिड़की से देखा कि घर में सभी को बंधक बना लिया गया है। वह दरवाजा पीटने लगीं और चोर-चोर चिल्लाने लगी। इसके बाद हमलावर गहने और एक मोबाइल फोन लेकर भाग गए।पुलिस ने इसको लेकर मामला दर्ज कर लिया और जांच में जुट गई। आरोपी नरेंद्र कुमार को वर्तमान मामले में पहले गिरफ्तार किया गया था और वह 2020 तक जेल में था। उसे अपनी पत्नी की मेडिकल स्थिति की वजह से 23 जून 2020 को 7 दिनों की अंतरिम जमानत पर रिहा किया गया था, लेकिन वह पैरोल से बाहर आने के बाद से बाहर है और सरेंडर नहीं किया था। वह तभी से फरार चल रहा था। पैतृक गांव पलवल से पकड़ा गया आरोपी इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के लिए एसीपी रमेश लांबा के सुपरविजन में इंस्पेक्टर मनमीत मलिक के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया और आरोपी के बारे में जानकारी एकत्र की गई। टीम ने उसके पैतृक गांव पलवल में छापेमारी की लेकिन वह घर पर नहीं मिला। परिजनों ने बताया कि वह यहां नहीं आता है। इसके बाद पुलिस ने दो दिनों तक उसके घर के पास डेरा डाले रखा और हर आने जाने वाले पर पूरी नजर रखी। बताया जाता है कि गिरफ्तारी से 5-6 दिन पहले ही वह एक फाइनेंशियल सेटलमेंट को लेकर पलवल आया था और घर के पास ही घेर में छुप कर रह रहा था जहां पुलिस ने छापेमारी कर उसको दबोच लिया।

# हर्ष मल्होत्रा के मंत्री बनने से पंजाबी समाज में नया उत्साह : चरणजीव मल्होत्रा



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

समाजसेवी और कोरोना योद्धा चरणजीव मल्होत्रा ने हाल ही मं हर्ष मल्होत्रा को सांसद और केंद्रीय मंत्री बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। हर्ष मल्होत्रा की इस सफलता पर अपने विचार साझा करते हुए चरणजीव मल्होत्रा ने कहा कि हर्ष मल्होत्रा के मंत्री बनने से पंजाबी समाज में एक नया उत्साह और उमंग पैदा होगा।

चरणजीव मल्होत्रा, जो कि समाजसेवा और कोरोना महामारी के दौरान अपने योगदान के लिए जाने जाते हैं, ने कहा कि हर्ष मल्होत्रा की नियुक्ति न केवल पंजाबी समाज के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह पूरे देश के लिए भी एक महत्वपूर्ण क्षण है। उन्होंने कहा कि हर्ष मल्होत्रा के सांसद और केंद्रीय मंत्री बनने से न केवल पंजाब का प्रतिनिधित्व बेहतर होगा, बल्कि उनकी नीतियों और विचारों से देशभर में सकारात्मक परिवर्तन आएंगे।

चरणजीव मल्होत्रा ने अपने बयान में कहा, हर्ष मल्होत्रा की इस उपलब्धि पर हमें गर्व है। उनका सांसद और केंद्रीय मंत्री बनना पंजाबी समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत होगा। उनकी नियुक्ति से पंजाबी समुदाय में एक नई ऊर्जा और जोश का संचार होगा। हमें विश्वास है कि वह अपने पद का निर्वहन निष्ठा और कर्तव्यपरायणता से करेंगे और समाज के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे।

चरणजीव मल्होत्रा ने अंत में कहा कि हर्ष मल्होत्रा की सफलता से पंजाबी युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी और वे भी अपने समाज और देश के विकास में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। उन्होंने हर्ष मल्होत्रा के साथ मोदी 3.0 के सभी केंद्रीय मंत्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पंजाबी समाज के कई प्रमुख लोग भी मौजूद थे जिन्होंने हर्ष मल्होत्रा की इस उपलब्धि की सराहना की और उन्हें बधाई दी। यह क्षण न केवल हर्ष मल्होत्रा के लिए बल्कि पूरे पंजाबी समाज के लिए गौरव का विषय है।

## प्रशिक्षण देकर 53 युवाओं को नौकरी दिलाई

ग्रेटर नोएडा। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) ने प्रोजेक्ट संकल्प कौशल और आजीविका कार्यक्रम के तहत 53 युवाओं को प्रशिक्षण देकर नौकरी दिलाई। पहले रोजगार मेले में 10 कंपनियों की एचआर टीम पहुंची। राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सहयोग से एनपीसीएल ने प्रोजेक्ट संकल्प : कौशल एवं विकास के तहत क्षेत्र के खानपुर गांव में कौशल विकास केंद्र की स्थापना की है। इसका मकसद स्थानीय युवाओं को सशक्त बनाना है। गरीब परिवारों के युवाओं को तीन प्रमुख व्यवसायों डेटा एंट्री ऑपरेटर, असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन और रिटेल सेल्स एसोसिएट के लिए तैयार किया जाता है। प्रथम चरण में करीब 300 युवाओं को रोजगार दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रशिक्षण के बाद शुक्रवार को आयोजित पहले रोजगार मेले में 167 उम्मीदवारों में से 53 युवाओं को चुनिंदा कंपनियों में नौकरी मिली। इसके अलावा 63 युवाओं को दूसरे चरण के साक्षात्कार के लिए चुना गया।

# शंखनाद की प्रतियोगिता कराई गई मानसरोवर पार्क में : पंकज शर्मा

नई दिल्ली। परम शक्ति सेवा संस्था के तत्वाधान में प्रातः 7 बजे से 9 बजे तक वीर सावरकर पार्क निकट मदर डेयरी मानसरोवर पार्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें लगभग सैकड़ो योग मित्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर संस्था के योग गुरु डॉ. रामनिवास शर्मा के दिशा निर्देश में सामुहिक योगाभ्यास कराया गया। तदोपरांत शंखनाद की प्रतियोगिता कराई गई। और शंख बजाने के फायदे बताए। योग गुरु जी ने किस आसन से क्या फायदा होता है यह भी बताया। योग गुरु नें घोषणा करते हुए बताया कि आगामी माह नवंबर में पवन मुक्तासन की ओपन प्रतियोगिता कराई जायेगी। योगासन तथा शंखनाद की प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को परम शक्ति की वार्षिक आम सभा में सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम के समापन पर विधायक जितेंद्र महाजन व पार्षद चन्द्र प्रकाश शर्मा के कर कमलों द्वारा प्रतिभाशाली योग मित्रों तथा शंखनाद करने वालों को टी-शर्ट भेंट की गई। अंत में संस्था के अध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी योग मित्रों एवं अन्य सभी महापुरुषों का धन्यवाद किया।

## संगम विहार में रोजगार व ट्रेनिंग मेला आयोजित : डॉ. जौली

नई दिल्ली। पूर्व भाजपा विधायक डॉ. विजय जौली के नेतृत्व में संगम विहार रोजगार व ट्रेनिंग मेला आयोजित किया गया। यह प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र (एनएसडीसी-भारत सरकार) अधीन संपन्न हुआ। इस अवसर पर सैकड़ो नौजवानों अपना पंजीकरण करवाया। इस कैंप के प्रमुख एनएसडीसी भारत सरकार की ओर से राजेश शर्मा, गयासुद्दीन व सहयोगी टीम उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 18 से 30 वर्ष की आयु के नौजवान लड़के, लड़कियों व महिलाओं को प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र के अंतर्गत पंजीकृत किया गया। तथा ओखला दिल्ली स्थित प्रशिक्षण केंद्र में ट्रेनिंग के उपरांत रोजगार व स्वयं रोजगार में मदद मिलेगी। डॉ. जौली ने बताया कि इस संगम विहार मेले के तहत सिलाई मशीन आपरेटर, सहायक वेल्डर, सहायक इलेक्ट्रीशियन, एक्सरे टेक्नीशियन, अस्पताल अटेंडेंट, कंप्यूटर प्रोग्रामर, रिटेल ट्रेनी एसोसिएट, होटल मैनेजमेंट सहायक, ब्यूटीपार्लर इत्यादि के लिए पहले प्रशिक्षित किये जायेंगे। तथा बाद में प्रशिक्षितों को रोजगार व स्वयं रोजगार में मदद की जायेगी।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना

सं0 37/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र. सं.:** 1. **कार्य का विवरण:** टनकपुर स्टेशन पर मैकेनाइज्ड लॉउन्ड्री का प्रावधान। **अनुमानित लागत रुपयों में:** रू. 1,24,50,326.69 **बयाना राशि रुपयों में:** रू. 2,12,300/– निविदा प्रपत्र का मूल्य. **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **09 माह**। **क्र. सं.:** 2. **कार्य का विवरण:** इज्जतनगर मंडल में वक्रों पर ट्रैक माउंटेड ऑटोमैटिक गेज फेस ल्यूब्रिकेटर की स्थापना। **अनुमानित लागत रुपयों में:** रु. 4,55,34,706.00 **बयाना राशि रुपयों में:** रु. 3,77,700/– निविदा प्रपत्र का मूल्य. **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **06 माह**। **क्र. सं.:** 3. **कार्य का विवरण:** इज्जतनगर मंडल के 10 एन.जी.टी. स्टेशनों (रुद्रपुर सिटी, काठगोदाम, लालकुआँ, हल्द्वानी, काशीपुर, कन्नौज, कासगंज जंक्शन, बरेली सिटी, पीलीभीत एवं फर्रुखाबाद जंक्शन) पर वाटर फ्लो मीटर की स्थापना। **अनुमानित लागत रुपयों में:** रु. 10,00,000.00 **बयाना राशि रुपयों में:** रू. 20,000/– निविदा प्रपत्र का मूल्य. **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **04 माह**। **1.** ई– निविदा दिनांक **12.07.2024** को **15.00 बजे** तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई– निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी0)

मुजाधि/डबलू–130 इज्जतनगर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# आप नेताओं का न्याय व्यवस्था में विश्वास नहीं : भाजपा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है की यह खेदपूर्ण है की दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज न्यायपालिका को भी अपने राजनीतिक चश्मे से देखते हैं। जो फैसला उनके पक्ष में आता है सौरभ भारद्वाज एवं अन्य आम आदमी पार्टी नेता उसको सत्य की जीत बताते हैं पर ज्यों ही फैसला इनके विपरीत जाने लगता है तो यह न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर प्रश्नचिन्ह लगाने लगते है। आज सौरभ भारद्वाज सहित सभी आप नेता यह सवाल उठाते रहे की राउज एवेन्यू न्यायालय का लिखित आदेश आने से पहले ही ई.डी. बेल रुकवाने दिल्ली उच्च न्यायालय चली गई पर आप नेता यह भूल जाते हैं की उन्होने भी न्यायालय के लिखित आदेश से पहले ही जीत का जश्न मना डाला था। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है की सौरभ भारद्वाज एक संवैधानिक पद पर बैठे मंत्री हैं और उन्हे न्यायपालिका के फैसलों पर टिपण्णी करने से बचना चाहिए।

# न्यायालय के आदेश पर धोखाधड़ी के आरोप में दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

ग्रेटर नोएडा। कंपनी के निदेशक ने दो लोगों पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों पर आवासीय प्लॉट दो बार बेचने का आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। दिल्ली निवासी विवेक कुमार बंसल कंपनी के निदेशक हैं। विवेक कुमार बंसल ने न्यायालय को बताया कि उन्होंने विक्रम सरीन और रमेश पंवार के कहने पर करीब 10 वर्ष पहले हाईवे के किनारे नलगढ़ा गांव के समीप चार आवासीय प्लॉट खरीदे थे। इसके एक वर्ष बाद दोनों आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनके चार प्लॉट किसी अन्य लोगों को बेच दिए गए। पीड़ित निदेशक को जब इस बारे में पता चला तो उन्होंने आरोपियों से संपर्क किया। आरोपियों ने प्लॉटों के बारे में जिक्र करने और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत पीड़ित ने पुलिस से की, लेकिन पुलिस में कोई सुनवाई नहीं हुई। मजबूरन पीड़ित को कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। अब सेक्टर-142 पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली गुरूद्वारा कमेटी ने गुरू हरिगोबिन्द साहिब जी का प्रकाश पर्व श्रृद्धा-सत्कार से मनाया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली सिक्ख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) द्वारा 6वीं पातशाही गुरू हरिगोबिन्द साहिब जी का प्रकाश पर्व श्रृद्धा-सत्कार से मनाया गया। इस अवसर पर कमेटी के भिन्न-भिन्न गुरूद्वारा साहिब में गुरमत समागम हुए और मुख्य समागम गुरूद्वारा मजनू का टीला साहिब में हुआ। इस अवसर पर मजनू का टीला गुरूद्वारे में विशाल गुरमत समागम को संबोधन करते हुए कमेटी अध्यक्ष स. हरमीत सिंह कालका व महासचिव स. जगदीप सिंह काहलों ने कहा कि गुरू हरिगोबिन्द साहिब ने श्री अकाल तख्त साहिब बनाया जिसे पंथ चलाता है और यह पवित्र स्थान भक्ति और शक्ति का सुमेल हैं। यह तख्त सरकारों के अधीन नहीं आता उन्होंने कहा कि गुरू साहिब ने मीरी-पीरी का सिद्धांत हमे दिया। धर्म को स्र्वोच्च रख कर हमें कैसे राजनीति करनी है, यह श्री अकाल तख्त साहिब से प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय में सिक्ख कौम में बहुत असमंझस का समय चल रहा है। श्री अकाल तख्त साहिब खुदमुख्तार रहा है परन्तु आज सिक्ख पंथ के विरोधियो को श्री अकाल तख्त साहिब से माफी भी दी जाती है जो कि बहुत



मंदा है। उन्होंने कहा कि आज श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार को खुदमुख्तार करने के लिए एकजुट होने की आवश्यकता है। इस समय सिक्ख कौम पर बड़ा संकट है जिसको हल करने की जरूरत है। दिल्ली की बात करते हुए उन्होंने कहा कि गुरू हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल हमारे बुजुर्गो ने बनाये जहां सिक्खी का प्रचार-प्रसार किया जाता है। उन्होंने कहा कि बहुत ही मंदी बात है कि पिछले समय में कमेटी ऐसे प्रबंधकों के कब्जे में रही जिन्होंने अपने लोगों को खुश करने के लिए इन स्कूलों के स्टाफ के पिछले बकाया के 90 करोड़ रुपए जारी नहीं किये। स. कालका और स. काहलों ने संगत को अपील की कि कोशिश करो कि अपने बच्चों को गुरू हरिकृष्ण पब्लिक स्कूलों में दाखिला दिलाओ ताकि कौम की यह संस्थाएँ शक्तिशाली होकर उभर सके। उन्होंने कहा कि हमारे से पहले के प्रबंधक दो-दो संगरांद व गुरूपर्व मनाते थे पर हमने सिर्फ श्री अकाल तख्त साहिब को स्र्वोच्च मानते हुए उसके आदेशानुसार ही चलते हैं। उन्होंने जत्थेदार श्री अकाल तख्त साहिब को भी अपील की कि जिन सिद्धांतों पर गुरू साहिब ने श्री अकाल तख्त साहिब की स्थापना की थी, हम आज उन्हीं सिद्धांतों पर चलें। उन्होंने कहा कि भक्ति और शक्ति के सिद्धांत द्वारा गुरू साहिब ने हमें समझाया कि जहां भक्ति की जरूरत है, वहीं पर जहां बेइंसाफी हो रही हो और मानवता का नुकसान हो रहा हो वहां सिक्ख कौम को शमशीर पकड़ने से परहेज नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरू साहिब ने गवालियर के किले में ही बंद राजाओं का भला किया और वहां गुरबाणी का प्रचार-प्रसार किया। स. कालका-काहलों ने कहा कि जब जहांगीर बीमार हो गया और समझ गया कि उसने प्रमात्मा के रूप को किले में कैद रखा है तो उस समय भी गुरू साहिब ने राजाओं पर परउपकार किया और सभी को 52 कलियों का चैला पहन कर रिहा करवाया। उन्होंने कहा कि सिक्ख कौम को सिक्ख कौम को अधिक से अधिक संख्या में अमृतपान करने और नितनेम करने की जरूरत है। जब हम गुरूद्वारा साहिब जाते हैं तो गुरबाणी सुनते हैं, हमें उस गुरबाणी के अनुसार गुरसिक्ख जीवन जीना चाहिए। स. कालका-काहलों ने कहा कि दिल्ली गुरूद्वारा कमेटी धर्म प्रचार के मामले में बहुत बड़े प्रयास कर रही है। धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन जसप्रीत सिंह करमसर के मार्गदर्शन में बच्चों के लिए गुरमत कैंप लगाये गये हैं। हम बच्चों को सिक्ख धर्म की प्रथम व अहम जानकारी देने में सफल रहे हैं। इस वर्ष भी दिल्ली के अलावा हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश में भी ऐसे ही कैंप लगाये हैं जहां बच्चों को गुरसिक्खी जीवन के साथ जोड़ने में सफल रहे हैं।

## सेक्टर-36 में पानी न आने से परेशानी



ग्रेटर नोएडा। सेक्टर 36 में जलापूर्ति बाधित होने के कारण निवासियों को शनिवार सुबह समस्याओं का सामना करना पड़ा। सुबह-सुबह घर में पानी न होने पर लोगों को रोजमर्रा के कार्य में दिक्कत हुई। आरोप है कि आए दिन जलापूर्ति बाधित हो रही है। आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष सुनील नागर ने बताया कि शनिवार सुबह घरों में जलापूर्ति नहीं हुई। जब लोगों ने सुबह उठकर टंकी खोली तो पानी नहीं आया। आए दिन लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ता है। पानी के टैंकर भेजना कोई स्थाई समाधान नहीं है। प्राधिकरण समस्या का स्थाई समाधान नहीं कर रहा।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय

प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली 110001

Mail ID: salenr365@gmail.com

संख्या: 117–एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2024–25 दिनांक: 18.06.2024

नीलामी सूचना सं०–सितम्बर/24

रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेल पथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भारणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे.

सितम्बर' 2024 की ई–नीलामी

| सं० | नीलामी करने वाला डिपो | | समय | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | तृतीय चरण | चतुर्थ चरण | पंचम चरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग/लखनऊ | 0522–2451257 | 10.00 | 2 | 9 | 17 | 23 | 30 |
| 2 | शकुरबस्ती | 011–27015387 | 10.00 | 4 | 11 | 18 | 25 | 30 |
| 3 | जगाधरी | 01732–252388 | 10.00 | 3 | 10 | 17 | 24 | 30 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ | 0522–2234756 | 10.00 | 3 | 10 | 17 | 24 | 30 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर | 01632–244154 | 10.00 | 5 | 12 | 19 | 26 | 30 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अम्बाला | 0171–2611203 | 10.00 | 4 | 11 | 18 | 25 | 30 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद | 0591–2413141 | 10.00 | 5 | 12 | 19 | 26 | 30 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली | 011–23365311 | 10.00 | 2 | 9 | 17 | 23 | 30 |

नोट: नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण www.ireps.gov.in पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे 1. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 2. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण www.nr.railnet.gov.in पर उपलब्ध है। 3. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे बेवसाईट www.ireps.gov.in देखें।

1856/2024 (अनिल कुमार राय) उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एस एवं पी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# दिल्ली में आतिशी के धरना स्थल पर सिविल डिफेंस कर्मियों का हल्लाबोल, नौकरी की मांग को लेकर किया हंगामा

- **नारेबाजी करने वाले वाले लोगों ने बताया कि हमसे हमारे जो रोजगार छीने गए हैं, उसे वापस देने के लिए हमने प्रदर्शन किया है।**



**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर जल मंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं। आतिशी का आरोप है कि हरियाणा दिल्ली को उसके हक का पानी नहीं दे रहा है। इस दौरान धरना स्थल पर शनिवार को जबरदस्त हंगामा हुआ। सैकड़ों की संख्या में सिविल डिफेंस के कर्मचारी वहां पहुंच गए और अरविंद केजरीवाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। सिविल डिफेंस कर्मचारियों का आरोप है कि पिछले सात-आठ महीने से ये लोग बेरोजगार हैं, उनके पास नौकरी नहीं है, खाने के लिए कुछ नहीं है। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने उन लोगों के साथ मारपीट भी की।

प्रदर्शन करने वाले सिविल डिफेंस कर्मचारियों का कहना है कि आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने हमारे साथ मारपीट की। हम लोगों ने जब अपनी नौकरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया तब हमें भाजपा का गुंडा बताया गया। इन लोगों ने हमारे ऊपर बीजेपी का गुंडा होने का ठप्पा लगाया। कोरोना काल में हम लोगों ने सबसे ज्यादा मेहनत की थी। अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की सेवा की थी, लेकिन आज सरकार हमारी मांगों को अनसुना कर रही है।

आपको बताते चलें बीते साल अक्टूबर में दिल्ली में दस हजार से अधिक सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स की सेवाएं समाप्त कर दी गई थी।

इस दौरान लोगों ने सीएम अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए रोजगार वापस देने की मांग की। नारेबाजी करने वाले वाले लोगों ने बताया कि हमसे हमारे जो रोजगार छीने गए हैं, उसे वापस देने के लिए हमने प्रदर्शन किया है। हम बस मार्शल को बिना मतलब हटाया गया है। हमारे साथ मारपीट की गई, हमें धक्के मारकर बाहर निकाला गया। हम अपने हक की मांग कर रहे हैं।

प्रदर्शन में शामिल लोगों ने आरोप लगाया कि पिछले आठ महीने से दिल्ली सरकार ने इनको बेरोजगार कर रखा है। पहले हमारी सैलरी रोकी गई और फिर हमें नौकरी से निकाल दिया गया। हम लोगों ने सिर्फ अपनी नौकरी फिर से बहाल करने की मांग की है।

अमन ने बताया कि हम बस मार्शल थे, आठ महीने से हमारे पास नौकरी नहीं है। दिल्ली सरकार ने हमारी नौकरी छीन ली, हमें सिर्फ अपनी नौकरी चाहिए। हम भाजपा के लोग नहीं हैं, हम बस मार्शल हैं और अपनी नौकरी के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

सिविल डिफेंस कर्मियों के प्रदर्शन को लेकर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने केजरीवाल सरकार को घेरते हुए कहा कि केजरीवाल सरकार ने सिविल डिफेंस के कर्मचारियों को नौकरी से बाहर निकाला। हम लोगों ने भी उनकी लड़ाई लड़ी थी, आज ये लोग जब अपनी समस्या लेकर इनके पास जा रहे हैं तो इन्हें भाजपा का कार्यकर्ता बता रहे हैं।

# फेफड़े प्रत्यारोपण करने के बाद 14 दिन में मरीज को दिया डिस्चार्ज

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



बेंगलुरु स्थित ग्लेनईगल्स बीजीएस अस्पताल के द्विपक्षीय फेफड़े के प्रत्यारोपण के बाद एक मरीज की सेहत में सुधार देखकर जल्दी डिस्चार्ज दिया गया है। थौरैसिक सर्जरी मरीज के लिए एक अत्याधुनिक इलाज साबित हो रहा है। इंटरस्टिशियल लंग फ़ाइब्रोसिस से पिडित ६२ वर्षीय आनंद कुमार पिछले कुछ महिनों से ऑक्सिजन पर थे। उन्हें चलते और दैनिक गतिविधियां करते समय सांस लेने में तकलीफ होती थी। छाती में संक्रमण के कारण एक महिने में उन्हें दोन बार अस्पताल में भर्ती किया गया था। मरीज को फेफड़े प्रत्यारोपण की जरूरत थी। इसलिए, वह कई महिनों से अंगदान के प्रतिक्षायादीवर थे। सौभाग्य, से समय रहते एक ब्रेनडेड मरीज का फेफड़ा मिला। तुरंत उनकी फेफड़े की प्रत्यारोपण सर्जरी कराई गई। प्रत्यारोपण के बाद मरीज कुछ ही दिन में ठिक हो गया। मरीज की सेहत में सुधार देखकर डॉक्टरों ने उसे सर्जरी के १४ दिन बाद ही डिस्चार्ज दिया।

ग्लेनईगल्स बीजीएस अस्पताल के हार्ट एंड लंग ट्रांसप्लांट प्रोग्राम डायरेक्टर, एचओडी डॉ. अपार जिंदल ने मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहां की, मरीजों का तुरंत इलाज करने उन्हें नई जिंदगी देना हमारा मुख्य उद्देश है। ग्लेनईगल्स बीजीएस अस्पताल के निदेशक, एचओडी कार्डियोथोरेसिक और वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) और हार्ट लंग ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. बालासुब्रमणि गोविनी ने कहां की, मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज करके उन्हें जल्दी डिस्चार्ज देना हमारा मुख्य उद्देश है। पश्चिमी मानकों के बराबर वैद्यकीय सेवा पोहचाने के लिए हम प्रयास कर रहे हैं। डॉ शुभम शर्मा, ट्रांसप्लांट पल्मोनोलॉजिस्ट और डॉ मंजूनाथ पी.एच., इंटरवेंशनल पल्मोनोलॉजिस्ट की विशेषज्ञता और समर्पण का अभिन्न अंग था। बेंगलुरु स्थित ग्लेनईगल्स अस्पताल के क्लस्टर सीईओ बीजू नायर ने कहां की, प्रत्यारोपण सर्जरी के लिए प्रतीक्षा करने वाले मरीजों की जान बचाने के लिए अंगदान करना जरूरी है। और अंगदान के लिए लोगों में इसके महत्त्व के बारे में जागरूकता निर्माण करना आवश्यक है। क्योंकी अंगदान के माध्यम से किसी मरीज की जान बच सकती है। हम अंगदान के बारे जागरूकता बढ़ाने और अधिक लोगों को दाता बनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# सत्याग्रह के नाम पर ढोंग कर रहीं आतिशी, बीजेपी नेता का बड़ा आरोप

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में गहराते पानी संकट को लेकर सियासत अपने चरम पर है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी पानी संकट को लेकर आप नेताओं के साथ मिलकर सत्याग्रह कर रही हैं, जिस पर बीजेपी नेता प्रवीण शंकर ने बड़ा आरोप लगाया है।

प्रवीण शंकर ने वीडियो जारी कर कहा कि आतिशी सत्याग्रह के नाम पर लोगों को बेवकूफ बना रही हैं। एक तरफ जहां केजरीवाल अन्ना हजारे के साथ मिलकर दिल्ली के रामलीला मैदान में चौबीस घंटे सत्याग्रह किया करते थे, वहीं आतिशी रात 11 बजे के बाद गायब हो जाती हैं।

उन्होंने कहा, मैंने अपने राजनीतिक जीवन में अनेकों आंदोलन देखे, अनेकों सत्याग्रह देखे, मगर आज हम गजब का सत्याग्रह देख रहे हैं। यह सत्याग्रह दिल्ली को पानी दिलाने के लिए है या पानी ना दिला पाने के प्रायश्चित के लिए। यह भी समझ नहीं आ रहा है, मगर मजे की बात यह है कि इस सत्याग्रह को लेकर ऐसी जानकारी मुझे मिली है, जिसे अगर मैं आपको बता दूं, तो आपके होश उड़ जाएंगे। मुझे जानकारी मिल रही है कि रात 11 बजे के बाद सारे सत्याग्रही गायब हो जाते हैं, जिसमें आतिशी भी शामिल हैं और अब सुबह के साढ़े 10 बजे जब मैंने एक वीडियो बनाया, तब वहां कोई नहीं था। बीजेपी नेता ने आगे कहा, यह कैसा सत्याग्रह है आतिशी जी? आप ही के पार्टी के अरविंद केजरीवाल ने अन्ना जी के साथ आंदोलन किया था, वो तो एक मिनट भी मंच से गायब नहीं होते थे, यह कैसा सत्याग्रह है? यह कैसा झूठ है? आप किसको धोखा दे रही हैं आतिशी? दिल्ली में पानी संकट को लेकर आतिशी दो दिन से सत्याग्रह कर रही हैं, जिसमें आम आदमी पार्टी के कई नेता शामिल हो रहे हैं। आप का आरोप है कि हरियाणा दिल्ली को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं करवा रहा है। अगर करवा रहा होता तो आज दिल्ली के लोगों को पानी के लिए नहीं तरसना पड़ता। बीजेपी का आरोप है कि दिल्ली के लोगों को तो पर्याप्त मात्रा में पानी मुहैया करवाया जा रहा है, लेकिन दिल्ली सरकार के संरक्षण में पल रहे वाटर टैंकर माफिया की वजह से लोगों को पानी नहीं मिल पा रहा है।

# आतिशी दोपहर और रात को गायब हो जाती हैं, अनशन पर भाजपा ने खड़े किए सवालं

- **गौरतलब है कि भीषण गर्मी के बीच दिल्लीवासियों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है।**
- **लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं।**

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**




राजधानी दिल्ली में जल संकट को लेकर घमासान मचा हुआ है। आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच सियासत जारी है। पानी के मुद्दे पर अनिश्चितकाल के लिए अनशन पर बैठीं जल मंत्री आतिशी पर भाजपा हमलावर हो गई है। भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने आतिशी की भूख हड़ताल पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने इसे ढोंग करार देते हुए कहा, आतिशी जी की भूख हड़ताल भी उतना ही बड़ा ड्रामा है जैसे केजरीवाल जी अपनी ईमानदारी का ढोंग करते हैं। अनिश्चितकालीन सत्याग्रह पर बैठने वाली आतिशी जी दोपहर और रात में गायब हो जाती हैं।

सिरसा ने कहा, अगर आपको सत्याग्रह करना ही है तो टैंकर माफिया के खिलाफ कीजिए। अपने उन विधायकों के खिलाफ भूख हड़ताल पर बैठिए जिन्होंने टैंकर माफिया से दलाली खाई है और दिल्ली के लोगों को पानी के नाम पर लूटे हैं।

उधर रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में दिल्ली के ओखला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में स्थित जल बोर्ड के ऑफिस पर बीजेपी आप के खिलाफ धरना प्रदर्शन कर रही है। रमेश बिधूड़ी के अनुसार दिल्ली जल बोर्ड ने ट्यूबवेल से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए एक समिति बनाने के लिए डीएम को पत्र लिखा है। इसमें एक घर के लिए एक टैंकर उपलब्ध कराने के बजाय 6-7 घरों को एक टैंकर वितरित करने की बात कही गई है, जिससे सभी घरों को समान रूप से जल आपूर्ति हो सके। गौरतलब है कि भीषण गर्मी के बीच दिल्लीवासियों को पानी की किल्लत से जूझना पड़ रहा है। लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए तरस रहे हैं। पानी के मुद्दे को लेकर भाजपा और आप के बीच सियासत चल रही है। जल मंत्री आतिशी शुक्रवार से अनिश्चितकाल के लिए अनशन पर बैठी हैं। आज उनकी भूख हड़ताल का दूसरा दिन है।

आतिशी ने हरियाणा सरकार पर पानी नहीं देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली को 1050 एमजीडी पानी की जरूरत है। 613 एमजीडी पानी हरियाणा से आता है। हरियाणा सरकार ने 28 लाख लोगों का पानी रोक दिया है।

# दिल्ली जल संकट को लेकर रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में बीजेपी नेताओं ने खोला केजरीवाल सरकार के खिलाफ मोर्चा

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी संकट को लेकर सियासत और तेज हो गई है। एक तरफ जहां आम आदमी पार्टी की मंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन धरने पर बैठी हैं, वहीं अब बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने केजरीवाल सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में बीजेपी कार्यकताओं ने शनिवार को पानी संकट को लेकर दिल्ली जल बोर्ड के दफ्तर का घेराव करने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इस दौरान बीजेपी के कई नेताओं की पुलिस के साथ झड़प भी हुई। यही नहीं, पुलिस ने इस दौरान कई कार्यकताओं को वाटर कैनन के जरिए रोकने का प्रयास भी किया।

बीजेपी नेताओं का कहना है कि केजरीवाल सरकार निकम्मी है। सरकार के कुप्रबंधन की वजह से दिल्ली के लोगों को पानी के संकट का सामना करना पड़ रहा है। बीजेपी का कहना है कि केजरीवाल सरकार के निकम्मेपन की वजह से दिल्ली के लोग एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। केजरीवाल सरकार को पता था कि हर साल गर्मी का मौसम आते ही दिल्ली में पानी की किल्लत होती है।

हालांकि, हर साल इससे निपटने के लिए समर एक्शन प्लान तैयार किया जाता है, लेकिन इस बार सरकार ने इस तरह का ऐसा कोई भी प्लान तैयार नहीं किया। पूरे साल सरकार शराब घोटाले के नाम पर राजनीति करती रही, जिससे स्पष्ट है कि इस सरकार को जनता के हितों से कोई लेना-देना नहीं है। आलम यह है कि दिल्ली के लोग एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं।

उन्होंने कहा, दिल्ली सरकार अपनी गलती स्वीकार करने की जगह हरियाणा पर पानी ना देने का आरोप लगा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि हरियाणा की ओर से दिल्ली के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी दिया जा रहा है। मगर दिल्ली सरकार वाटर टैंकर माफिया को पानी उपलब्ध करवा रही है। ऐसा कर वो अपने लिए आर्थिक मुनाफा प्राप्त कर रही है।

बीते दिनों बीजेपी ने दिल्ली जल बोर्ड पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। बीजेपी का कहना था कि दिल्ली सरकार के संरक्षण में जल बोर्ड में घोटाला हुआ है। जनता के हितों को ताक पर रखते हुए निजी टैंकर माफियाओं को आर्थिक मोर्चे पर दिल्ली सरकार फायदा पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

# आतिशी ने बीजेपी पर लगाया अनशन में बाधा डालने का आरोप

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



दिल्ली में जल संकट को लेकर मंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हुई हैं। आतिशी के अनशन का शनिवार को दूसरा दिन है। आतिशी ने इस दौरान बीजेपी पर अनशन में बाधा डालने और हमला करने का आरोप लगाया है।

आतिश का कहना है कि जितनी भी कोशिश कर ली जाए लेकिन यह अनशन नहीं रुकेगा। उनका कहना है कि जब तक 28 लाख दिल्लीवासियों को पीने का पानी मुहैया नहीं करवाया जाता, तब तक यह अनशन ऐसे ही जारी रहेगा। आतिशी ने कहा कि मैं दिल्ली के हक की लड़ाई लड़ रही हूं। आज अनशन में बाधा डालने, हमला करने की कोशिश हुई है। उन्होंने कहा कि इन धमकियों से मैं नहीं डरने वाली, पानी सत्याग्रह तभी रुकेगा जब दिल्लीवासियों को हरियाणा से उनके हक का पानी मिलेगा।

पानी के लिए अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठीं जल मंत्री आतिशी का डॉक्टर्स ने शनिवार को हेल्थ चेकअप किया, जिसमें आतिशी के ब्लड प्रेशर, वेट और शुगर लेवल में गिरावट दर्ज की गई। उन्होंने कहा है कि मुझे चाहे जितने कष्ट सहन करने पड़े, दिल्ली वालों को पानी मिलने तक अनशन जारी रहेगा।

आतिशी के अनिश्चितकालीन अनशन पर आम आदमी पार्टी के नेता दिलीप पांडे ने कहा कि बीजेपी दिल्ली में जल संकट पैदा कर ओछी राजनीति कर रही है। हरियाणा की बीजेपी सरकार दिल्ली के हक का 100 एमजीडी पानी कम दे रही है, जिसकी वजह से दिल्ली के 28 लाख लोग प्यास से तड़प रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी के सांसद, विधायक और नेता क्या कर रहे हैं? वो पानी की पाइपलाइन काट रहे हैं, दिल्ली जल बोर्ड पर तोड़-फोड़ कर रहे हैं। दूसरी तरफ दिल्लीवालों को उनके हक का पानी दिलाने के लिए दिल्ली की जल मंत्री आतिशी अनिश्चितकालीन अनशन पर कल से बैठी हुई हैं।

# जल संकट को लेकर आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन दूसरे दिन भी जारी

**नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता**



राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट को लेकर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन दूसरे दिन, शनिवार को भी जारी है। दक्षिणी दिल्ली के भोगल में अपने जल सत्याग्रह स्थल से एक वीडियो संदेश में आतिशी ने कहा कि जब तक हरियाणा दिल्ली वासियों के लिए और पानी नहीं छोड़ता, तब तक वह कुछ नहीं खाएंगी। उन्होंने कहा कि शहर में 28 लाख लोग पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं। मंत्री का अनिश्चितकालीन अनशन शुक्रवार को शुरू हुआ और उन्होंने आरोप लगाया कि हरियाणा यमुना नदी में दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ रहा है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को हरियाणा ने 11 करोड़ गैलन प्रतिदिन (एमजीडी) कम पानी छोड़ा। उन्होंने कहा, एक एमजीडी पानी से 28,000 लोगों को जलापूर्ति होती है। 100 एमजीडी पानी की कमी का मतलब है कि दिल्ली में 28 लाख लोगों को पानी नहीं मिल रहा है।

जल मंत्री ने कहा कि दिल्ली को पानी के लिए पड़ोसी राज्यों पर निर्भर रहना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्यों से नदियों और नहरों के जरिए उसे 1,005 एमजीडी पानी मिलता है जिसमें से हरियाणा 613 एमजीडी पानी मुहैया कराता है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली में जारी भीषण गर्मी के बीच हरियाणा कुछ सप्ताह से 513 एमजीडी पानी ही दे रहा है जिस कारण 28 लाख से अधिक लोग प्रभावित हो रहे हैं।

# दिल्ली के एक कारखाने में लगी आग को बुझा दिया गया : अग्निशमन अधिकारी



**प्रात : किरण संवाददाता**

दिल्ली के नांगलोई इलाके में प्लास्टिक बैग बनाने वाले एक कारखाने में लगी आग को छह घंटे के अभियान के बाद शनिवार तड़के बुझा दिया गया। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कारखाने में शुक्रवार रात करीब नौ बजे आग लगी थी, हालांकि, इस घटना में किसी के घायल होने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर शीतलन अभियान जारी है। अधिकारी ने बताया कि कारखाने में आग लगने की सूचना मिलने के बाद दमकल की कम से कम 28 गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और तड़के साढ़े तीन बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार, निलोठी गांव में स्थित कारखाने में रसायन और प्लास्टिक सामग्री रखी होने के कारण आग तेजी से फैल गई थी। उन्होंने बताया कि आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

# स्वाति मालीवाल पर हमले का मामला: अदालत ने बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत छह जुलाई तक बढ़ाई



नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की न्यायिक हिरासत शनिवार को छह जुलाई तक के लिए बढ़ा दी। कुमार पर 13 मई को मुख्यमंत्री के आधिकारिक आवास पर आम आदमी पार्टी (आप) की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल से मारपीट करने का आरोप है। कुमार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट गौरव गोयल के समक्ष पेश किया गया जिन्होंने उनकी न्यायिक हिरासत छह जुलाई तक बढ़ा दी। पुलिस ने कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। मजिस्ट्रेट अदालत ने उसी दिन उन्हें पांच दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया था। साथ ही, अदालत ने कहा था कि गिरफ्तारी के कारण उनकी अग्रिम जमानत अर्जी का कोई मतलब नहीं रह जाता। इसके बाद 24 मई को उन्हें चार दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। इसके बाद, उन्हें फिर से तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया।कुमार के खिलाफ 16 मई को दर्ज की गई प्राथमिकी में आपराधिक धमकी देना, महिला को निर्वस्त्र करने के इरादे से हमला या आपराधिक बल प्रयोग तथा गैर इरादतन हत्या का प्रयास करने से संबंधित धाराएं शामिल की गई हैं।

# श्री वैंकटेश्वरा के 47 छात्र-छात्राओ का विकास ग्रुप ऑफ कंपनीज लिमिटेड में चयन

## एक हजार सात सौ पचास से अधिक युवाओं को मिला स्थायी रोजगार एवं सम्मानित कैरियर: डा. राजीव त्यागी

**सूचना**

- **संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कौशल विकास के द्वारा वैंकटेश्वरा के छात्र-छात्राऐ देश-विदेश में सफलता का परचम लहरा रहे है ।**

**प्रात : किरण संवाददाता**



अमरोहा/गजरौला। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान में देश की प्रतिष्ठित ऑटोमोबाइल कम्पनी विकास ग्रुप ऑफ कंपनीज लिमिटेड द्वारा कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव- 2024 का आयोजन किया गया। जिसमें गजरौला एवं मेरठ परिसर के 500 से अधिक छात्र-छात्राओ ने प्रतिभाग किया। तीन राउण्ड के कठिन साक्षात्कार के बाद कम्पनी ने 47 छात्र-छात्राओ को जॉब के लिए चयनित कर संस्थान प्रबन्धन के साथ मिलकर उनको ऑफर लेटर प्रदान किये ।वैंकटेश्वरा समूह संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी ने चयनित छात्र-छात्राओ को शुभकामनाऐं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं कौशल विकास के द्वारा वैंकटेश्वरा के छात्र-छात्राऐ देश-विदेश में सफलता का परचम लहरा रहे है ।हम अपने यहां अध्यनरत छात्र-छात्राओ को शानदार, सुरक्षित एवं स्थायी कैरियर देने के लिए दृढ संकल्पित है। श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय / संस्थान के डा. सी.वी. रमन सभागार में कैम्पस प्लेसमेन्ट ड्राईव-2024 का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डा. राजीव त्यागी, कम्पनी के एच.आर. प्रबन्धक एच. आर. श्री राहुल दहिया एवं एच. आर. प्लस इंडिया के सीनियर मैनेजर वी.एस.चौहान, प्लेसमेंट अधिकारी डा. अनिल जायसवाल, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेन्ट निदेशक सौरभ मित्रा आदि ने सरस्वती माँ के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। अपने सम्बोधन में संस्थापक अध्यक्ष डा. सुधीर गिरि ने कहा कि वैश्विक मंदी एवं कोरोना महामारी के बाद भी देश के स्किल्ड युवाओ विशेष रूप से इंजीनियरिंग, आई.टी., प्रबन्धन एवं वाणिज्य सेक्टर में ढेरो रोजगार सम्भावनाएं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्किल इण्डिया-डिजीटल इण्डिया जैसी कल्याणकारी शानदार योजनाओ से प्रेरणा लेकर देश निरन्तर विकास की ओर अग्रसर है। हम अपने यहाँ अध्ययनरत सभी छात्र-छात्राओ को एक सुरक्षित कैरियर देने के लिए प्रतिबद्ध है ।हमारे यहाँ इंजीनियरिंग, प्रबंधन एवं बिजिनेस स्टडीज के छात्र-छात्राऐ देश विदेश मे उच्च पदो पर कार्यरत है। इस अवसर पर कुलसचिव डा. पीयूष पाण्डेय, प्लेसमेंट अधिकारी डा. अनिल जायसवाल, डीन इंजीनियरिंग डा. आशुतोष सिंह , डा. राजेश सिंह, डा. सर्वानन्द साहू, डा. दिव्या गिरधर, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट मैनेजर सौरभ मित्रा, सलाहकार आर.एस. शर्मा, मारूफ चौधरी, डा. सचान, डा. चारू अग्रवाल एवं मेरठ परिसर से डा. प्रताप सिंह, अरूण गोस्वामी, डा. विवेक सचान, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे, न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार सुबह आंशिक रूप से बादल छाए रहे और न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग ने यह जानकारी दी।शुक्रवार को दिल्ली के विभिन्न इलाकों में बारिश होने पर लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। शनिवार सुबह साढ़े आठ बजे तक, पिछले 24 घंटे में शहर में चार मिलीमीटर (मिमी) बारिश हुई।भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, शनिवार को आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूवार्नुमान है।

उन्होंने बताया कि, सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता 62 प्रतिशत रही। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह नौ बजे 180 अंकों के साथ मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच गंभीर माना जाता है।

# प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन व सिंगल यूज उत्पादों को प्रयोग न किये जाने के लिए निकाली रैली

**प्रात : किरण संवाददाता**



अमरोहा। नगर पालिका परिषद अमरोहा द्वारा अधिशासी अधिकारी डॉ0 बृजेश कुमार के नेतृत्व मे नगर के मुख्य बाजार मे प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन व सिंगल यूज उत्पादों को प्रयोग न किये जाने के लिए रैली निकाली गयीं। पालिका अधिशासी अधिकारी डॉ0 बृजेश कुमार द्वारा बताया गया की सरकार द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन व अन्य सिंगल यूज उत्पादों का प्रयोग न किये जाने हेतु जन जागरूकता अभियान चलाये जाने के निर्देश दिए गए है जिसके लिए आरम्भ 4.0 अभियान की शुरूआत की गयीं है जिसमे 22 जून से 31जुलाई तक विभिन्न आयोजन किये जाने हैं जिसमे ढवटअ 2.0 (प्लास्टिक उन्मूलन महा अभियान ) 01जुलाई से 12 जुलाई तक चलाया जायेगा। जिसमे पालिका क्षेत्रों मे प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन व अन्य उत्पादों के बड़े भण्डारो की जांच व धरपकड़ हेतु टीमे लगायी जाएंगी, व आरम्भ अभियान अंतर्गत 22 जून से 31 जुलाई तक के मध्य विभिन्न प्रकार के जन जागरूकता अभियान चलाये जायेंगे, तथा सम्पूर्ण नगरीय क्षेत्र से प्रतिबंधित प्लास्टिक उत्पादों का सफाया कर नगर को सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री नगर बनाया जायेगा। शनिवार मे निकाली गयीं रैली मे अधिशासी अधिकारी महोदय द्वारा बाजारो मे खरीदारी करने आई महिलाओ को पालिका द्वारा तैयार कराया गया जागरूकता संदेशो वाला थैला उपहार स्वरुप दिए गए। रैली मे स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्री नदीम अख्तर सहित समस्त पालिका अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालयों की जांच के लिए 38 बिंदु किए गए निर्धारित

जमुई/गिद्धौर। अब सरकारी स्कूलों की गहनता से जांच कराने की रणनीति बनाई गई है। स्कूलों की जांच के लिए 38 बिंदु निर्धारित किया गया है। कर्मियों की जांच के बाद वरीय अधिकारी भी जांच करेंगे। अगर दोनों की जांच में अंतर पाया गया तो जांच कमी पर कार्रवाई की जाएगी। स्कूलों की आधारभूत संरचनाओं की जांच के लिए 16 तो शिक्षक व छात्रों से संबंधित जांच के लिए नौ-नौ बिंदु निर्धारित किया गया है।शिक्षा निदेशालय ने सख्त आदेश दिया है कि शिक्षा विभाग के कर्मी व अधिकारियों की जांच और जिला प्रशासन की जांच में भिन्नता पाये जाने पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। यह माना जायेगा की शिक्षा विभाग के कर्मी व अधिकारी ने गंभीरता से जांच नहीं की। विद्यालय में शिक्षक व छात्रों की संख्या के अनुरूप वर्गकक्ष की उपलब्धता, स्कूल भवन के रंग-रोहन,किचेन शेड, गैस चूल्हा, थाली की उपलब्धता, छात्र- छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय की उपलब्धता, शौचालय की साफ-सफाई व क्रियाशीलता। यह भी देखा जाना है कि शौचालय में ताला तो बंद नहीं रखा जा रहा है।

# आहार का जीर्णोद्धार कार्य करायें बिना, पीआरएस ने निकाल लिये 7 लाख 22 हजार 780 रुपए

### ऑनलाइन पेज पेमेंट डिटेल मनरेगा पोर्टल पर साफ देखा जा सकता है

● गिद्धौर आहार से पश्चिम शिव नारायण मोदी के खेत तक आहार में चार से पाँच फीट पानी भरा होने के बावजूद कैसे हो गया आहार का जीर्णोद्धार



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई /गिद्धौर प्रखंड के पतसंडा पंचायत में मनरेगा की क्रियान्वित योजनाओं में लूट की होड़ मची हुई है। इसमें प्रखंड के पदाधिकारी से लेकर पंचायत के जनप्रतिनिधि,रोजगार सेवक की मिली भगत से पैसा का किया जा रहा है बंदरवाट ।ताजा मामला पतसंडा पंचायत के गिद्धौर आहार से पश्चिम शिव नारायण मोदी के खेत तक आहार का जीर्णोद्धार कार्य बिहार सरकार के वर्क रजिस्टर डिटेल्ड/0550004003/हल/44841 पर कार्य को देखकर लगाया जा सकता है कि आहार के समीप जीर्णोद्धार कार्य का बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। और यह योजना लगभग 8 लाख 56 हजार रुपए का है ।बिना आहार का जीर्णोद्धार कार्य किये ही पतसंडा पीआरएस ने 7 लाख 22 हजार 780 रुपए का निकासी भी कर लिया गया है,आहार जस का तस बना हुआ है। पंचायत के रोजगार सेवक प्रभात रंजन कुमार के द्वारा आहार का कार्य मजदूर से पूर्ण नहीं करके मजदूर के द्वारा पुराने फोटो का फोटो दिखाकर एनएमएस किया गया है,क्योंकि अभी आहार में चार से पाँच फीट पानी भरा हुआ है तो आहार में एनएमएस कैसे किया जा सकता है ।वही विभागीय साइट पर मजदुरों की पुरानी फोटो को अपलोड कर सरकारी राशि पीआरएस द्वारा 7 लाख 22 हजार 780 रुपए निकासी कर लिया गया ।वही पंचायत के मजदूरों को रोजगार की गारंटी के तहत अपने गांव में हर रोज काम उपलब्ध कराना होता है ।यही वजह है कि क्रियान्वित योजनाओं में योजना स्थल पर बोर्ड नहीं लगाया जा रहा है। बोर्ड नहीं लगने पर प्राक्कलन में आसानी से चोरी की जा रही है। जबकि सरकार का स्पष्ट आदेश है कि किसी भी योजना के कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड जरूर लगाएं ।उस बोर्ड में योजना का नाम,योजना की प्रकलित राशि,संवेदक का नाम आदि का जिक्र अनिवार्य रूप से रहनी चाहिए ।जानकारी के अनुसार गिद्धौर प्रखंड भर में 40 से अधिक जगहों में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत योजनाएं संचालित हो रही है ।यहां पैन सफाई,तालाब खुदाई,वृक्षारोपण एवं मिट्टी भराई के कार्य के अलावे सहित चालीस से अधिक योजनाओं का संचालन हो रहा है। बता दे कि कार्यस्थल पर योजना का बोर्ड नहीं लगाए जाने से सरकारी राशि की लूट करने की आजादी है। ऐसे में आम लोगों को योजना और प्राक्कलन की जानकारी नहीं मिल पाती है ।पंचायत से लेकर प्रखंड तक के विभागीय कर्मी एवं पदाधिकारी की ताल मेल से सरकारी राशि की लूट का जरिया बना लिया है। ऐसे में ग्रामीण मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए केंद्र प्रायोजित मनरेगा योजना मजदूरों को घर पर ही मनरेगा उपलब्ध कराने और चेहरे पर खुशहाली लाने के बजाय लूट,खसोट का जरिया बनकर रह गया। खैर जो भी हो गिद्धौर प्रखंड में इन दिनों मनरेगा योजना की लूट मची हुई है और जिले के आला अधिकारी इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिससे मजदूरों की रोजी-रोटी पर आफत मंडरा रहा है। कहते है पीआरएस,पतसंडा पंचायतप्रभात रंजन कुमार से पुछे जाने पर बताया कि गिद्धौर आहार से पश्चिम शिव नारायण मोदी के खेत तक आहार का जीर्णोद्धार विभागीय नियमानुसार ही करवाया गया है ।मानकों के अनुरूप ही पंचायत भर में योजनाएं संचालित है। कहते है प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बिपिन कुमार से पुछे जाने पर कहा की अगर आहार का जीर्णोद्धार विभागीय नियमानुसार नही कराया गया होगा तो जाँच कर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रचंड गर्मी में बिजली नहीं रहने से उपभोक्ता परेशान

प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा घैलाढ़ः प्रखंड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्या से लोग बेहद परेशान हैं ' इन दिनों बिजली की कु-व्यवस्था देखने को मिल रही है बिजली रानी कभी दिन तो कभी रात में घंटो- घंटो गुम हो जाती है जिससे उपभोक्ता इस भीषण गर्मी में परेशान दिखते है। बिजली आपूर्ति की चरमरायी व्यवस्था से लोगों में आक्रोश पनपने लगा है, दिन में भी बिजली कटौती कई घंटों तक हर दिन होती रहती है ' बिजली उपभोक्ताओं ने आक्रोश लहजे में बताया कि लगातार एक महीने से बिजली की आपूर्ति 24 घंटे में लगभग 10 से 12 घंटे भी बिजली की आपूर्ति नहीं दी जा रही है। शाम ढलते ही बिजली की कटौती करने से पूरा इलाका अंधकारमय में डूब जाता है । गर्मी से लोग बेहाल हो जाते हैं । इस कारण बच्चों की पढाई प्रभावित होने के साथ-साथ बाजार में दुकानदार के दुकानदारी भी काफी प्रभावित हो जाती है । उपभोक्ताओं ने आक्रोश लहजे में बताया कि बढ़ते ही गर्मी बिजली की व्यवस्था बिल्कुल खराब हो जाती है बिजली विभाग की उदासीनता देखकर हम लोग काफी परेशान रहते हैं इस प्रचंड गर्मी में बिजली नहीं रहने से लोगों के स्वास्थ्य के ऊपर काफी हद तक प्रभाव पड़ता है एक और आसमान से सूर्य देव आग उगल रही है तो दूसरी और कभी रात तो कभी दिन में घंटा -घंटा बिजली घूम रहती है ऐसी व्यवस्था रही तो हम लोग इस गर्मी में कैसे जी पाएंगे। दूसरे और सरकार 24 घंटे बिजली देने की बात करती है वही सरकार द्वारा किए गए जा रही वादे इस गर्मी में बिफल दिख रहा है। सुमन कुमार ,अखिलेश अकेला, भूपेंद्र यादव, रविंद्र यादव एवं कई लोगों ने बताया कि यदि विभाग द्वारा बिजली में सुधार नहीं किया जाएगा तो विभाग के खिलाफ एकजुट होकर सड़क पर उतर कर आंदोलन करने को बाध्य होना पड़ेगा।

# राशनकार्ड में शामिल बच्चों का ई-केवाईसी कराने में परेशानी, अंगूठे का निशान नहीं ले रही पॉश मशीन

### राशन कार्ड में केवाईसी के लिए बच्चों के अंगूठे का निशान नहीं ले रहा सपोर्ट



प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा घैलाढ़ : प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री दुर्गा उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में आधार सेंटर पर आधारकार्ड को अपडेशन कराने के लिए क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। मिली जानकारी के अनुसार, राशनकार्ड धारकों के ई-केवाईसी में आ रही समस्याओं के कारण विगत एक सप्ताह से आधार सेंटर पर अचानक घैलाढ़ प्रखंड क्षेत्र के लोगों की काफी भीड़ उमड़ने लगी है। आधारकार्ड का अपडेशन कराने के लिए आधार सेंटर पर पहुंचे कई राशनकार्ड धारकों ने बताया कि बिहार सरकार के खाद्य आपूर्ति विभाग के निर्देश के आलोक में सभी राशनकार्ड धारकों का अपने परिवार के सभी सदस्यों का संबंधित डीलर के पास पहुंचकर पॉश मशीन पर अंगूठा लगाकर ई-केवाईसी करवाई जा रही है। इस निर्देश को देखते हुए जब राशनकार्ड धारक जनवितरण प्रणाली विक्रेता के पास ई-केवाईसी कराने के लिए पहुंचते हैं तो उनके परिवार के वयस्क सदस्यों का ई-केवाईसी सहजतापूर्वक हो जा रहा है। लेकिन, उसी कार्डधारकों के परिवार के बच्चों के अंगूठा का निशान पॉश मशीन पर लोड ही नहीं हो पा रहा है। इस कारण से उन बच्चों का ई-केवाईसी नहीं हो पा रही है। इस बाबत प्रखंड के कई जनवितरण प्रणाली के विक्रेताओं ने बताया कि बच्चों का आधारकार्ड उनके माता-पिता के फिंगर की पहचान से बने होते हैं। जिसके कारण पॉश मशीन में बच्चों का इ-केवाइसी नहीं हो पा रहा है। जिन बच्चों का इ-केवाइसी नहीं हो रहा है उन्हें आधार सेंटर पर जाकर अपनी उंगली की पहचान देकर आधार अपडेशन कराना पड़ रहा है। फलस्वरूप, आधार सेंटर पर आधार अपडेशन कराने वाले राशनकार्ड धारकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। आधार सेंटर पर भी 5 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चे का ही बायोमेट्रिक अपडेशन हो पा रहा है। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे का फिंगर आधार सेंटर पर भी नहीं लोड हो पा रहा है। आधार सेंटर पर काम कर रहे कर्मियों ने बताया कि 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का आधार उनके माता-पिता के फिंगर की पहचान से ही अपडेशन किया जा सकेगा।

# बच्चों के बीच हुए विवाद से गुस्साए तीन लोगों ने ससुर- बहु के साथ कि मारपीट



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] दो दिन पूर्व बच्चों के बीच हुए झगड़े की रंजिश को लेकर एक महिला और उसके ससुर के साथ उसके गोतिया के तीन लोगों ने मारपीट करते हुए घायल कर दिया। मामला झाझा थानाक्षेत्र के नवकाडीह नागीडैम गांव का है। घायल की पहचान राजकुमार की पत्नी चांदनी देवी और उसका पिता शिवनारायण के रूप में हुई है। मारपीट की सूचना डायल 112 की पुलिस को मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम घायल ससुर- बहु को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाकर भर्ती करवाया जहां डॉक्टर के द्वारा घायलों का इलाज किया गया। घायल चांदनी देवी के पति ने बताया कि दो दिन पूर्व बच्चों को लेकर हुए विवाद को लेकर शनिवार को मेरी चाची गौरी देवी, चचेरा भाई संतोष कुमार और उसकी पत्नी आक्रोश की भावना रखे हुए था। शनिवार को मेरे घर में मेरी पत्नी खाना बना रही थी कि तभी चचेरा भाई की पत्नी खाना में कुछ डालकर चली गई जिसपर मेरे पिता बोलने के लिए गया तो वे लोग मेरे पिता के साथ मारपीट करने लगा। पिता को मार खाते देखकर मेरी पत्नी बचाने के लिए गई उसके साथ उनलोगों ने मारपीट किया। लाठी से मारपीट किए जाने के कारण मेरी पत्नी और पिता घायल हो गया। घटना की जानकारी पीड़ित के द्वारा थाना में भी दिया गया।

# पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली निकाली

### आशियाना बनाने से पहले पौधे लगाइएः सूर्या वत्स

● हम सभी पर्यावरण के प्रति अपनी जवाबदेही से भाग रहे है



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौर। शनिवार को सेवा पंचायत के केतरू नवादा में सामाजिक कार्यकर्ता सूर्या वत्स ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ लगाओं,जीवन बचाओं के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा आज अनियंत्रित गर्मी,ठंड,बरसात होने के पीछे सिर्फ और सिर्फ एक कारण है और वो है हम सभी पर्यावरण के प्रति अपनी जवाबदेही से भाग रहे है। जबकि पर्यावरण की उपेक्षा कर हम खुद के साथ पूरी पृथ्वी के लिए मुसीबत खड़ी कर रहें है ।पर्यावरण की रक्षा के लिए सूर्या वत्स ने कहा यह इतना आवश्यक है की अगर आप अपना घर बना रहें है तो घर बनाने से पहले आप पौधे लगाए ।आज आधुनिकता के आपाधापी में लोग प्रतिदिन प्रदत्त वस्तुओं से खुद से दूरी बना रहे है। आज तेजी से पेड़ काटे जा रहें है अन्य सुविधाओं के लिए जंगल उजाड़े जा रहे है ।यह व्यवस्था पूरी मानव जाति के लिए खतरे की घंटी के समान है।

हम आज सतर्क नही हुए तो पृथ्वी से पानी और आक्सीजन की कमी होगी ।लोग तिल तिल अपनी आने वाली पीढ़ी को समाप्त कर देंगे।

इसलिए पर्यावरण रक्षा के लिए आईये हम कसम खाएं एक पौधा लगाएं ही नही बल्कि उसका संरक्षण भी करें ।कार्यक्रम में एस साईस कोचिंग सेंटर के डायरेक्टर रवि राज जी के साथ दर्जनों ग्रामीण उपस्थित हुए ।कार्यक्रम में सृष्टि रावत,अंशु कुमारी,ईशा कुमारी,मधु कुमारी,नंदनी कुमारी,खुशी कुमारी,पुनम कुमारी,रोनिका कुमारी,कोमल कुमारी,सुंदरता कुमारी,मौसम कुमारी,नैना कुमारी,उत्सव कुमार,आदित्य कुमार,सचिन कुमार,अभिषेक कुमार,रितिक कुमार,कुंदन कुमार,रूपेश कुमार,निशांत कुमार,विक्रम कुमार आदि उपस्थित थे।

# भगवान शनिदेव की स्थापना का मनाया गया 15 वां वर्षगाठ



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] शनिवार को शहर के चैती दुगार्मंदिर निकट स्थित शनिदेव मंदिर में भगवान शनिदेव की स्थापना का 15 वां वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मंदिर कमेटी के द्वारा मनाई गई। सबसे पहले मौजूद पंडित दिलीप झा, कुलदीप झा, मनोज महाराज के द्वारा अभिषेक, श्रृंगार पूजन किया गया उसके बाद विधिवत पूजन प्रारंभ किया जिसमें भगवान शनिदव को तरह तरह के प्रसाद का भोग लगया गया और सर्व कल्याण भावना से हवन कर आहुति दी गई। मौके पर मौजूद यजमान बिटटू चैधरी के साथ आयोजनकर्ता लक्ष्मण झा, सौरव गोयल, उदयशंकर झा, संजय पाल, मोती सिंघानिया, सुरेश भालुटिया सहित अन्य ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना काल से यहां पर प्रत्येक वर्ष बड़े ही धूमधाम के साथ स्थापना दिवस मनाई जाती है। शहर में एकमात्र मंदिर होने के कारण यहां पर भक्तों की भीड़ भी रहती है। पूजन कार्य करवा रहे पंडितों ने बताया कि शनि दोष के प्रभाव को कम करने के लिए शनिवार के दिन भगवान शनि की विधि पूर्वक पूजा करनी चाहिए साथ ही इसके कष्ट को दूर के लिए शनिदेव की स्तुति पाठ भी करना चाहिए। मंदिर में सुबह से शनिदेव की पूजा करने वाले भक्तों की भीड़ लगी रही और लोगों ने शनिदेव की पूजा अर्चना करते हुए अपने जीवन के कष्टो को दूर सुखमय जीवन प्रदान करने की कामना किया। पूजन समाप्ति के बाद लोगों के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

# कब्रिस्तान घेराव को लेकर मंत्री से मिले समाजसेवी, दिये ज्ञापन, कई समस्याओं पर हुई चर्चा

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई/ई०अलीगंज प्रखंड क्षेत्र के आढ़ा गांव के कब्रिस्तान घेराबंदी को लेकर समाजसेवियों ने बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान से उनके आवास पटना में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। वहीं आढ़ा गांव के समाजसेवी अब्दुलगनी,मोहमद आदिल, मो हाफिज अंजार,हाजी इकबाल,हाफिज तनवीर इकराम,कौसर सुल्तान,इसरार करीम,मुख्तार,मोनू सहित अन्य लोगो ने मंत्री से मिलकर अपने क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया ।वहीं समाजसेवियों ने कहा की आढ़ा एक घनी आबादी वाला गांव है। आढ़ा गांव में दरगाह के निकट पुरानी कब्रिस्तान है जो जमीन बहुत बड़ी रकबा का है ।पुरानी घेराबंदी चारदिवारी पूरी तरह से ध्वस्त हो गया है ।घेरा बंदी नहीं रहने से कब्रिस्तान की बेहुरमती हो रही है। पूरे आढ़ा गांव के शव को इसी कब्रिस्तान में दफनाया जाता है ।लेकिन सबसे दुखद बात यह है की घेरा बंदी नहीं रहने से कब्रिस्तान में तरह-तरह के जानवरों का प्रवेश होने से कब्रिस्तान में गंदगी एवं कब्र को क्षतिग्रस्त कर देता है। जिससे लोगों में आक्रोश भी होता है। खास कर कब्रिस्तान में सूअर प्रवेश होकर दफनाएं गए शव की मिट्टी की ढेर को कोड़ खसोट देता है। जिससे दफनाये गए शव की बेहुरमती होती है।, इतना ही नहीं सूअर मुस्लिम धर्म में हराम माना जाता है,जो कब्रिस्तान में गंदगी खा कर प्रवेश करता है और कब्र को क्षतिग्रस्त कर देता है। कब्रिस्तान मुस्लिम समुदाय का एक महत्वपूर्ण स्थल होता है। जहां इस्लामधर्म के मोताबिक आखरी मंजिल समझा जाता है। कब्रिस्तान में कुत्ता, गाय बैल आदि मवेशियों के द्वारा कब्रिस्तान में गंदगी फैला देती है मवेसी सहित लोग भी गंदगी फैलाते है,जिससे आपस में तनाव होती है,घेराबंदी नही रहने से कब्र को क्षतिग्रस्त कर देते है,जिससे बहुत परेशानी होती,वहीं पत्र के माध्यम से पूरे आढ़ा ग्राम वासी ने बिहार सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान से निवेदन करते हुए दरगाह के निकट पुरानी कब्रिस्तान की चहारदीवारी कर पीसीसी ढलाई करने की आग्रह किया, वहीं अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने सभी उपस्थित लोगो को आश्वासन देते हुए कहा की इस दिशा में जल्द ही अग्रेतर करवाई कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

# सिमुलतला थानाध्यक्ष के मनमानी रवैया को लेकर भाकपा माले ने किया थानाध्यक्ष का पुतला दहन

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई [ झाझा ] शनिवार को झाझा में सिमुलताला थानाध्यक्ष के विरुद्ध भाकपा माले ने पुतला जलाकर किया प्रतिरोध भाकपा माले झाझा प्रखंड कमिटि के बैनर तले सिमुलताला थानाध्यक्ष के विरुद्ध झाझा अम्बेडकर चौक से निकलकर मेन मार्केट भ्रमण करते हुए थाना होकर सुनील चौक पहुंच कर सिमुलतला थानाध्यक्ष का पुतला दहन गया गया युक्त वाते भाकपा माले जिला कमिटी सदस्य रमेश यादव ने कही की सिमुलताला थानाकांड संख्या 27/24 के आरोपित जो पिछले तीन महीने से खुलेआम घुम रहा है ओर पिड़ीत परिवार को जान से मारने का धमकी दिया जा रहा है एक आरोपी को थाना लाया गया लेकिन आरोपी से मोटी रकम लेकर छोड़ दिया गया आज इस इलाके में आतंक बढ़ता जा रहा है लेकिन सिमुलताला थानाध्यक्ष इस इलाके में अपराधियों को गिरफ्तार करने के बजह उन्है थाना में शरन दिया जा रहा है बड़े राज नेता के ईसारे पर थाना को चलाया जा रहा है जिला कमिटी सदस्य गुलटन पुजहर ने कहा की सिमुलताला थानाध्यक्ष मनमानी तरिके से गरीवों को प्रताड़ित किया जा रहा है । गरीवों को न्याय नहीं मिल रहा है । भाकपा माले प्रखंड कमिटी मांग उच्च पदाधिकारी से करती है कि थानाध्यक्ष को अविलंब वर्खास्त किया जाय अन्यथा भाकपा माले प्रखंड से लेकर जिला मुख्यालय तक चरनबद्ध अनदोलन करेंगे मोके पर पप्पु मालाहार, मनोज मुर्मु, छोटकी मुर्मु, बड़की हेम्ब्रम, लुटन पुजहर, कुंती देवी, मुर्ती देवी, सितिया देवी, कलसी देवी।

# स्टेशन पर चला बस रेड टिकट चेकिंग अभियान बिना टिकट यात्रा करने वाले सावधान



प्रात : किरण, संवाददाता

पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट / प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है । इस संबंध में बिना टिकट / उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने वालों के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनता पूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 22.6.24 शनिवार को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर के मार्गदर्शन में सहायक वाणिज्य प्रबंधक / टी सी दानापुर के नेतृत्व में दानापुर मंडल के पटना - गया रेल खंड के परसा बाजार स्टेशन पर बस रेड टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में विशेष टिकट चेकिंग दस्ते तैनात कर पैसेंजर एवं एक्सप्रेस ट्रेनों का अतिरिक्त ठहराव लेकर गहनता से सघन टिकट जांच किया गया, परसा बाजार स्टेशन पर जांच के दौरान 150 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्री पकड़े गए जिससे जुमार्ने रु.40500/- लिये गये तथा 52 यात्रियों को जो जुमार्ना नहीं दे पाने के कारण उन्हें रेलवे मजिस्ट्रेट पटना के समक्ष अग्रिम कार्रवाई हेतु प्रस्तुत किया गया। वहीं मंडल के बक्सर,आरा, पटना किऊल एवं जहानाबाद स्टेशनों पर भी सभी ट्रेनों के एसी ( अउ ) कोचों की गहनता से जांच की गई जिसमें 75 यात्रियों को बिना टिकट / अनियमित टिकट यात्रा पाये गये जिसे जुमार्ने के रूप में रु.73500/- राशि लिया गया। इस टिकट चेकिंग जांच अभियान में वाणिज्य विभाग, आरपीएफ एवं सीआरपी कर्मी शामिल रहे।

### रेलयात्री का मोबाइल, तीस सौ रूपए की हुई चोरी

जमुई [ झाझा ] चलती गाड़ी में एक रेलयात्री का मोबाइल, पॉकेट से तीन सौ रूपए अज्ञात चोरो के द्वारा चोरी कर ली गई। जिसको लेकर रेलयात्री ने झाझा रेलथाना में अज्ञात चोर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया है। पीड़ित झाझा थानाक्षेत्र के सोहजाना गांव के रहने वाले रंजीत शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को पटना एनार्कुलम पटना सीटी रेलवे स्टेशन एक पर आकर खड़ी हुई तो आरक्षण टिकट के अनुसार अपने कोच एस टू में यात्रा करना प्रारंभ किया यात्रा के कुछ घंटे बाद नींद लग गई और जब नींद खुली तो देखा कि पॉकेट से मोबाइल और तीन सौ रूपए गायब है।

# पारस एचएमआरआई में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया



प्रात : किरण, संवाददाता

पटना। पारस एचएमआरआई, पटना में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर योगाभ्यास किया गया। योग करने और इसको लेकर जागरूक करने के लिए हॉस्पिटल के डॉक्टर्स, अधिकारी और कर्मचारी हॉस्पिटल परिसर में मौजूद रहे। उसके बाद योगाचार्य प्रभात कुमार के नेतृत्व में सभी ने योग किया। लगभग एक घंटा योग और ध्यान किया। योग के बाद उसके महत्व के बारे में भी बताया गया और सभी से इसे रोज की दिनचर्या में शामिल करने की अपील की गई। खास बात रही कि योगशाला में शामिल कई लोग ने पहले से ही रोज योगाभ्यास करने की बात कही। इस मौके पर पारस एचएमआरआई के फैसिलिटी डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि आज तनाव भरी जिंदगी में योग से मुस्कान लाई जा सकती। वहीं इससे शरीर को भी दुरुस्त रखा जा सकता है। योगाभ्यास में मुख्य रूप से एचआर हेड आकाश सिन्हा, विभिन्न विभागों के डॉक्टर एंव कर्मचारी शामिल हुए। गौरतलब है कि योगाचार्य प्रभात कुमार सिर्फ 20 वर्ष की उम्र में राज्य योगासन खेल स्पर्धा में छह बार गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। वहीं चार बार राष्ट्रीय चैंपियन रहे हैं। इस अदभुत अचीवमेंट के लिए बिहार के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर और पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद उन्हें सम्मानित कर चुके हैं। पारस एचएमआरआई के बारे में पारस एचएमआरआई, पटना बिहार में 2013 से कार्यरत है। पारस एचएमआरआई में एक ही स्थान पर सभी चिकित्सा सुविधाएं हैं। हमारे पास एक आपातकालीन सुविधा, तृतीयक और चतुधार्तुक देखभाल, उच्च योग्य और अनुभवी डॉक्टरों के साथ चिकित्सा केंद्र है। पारस इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर केयर बिहार में अपनी विशेषज्ञता, बुनियादी ढांचे और कैंसर देखभाल प्रदान करने के लिए प्रसिद्ध है।

# आरपीएफ ने भारी मात्रा में किया विदेशी शराब बरामद

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [झाझा] आपराधिक गतिविधि, यात्रियो की सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत आरपीएफ के द्वारा औचक निरीक्षक के दौरान अप में आने वाली गाड़ी मिथिला एक्सप्रेस से आरपीएफ ने भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है। दरअसल आरपीएफ निरीक्षक अनीता कुमारी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मुकेश कुमार के साथ प्रधान आरक्षी पप्पू यादव, गोपाल कुमार के द्वारा यात्री सुरक्षा निगरानी हेतु औचक निरीक्षण किया जा रहा था इसी क्रम में अप में आने वाली मिथिला एक्स्प्रेस के लगते ही आरपीएफ के द्वारा आपराधिक गतिविधि निगरानी हेतु चेक किया जा र हा था तो इंजन से पीछे तीसरा साधारण बोगी में शौचालय और बफर के बीच दो पिठठू बैग छिपाकर रखा हुआ था जिसके बाद कोच में सवार रेलयात्रियों से पूछताछ किया गया तो किसी भी रेलयात्री ने बैग स्वीकार करने की बात नही किए जाने पर बैग की तलाशी ली गई तो दोनो बैग से 32 बोतल विदेशी शराब बरामद हुआ। आरपीएफ निरीक्षक ने बताया कि टोटल शराब की किमत 23680 है। बरामद शराब को रेलपुलिस को अग्रिम कार्रवाई के लिए सुपुर्द कर दिया गया है।

# पुलिस की कार्रवाई में 12 अभियुक्त गिरफ्तार, देशी शराब, 02 मोटरसाईकिल, बालू लदा हुआ ट्रैक्टर किया जब्त

## बगहा पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान 73,500 रुपए का लगाया जुमार्ना

प्रात : किरण, संवाददाता

बगहा ।बगहा पुलिस जिला में शुक्रवार को विगत 24 घंटा में 12 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है ।कुल-10 वारंट का निष्पादन किया गया है जिसमें जमानतीय 03 अजमानतीय 07 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज जारी करके दिया ।उन्होंने बताया कि बगहा थाना,लौकरिया थाना,धनहाँ थाना नौरंगिया थाना द्वारा शराब के काण्ड,वारंट तथा अन्य काण्ड में 12 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 19 लीटर देशी शराब,02 मोटरसाईकिल बरामद किया गया ।वही भितहाँ थाना द्वारा एक ट्रैक्टर ट्रॉली बालू लदा हुआ जब्त



किया गया ।इस संबंध में भितहाँ थाना द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया ।जॉच के क्रम में यातायात चिउटहाँ थाना द्वारा-23,000, रामनगर थाना द्वारा-17,500, चौतरवा थाना द्वारा-12,000, धनहाँ थाना द्वारा-9,000, बगहा थाना द्वारा-7,000, पटखौली थाना द्वारा-5,000 इस प्रकार कुल-73,500 रुपए का जुमार्ना लगाया गया। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि बगहा पुलिस जिला में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार की रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बगहा पुलिस द्वारा रोको टोको अभियान तथा संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का विधिवत जांच की गई ।वही शनिवार को बगहा पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गश्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत बैंकों,वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई।

- रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बगहा पुलिस द्वारा रोको टोको अभियान तथा संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का विधिवत जांच की गई
- अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गश्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत बैंकों,वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या के आरोपी को पुलिस ने मशरख से किया गिरफ्तार

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के पारसा गढ़ तुरहा टोली निवासी गोबंधन मांझी के पुत्र सुरेंद्र मांझी ने फरवरी 2024 में अपने ही पड़ोसी कमल साह का हत्या कर फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी । जहां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को मशरख से गिरफ्तार कर थाने लाई जहां पुछताछ करने के पश्चात उसे जेल भेज दिया।

### पुलिस ने शराब के साथ धन्धेबाज को किया गिरफतार, भेजा जेल

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के एकारी गांव के चंवर से एक शराब धंधे बाज कारोबार करने कि खबर मिलते ही । थाना पुलिस ने छापामारी कर 21 लीटर देशी शराब से साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति कि पहचान रिविलगंज थाना क्षेत्र के नबी गंज बिन टोली निवासी शिवप्रसाद चौधरी के पुत्र मुन्ना चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य का सिवान जिला उपभोक्ता में प्रतिनियुक्ति

छपरा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के सदस्य मनमोहन कुमार को सिवान जिला उपभोक्ता आयोग मे प्रतिनियुक्ति किया गया है ।उपभोक्ता आयोग के बीरेंद्र प्रताप सिंह एवम सदस्य मंजू सिंह और कर्मचारियो द्वारा उनको शाल और बुके देकर बिदाई दी गई। अध्यक्ष सिंह ने उनके द्वारा किए गए कार्यो के बारे में बताया और कहा कि वे जहां भी रहे स्वस्थ रहे और दीघार्यु रहे ।पुर्व में भी सदस्य मनमोहन कुमार सिवान जिला उपभोक्ता आयोग मे और गोपालगंज उपभोक्ता आयोग मे कार्य कर चुके हैं।

### शराबी बेटा को बाप ने किया पुलिस के हवाले

बेतिया(घनश्याम) ।मझौलिया में धृतराष्ट्र के पुत्र मोह ने महाभारत कराकर अपने को कलंकित कर लिया था लेकिन इस कलयुग में एक बाप ने अपने पियक्कड़ पुत्र के आदतों और कारनामों से तंग आकर अजीज होकर पुलिस के हवाले कर दिया ।उक्त मामला मझौलिया थाना क्षेत्र के डुमरी पंचायत के रघुनाथपुर गांव वार्ड नंबर 6 की है। जहां बाप अब्दुल सलाम ने अपने पियक्कड़ पुत्र मोहम्मद शरीफ को पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि पिता के आवेदन पर पियक्कड़ पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया। इस बाबत बिहार मध्य निषेध अधिनियम की धारा 37 के तहत कांड संख्या 403/24 दर्ज किया गया है ।बताते चले की मोहम्मद शरीफ इसके पूर्व में तीन बार जेल जा चुका है लेकिन अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहा था।

### सड़क की अतिक्रमण से ग्रामीण हुए आक्रोशित, पुलिस जांच में जुटी

मशरक थाना क्षेत्र अंतर्गत कवलपुरा पंचायत के एकावना गांव में शनिवार को सुबह सड़क अतिक्रमण को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि एकावना गांव में आने के लिए यहीं एकमात्र मुख्य सड़क है ।जो एन एच 227 ए राम जानकी पथ से गांव को जोड़ती है। जिस पर गांव के एक दबंग व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। वहीं इस आक्रोश के कारण कई घंटो तक एक स्कूल बस रुका रहा ।जिसमे सवार बच्चे गर्मी के कारण परेशान रहे। ग्रामीणों की सुचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल की और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाया बुझाया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क 50 वर्षों से एकावना गांव में आने जाने की मुख्य सड़क हैं ।इस सड़क का सरकारी राशि से मिट्टीकरण और ईटीकरण कार्य किया गया है ,जिस पर कब्जा किया जा रहा है।

# कहत कबीर सुनो भाई साधो सत गुरु नाम ठिकाना है

## योगियां हाईस्कूल में मनी कबीर जयन्ती

प्रात : किरण, संवाददाता

रसूलपुर ।थाना क्षेत्र की असहनी पंचायत के आर एन हाईस्कूल योगियां में प्रधानाचार्य लालबाबू यादव की अध्यक्षता में कबीर जयन्ती गीत संगीत के माध्यम से मनायी गई। संगीत शिक्षक राजेश कुमार के साथ शिक्षिका शाहजदा परवीन ,शिक्षिका कुसुम पटवा सहित छात्र-छात्राओं ने कबीर के दोहों का गायन किया ।गुरू गोविन्द दोऊ खड़े ... से लेकर माटी कहे कुम्हार ..तक आदि कबीर के चर्चित दोहों की संगीतमय प्रस्तुति की गई ।वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर गोप ने कहत कबीर सुनो भाई साधो गुरू चरणन में लिपट रहना की भावपूर्ण प्रस्तुति की ।अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाचार्य यादव ने कहा कि बाह्य आडम्बरों से निकलने में कबीर का दर्शन संसार के लिए प्रेरक है ।मौके पर वरिष्ठ शिक्षक उमेश कुमार पांडेय ,राकेश तिवारी, कपुर्री ठाकुर, दिनेश दुबे, धर्मेंद्र तिवारी, बृज किशोर पासवान, विजय कुमार गुप्ता ,अमरनाथ गुप्ता, विकास कुमार उपाध्याय, दीपक ,श्यामबाबू , आसिफ इकबाल , सुनैना आदि उपस्थित रहें।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर 131 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का किया आयोजन



प्रात : किरण, संवाददाता

वाल्मीकिनगर ।भारत नेपाल सीमा संगम तट पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर 131वीं नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ नेपाल से आए मुख्य अतिथि धर्मपाल गुरु वशिष्ठ जी महाराज, विशिष्ट अतिथि पुलिस अवर निरीक्षक हरिश्चंद्र, समाजसेवी संगीत आनंद, निमार्ता एचेल थारू, त्रिनीति फाउंडेशन के तापस टैगोर, यूट्यूबर जयदेव कुमार, संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, अभिनेता सोनू चौधरी, कोषाध्यक्ष शिवचंद्र शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सुमन देवी एवं निमार्ता अरविंद अकेला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ज्येष्ठ पूर्णिमा का संबंध भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी से होता है। इस पूर्णिमा तिथि में व्रत, स्नान - दान आदि करने से सभी दुख और कष्टों का नाश होता है। विशिष्ट अतिथि पु. अ. नि हरिश्चंद्र ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। वाल्मीकि नगर थाना के इंस्पेक्टर विजय प्रसाद राय के नेतृत्व में थाना परिसर में भी हम लोगों ने योग किया। नियमित योग करके हम निरोग रह सकते हैं। निमार्ता एचेल थारू ने स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा 6 नवंबर 2014 से निरंतर आयोजित नारायणी गंडकी महा आरती और वर्ष 2012 से आयोजित दैनिक चलंत दरिद्र नारायण भोज की भूरि भूरि प्रशंसा की ।इंजीनियर बबन पांडे द्वारा लिखित पुस्तक बिन पानी क्या जिंदगानी का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि लेखक कार्यपालक अभियंता बबन पांडे ने बड़ी सरलता और सहजता के साथ पानी की महत्ता बताई है ।जल ही जीवन है। गायक नंद महतो, राजा कुमार , मधु देवी एवम् गयिका हिरवंती देवी ने गंगा माता पर केंद्रित विभिन्न भजनों को प्रस्तुत किया। त्रिनीति फाउंडेशन के सदस्यों को आयोजन समिति द्वारा पौधा एवम् हनुमान चालीसा देकर सम्मानित किया गया। तापस टैगोर ने पर्यावरण संरक्षण संवर्धन की दिशा में नारायणी गंडकी महा आरती के आयोजन को एक ऐतिहासिक कार्यक्रम की संज्ञा दी। अमेरिका वासी सत्संगी कृष्णा पांडे , इंजीनियर नीरज कुमार, पीडीएस के अध्यक्ष प्रमोद सिंह, फौजी विद्यासागर राणा आदि सक्रिय सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया गया। संचालन संगीत आनंद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन निमार्ता एचेल थारू ने किया। काठमांडू नेपाल से आए गुरु वशिष्ठ जी महाराज मुख्य अतिथि को संस्था के सदस्यों ने संयुक्त रूप से अंग वस्त्रम द्वारा सम्मानित किया। कुमारी संगीता एवम् पवन भट्टराई द्वारा महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। आचार्य पंडित अनिरुद्ध द्विवेदी ने कथा पूजा एवं हवन द्वारा विश्व शांति की कामना की। इस मौके पर विक्रम अंकित सिंह, भोला कुमार दास, गीतकार नीरज कुमार ,रामनारायण प्रसाद, पिंकी देवी, बसंती देवी ,सरस्वती देवी ,आदि की भूमिका सराहनीय रही। सूर्यास्त के पश्चात वैदिक ऋचाओं के सस्वर उच्चारण के साथ नारायणी गंडकी महा आरती की गई। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त , महिला, पुरूष, बच्चे सहित पुलिस बल एवम् होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

# बेटियों के जन्म पर छपरा नगर निगम के महापौर ने प्रसुताओं को दिया बेबी किट

## नन्ही परियों को लायंस संगिनी उपहार के तहत दिया गया बेबी किट



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय ।अंतरराष्ट्रीय स्वयं सेवी संस्था लायंस क्लब छपरा टाउन के द्वारा छपरा शहर के सदर अस्पताल के प्रसूति विभाग में लायंस क्लब के सिग्नेचर प्रोजेक्ट ह्लनन्ही परी संगिनी उपहारह्व के तहत नवजात बेटियों को उपहार स्वरूप बेबी किट वितरण किया गया। नवजात शिशुओं की माताओं को छपरा नगर निगम के महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता लायंस अध्यक्ष गोविंद सोनी ने संगिनी सोनी उपहार स्वरूप बेबी किट वितरित किए गए। छपरा सदर अस्पताल के प्रसूति विभाग में जन्म लेने वाली और एसएनसीयू वार्ड में नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट (बेबी शॉप, बेबी ऑयल, बेबी पाउडर, डायपर, मच्छरदानी, तौलिया एवं बैग) वितरित किए। नन्ही परी संगिनी उपहार कार्यक्रम की अध्यक्षता सलोनी सोनी और मनीष मनी ने किया। लायंस अध्यक्ष गोविंद सोनी ने बताया कि लायंस क्लब छपरा टाउन के सदस्यो के द्वारा लगातार एक सालो से ये कार्यक्रम संचालित होते आ रहा है, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सदर अस्पताल में जन्म लेने वाली बेटियो के अभिभावक को प्रोत्साहन करना है, बेटियां हमारे घर की लक्ष्मी होती है, इनसे संसार की सृष्टि की निर्माण होता है। वही छपरा नगर निगम के महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने कहा कि लायंस क्लब छपरा टाउन के सदस्यो के द्वारा संचालित ये कार्यक्रम ह्लनन्ही परी संगिनी उपहारह्व किसी जन्मोत्सव कार्यक्रम से कम नही है, आज हमारे समाज में केवल बालिका दिवस के आवास पर बेटियो को के लिए विभिन्न कार्यक्रम होते है वही खुशी की बात है की लायंस सदस्यो के द्वारा रोज जन्मोत्सव की खुशी मनाई जा रही है। आज हमारे समाज में बेटियां कितनी आगे बढ़ चुकी है, इसका उदाहरण है की हमारे देश की राष्ट्रपति, अधिकारी, पदाधिकारी महिला है। बेटियों की सुरक्षा एवं उनके उज्वल भविष्य के लिए भी सरकार और नगर निगम अनेक योजनाएं चला रही है। इस दौरान प्रसूति विभाग की इंचार्ज निष्ठा मंडवाल, लायंस क्लब के सदस्य लायन अभिषेक किशोर, अमर गुप्ता, अनुज कुमार, रोहन कुमार, अमित सोनी, कुंवर जयसवाल आदि मौजूद रहे।

# इसुआपुर के धामा में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य रोका



प्रात : किरण, संवाददाता

इसुआपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के धामा गांव में सड़क निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किए जाने को लेकर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रोक दिया है। वहीं इसकी सूचना विभागीय पदाधिकारीयों को भी दे दी गई है। स्थानीय केरवां पंचायत के सरपंच चंद्रदेव राय, कामेश्वर राय, कृष्णा राय, भूमिनाथ सिंह, सुदिश राय, दुलारचंद राय, शिवाजी राय, पारस राय, विकास कुमार, रमेश राय, विशाल कुमार चंद्रदेव राय, पप्पू कुमार, बाहरन कुमार व अन्य ग्रामीणों का कहना है कि रामपुर अटौली पंचायत के महुली गांव स्थित महावीर मंदिर से हनुमानगंज, बजरिया गांव होते हुए धामा गांव स्थित रेलवे ढाला तक जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें मानक के अनुसार निर्माण सामग्री नही लगाई जा रही है। सड़क पर पत्थर चढ़ा दिया गया है तथा उसके ऊपर लाल डष्ट में बराबर मात्रा में मिट्टी मिलाकर पत्थर के गैप को भरा जा रहा है। वहीं धामा गांव में ही पहले से बने पुलिया के पास एक अन्य पुलिया बनाकर सरकारी रुपए का बंदरबांट किया जा रहा है। इस बाबत विभागीय जेई और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से पूछे जाने पर उन्होंने ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच किए जाने की बात कही। वहीं ग्रामीण जांच पदाधिकारियों के स्थल पर आने का इंतजार कर रहे हैं।

# मशरक निरंकारी भवन मे विशाल सत्संग का आयोजन हुआ



प्रात : किरण, संवाददाता

मशरक नगर पंचायत के बरहिया टोला स्थित निरंकारी भवन मे विशाल सत्संग का आयोजन हुआ ।इस अवसर पर गुरूगद्दी पर विराजमान पटना जोन के जोनल इंचार्ज नवल किशोर सिंह कहा कि निरंकारी मिशन दुनिया को संदेश दे रहा है कि आओ मेरे भाई जो सुख हमे गुरू चरणो से मिला है ।रमेराम को पाकर जैसे मेरा लोक सुखी परलोक सोहेला हुआ है ।आपका भी हो जाएगा ।उन्होने कहा कि तीन लोक नवखंड मे गुरू से बड़ा न कोए ।करता करे न कर सके गुरू करे सो होए ।यही संदेश निरंकारी महात्मा दुनिया को दे रहे है ।और बता रहे है कि लोगो हम है निरंकारी नाम के है व्यापारी जहां मे कोई गैर नही है ।किसी से कोई वैर नही है ।मेरा घर है वेगमपुर मेरा शहर अल्हा है ।न गम है न फिक्र कोई खुदा के हाथ पला है ।इसी पवित्र भाव से महात्मा सत्संग मे इक्कठा होते है ।और हरदेव जी महाराज की युक्ति नर सेवा नारायण सेवा को चरितार्थ कर रहे है ।सत्संग कार्यक्रम का मंच संचालन सीवान के सोनू सिंह ने किया ।जबकि कार्यक्रम मे हरेराम प्रसाद संयोजक पटना, रमेश कुमार क्षेत्रीय संचालक हाजीपुर, शिव नारायण सिंह मुखी मशरक, रामपूजन सिंह,चंद्रदीप जी,डाक्टर सचिन, बसंत राय,पुलिस राय, काशी राम, संत कुमार सिंह, डॉ. रीता भारती, निर्मला सिंह, शंकर राय, तुलसी राय, के.पी. निराला, हरिकिशोर राम, नयंत्री देवी, अमृता सिंह, विनोद गुप्ता, मनोकामना सिंह, मुकेश पंडित, नरेंद्र राम, मीना देवी, संतोष सिंह बासडीह, संदीप जी, अर्पणा पांडेय, डॉ. सुशांत जी, प्रीति कुमारी,मेनका कुमारी, इंद्रजीत राम, रामायण राम, मुंद्रिका देवी, लक्ष्मण जी सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थित रही।

# बिचरा के डूबने की भय से किसान चिंतित

प्रात : किरण, संवाददाता



अमनौर प्रखण्ड के नारायण पुर उप बितारणी नहर में बरसात के पूर्व शुक्रवार को पानी छोड़ा गया ।नहर में पानी आने से किसानों की खुशी दुगनी हो गई ।परन्तु कुछ ही पलों में मात्र दो फिट के पानी मे यदुबंशी नगर पुलिया के पास नहर बांध में एक बड़ी होल बन गई ।जिससे नहर का पानी बहने लगी ।स्थानीय लोग कुदाल से मिट्टी डाल कर होल बंद करने की कोशिश किया पर असफल रहे ।किसान चिंतित हो उठे की नहर के आस पास कई खेतो में धान की बिचरा डाले हुए है ।कही नहर के पानी से बिचरा डूब नही जाए ।ग्रामीण गंडक विभाग के अधिकारियों को फोन कर इसकी शिकायत किया ।ग्रामीणों के शिकायत पर गंडक विभाग के एसडीओ जेई मौके पर पहुँच जायजा लिया तथा नहर बांध के मरमती में जुट गए। नहर के गाद की सफाई किये बिना नहरमें पानी छोड़ने से टूट रही नहर बांध किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकार नहरों का निर्माण कराई है ।नहरों के कटाव रोकने के लिए धोबाही से खोरी पाकर गोविंद स्कूल तक मात्र पक्कीकरण कराई गई है। जबकि यह नहर धोबाही से दरियापुर तक जाने वाली नारायण पुर बितारणी नहर है ।यह नहर गाद से भरा पड़ा है ।एक तो नहर में पानी नही होंने की वजह से गांव शहरों के कूड़ा कचरा फेक रहे है ।कई जगह तो झाड़ियों के उगने से लगता ही नही नहर है ।एक माह पूर्व नहर में सफाई का कार्य गंडक विभाग द्वारा कराई गई थी ।परन्तु नहर के कचरा नहर में छोड़ दी गई ।आधा अधूरा कार्य ही हुआ है ।आज भी नहर गाद व झाड़ियों से पटा हुआ है ।वरसात के दिनों में जब नहर में पानी छोड़ा जाएगा नहर की पानी आगे बढ़ ही नही पायेगा ।जिससे नहर की बांध टूटने की आशंका रहेगी। नहर बांध पर सड़क निर्माण होने से हजारो हरे वृक्ष की हुई कटाई नहर बांध पर वृक्ष लगाने से नहर का मेढ़ मजबूत रहता है ।लेकिन नहर के एक तरफ पिच सड़क निर्माण होने से गंडक विभाग द्वारा हजारो हरे वृक्ष की कटाई करवा दी गई ।सड़क का निर्माण तो हो चुका लेकिन वृक्षारोपण आज तक नही कराई गई है ।जिससे नहर का मेढ़ और कमजोर पड़ गया है। इस सम्बंध में जेई जयबिन्द कुमार ने कहा कि अमनौर में टूटे नहर बांध की मरम्मति कराई जा रही है ।वही नहर मे भरे गाद व उपजे जगल की सफाई के संदर्भ में पूछे जाने पर गोल मटोल जबाब देकर अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि कुछ सफाई हुई है । विशेष बात वरीय अधिकारी ही बतायेंगे।

# इंडो नेपाल सीमा पर मजदूर महिला की मौत, नेपाल जा रही थी मृतक महिला



प्रात : किरण, संवाददाता

वाल्मीकिनगर ।नसीम खान क्या वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के चंदेश्वर शिव मंदिर के समीप शनिवार की सुबह एक महिला मजदूर जो नेपाल में धान की रोपनी करने जा रही थी,पेट में अचानक दर्द होने के कारण उसकी मौत हो गई ।विदित हो कि बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के हनार्टांड़, सेमरा, रामनगर, भैरोगंज आदि कई क्षेत्रों से धान के रोपनी के लिए हर वर्ष गरीब मजदूर हजारों की संख्या में पड़ोसी देश नेपाल में मजदूरी करने जाते हैं ।इसी क्रम में इस बार भी इन दिनों हजारों की संख्या में मजदूर धान रोपनी करने के लिए नेपाल की ओर अपना रुख कर रहे हैं ।रोपनी करने जा रहे लोगों में शनिचरी थाना के चरगाहा पंचायत के भैंसही गांव निवासी पाना देवी पति मैनेजर राम उम्र तकरीबन 55 वर्ष अपने ही गांव के मंशी शाह के साथ नेपाल रोपनी करने जाने के लिए शुक्रवार की देर शाम वाल्मीकिनगर पहुंची ।शनिवार की सुबह अचानक से उसके पेट में दर्द हुई और उक्त महिला की मौत हो गई ।इस बात को मंशी शाह ने बताया। मानवता का बना मिशालः मृत महिला के साथ आए व्यक्ति को रोते बिलखते देख स्थानीय लोग उसके मदद के लिए आगे आए और उस गरीब को आर्थिक मदद देना शुरू किया ।जिसमें सबसे ज्यादा युवा वर्ग में रितेश कुमार,पिंटू कुमार,मोनू कुमार,उपेंद्र कुमार,प्रेम कुमार,सोनू रौनियार, दीपू कुमार, एसएसबी जवान महेश कुमार सहित दर्जनों लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए आर्थिक और शारीरिक रूप से मदद किया। भाड़े की गाड़ी से सामाजिक लोगों की मदद से मृत महिला के घर उसके शव को भेज दिया गया। नौरंगिया थाना कांड संख्या 50/24 का अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ा वाल्मीकिनगर ।नसीम खान क्या नौरंगिया थाना का कांड संख्या 50/24 का अभियुक्त मदनपुर चेकपोस्ट के पास पुलिस के हत्थे चढ़ गया। एएसआई राणा रणजीत सिंह ने बताया कि 24 वर्षीय पन्नालाल साह नामक अभियुक्त को मदनपुर चेकपोस्ट से गुप्त सूचना पर कार्यवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है ।इस मुजरिम पर अपने ही गांव के राजू राम पर चाकू से हमला करने आरोप है ।अभियुक्त पन्नालाल साह पर धारा 341,323,324,307,506,34 के तहत नौरंगिया थाना में 50/24 कांड में दर्ज है जो फरार चल रहा था।

# गोली कांड में पीड़ित परिवार के साथ न्याय करें प्रशासन:तेजस्वी

## सुबे में अपराधी बेलगाम, पुल गिरना भ्रष्टाचार को बढ़ावा का संकेत



प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा । चुनावी हिंसा के दौरान छपरा गोली कांड में मृतक चंदन यादव के साथ प्रशासन न्याय करें, अपराधियों को अविलंब गिरफ्तारी करें, किसी के दबाव में आने की जरूरत नहीं है ' उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शनिवार को छपरा गोली कांड में मृत चंदन यादव के परिजनों से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कही ' बता दें कि चुनावी हिंसा के दौरान एनडीए और महागठबंधन के बीच हुई हिंसा में एक राजद कार्यकर्ता चंदन यादव की मृत्यु गोली लगने से हो गई । नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आज चंदन यादव के परिजनों से मिले ' इसके अलावा राहत रोड में भी गोली कांड में एक अल्पसंख्यक समुदाय के युवती को गोली लगी थी।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने पीड़ित युवती व उनके परिजनों से भी मुलाकात किया ' पत्रकारों से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि घटना हुआ है, समय आने पर इसका हिसाब लेंगे । पीड़ित परिवार ने एक जवान बेटा खोया है, प्रशासन को पीड़ित परिवार के साथ न्याय करने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि मैं महसूस कर रहा हूं, प्रशासन पर दबाव है । लेकिन प्रशासन को अपने स्तर से न्याय देने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है । मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि आए दिन बिहार में लूट, हत्या, बलात्कार की घटनाएं हो रही है, लगातार पुल का गिरना जारी है, नीट पेपर लीक होना,छात्रों के साथ खिलवाड़ हो रहा है । डबल इंजीनियर की सरकार में भ्रष्टाचार लागातार बढ़ रहा है, प्रशासन चुप है । नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने लव एन्ड ऑर्डर पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि कहाँ है बिहार में लव एंड ऑर्डर,अपराधी बेलगाम हैं, लगातार अपराधिक घटनाएं को अंजाम दे रहे हैं । इस अवसर पर बड़ी संख्या में राजद कार्य कर्ता और विधायक भी उपस्थित थे ।

# पैसेंजर ट्रेन के लोको पायलट और को-लोको पायलट ने अपनी जान का जोखिम में डालकर बीच पुल खड़ी ट्रेन की मरम्मत की

प्रात : किरण, संवाददाता



बगहा ।गाड़ी संख्या - 05497 नरकटियागंज गोरखपुर पैसेंजर वाल्मिकीनगर एवं पनियहवा के बीच पुल सं०-382 पर अचानक लोको के अनलोडर वाल्व से एयर प्रेशर का लीकेज के कारण ट्रेन बीच पुल पर खड़ी हो गई,जिसे ठीक करने लिए पहुँचने का कोई रास्ता उपलब्ध नहीं था। जहां पैसेंजर ट्रेन के लोको पायलट और को-लोको पायलट ने अपनी जान का जोखिम में डालकर बीच पुल खड़ी ट्रेन की मरम्मत की। इस दौरान लोको पायलट ट्रेन और ट्रैक के बीच रेंगते हुए फॉल्ट वाली जगह तक पहुंचे। वहीं साथी ने पुल से लटक कर तार खींचा,जिससे ट्रेन फिर से स्टार्ट हो सकी। इस पूरे वाकये का वीडियो सामने आया है जो काफी तेज से वायरल हो रहा हैदरअसल, गोरखपुर से नरकटियागंज तक जाने वाली 05497 सवारी गाड़ी के इंजन में एयर लीकेज हो जाने के कारण ट्रेन वाल्मीकि नगर और पनियहवा के बीच पुल पर रुक गई। जैसे ही ट्रेन वाल्मीकि नगर रोड स्टेशन से खुली वछ वॉल्व से लीकेज होने लगा और गाड़ी डट-298/20 पुल संख्या 382 पर खड़ी हो गई ।बीच पुल ट्रेन रुक जाने से पैसेंजर्स में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वछ वॉल्व पुल के बीचो-बीच लीक हुआ था। ऐसे में लीकेज को बंद करना एक चुनौती थी। इस इमरजेंसी वाली स्थिति में ट्रेन के लोको पायलट अजय कुमार यादव और सहायक लोको पायलट रंजीत कुमार ने अपनी जान की परवाह किए बिना पुल पर होते हुए ट्रेन के नीचे पहुंचे। और वॉल्व को ठीक किया। जिसके बाद ट्रेन सुरक्षित आगे के लिए बढ़ सकी ।मामला गुरुवार का है। इस पूरे वाकये का वीडियो रेलवे ने शुक्रवार को जारी किया है। करीब 5 मिनट के वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक लोको पायलट रेलवे ब्रिज के पतली सी रेलिंग के सहारे धीरे-धीरे फॉल्ट वाली जगह तक पहुंचता है। वहीं दूसरा ट्रेन और ट्रैक के बीच की संकरी जगह में रेंगते हुए वॉल्व तक आता है। दोनों काफी मशक्कत से वॉल्व को दुरुस्त कर लीकेज को बंद करते हैं ।दोनों लोको पायलट्स की इस बहादुरी की सराहना हो रही है। यात्री और रेलवे स्टाफ सभी उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने दोनों पायलटों को धन्यवाद ज्ञापन करते नगद राशि से पुरस्कृत करने की घोषणा भी किया है।

## संक्षिप्त खबरें

### हत्या के आरोपी को पुलिस ने मशरख से किया गिरफ्तार

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के पारसा गढ़ तुरहा टोली निवासी गोबंधन मांझी के पुत्र सुरेंद्र मांझी ने फरवरी 2024 में अपने ही पड़ोसी कमल साह का हत्या कर फरार हो गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। जहां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी को मशरख से गिरफ्तार कर थाने लाई जहां पुछताछ करने के पश्चात उसे जेल भेज दिया।

### पुलिस ने शराब के साथ धन्धेबाज को किया गिरफ्तार, भेजा जेल

एकमा। स्थानीय थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के एकारी गांव के चंवर से एक शराब धंधे बाज कारोबार करने कि खबर मिलते ही। थाना पुलिस ने छापामारी कर 21 लीटर देशी शराब से साथ आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति कि पहचान रिविलगंज थाना क्षेत्र के नबी गंज बिन टोली निवासी शिवप्रसाद चौधरी के पुत्र मुन्ना चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

### जिला उपभोक्ता आयोग के सदस्य का सिवान जिला उपभोक्ता में प्रतिनियुक्ति

छपरा जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के सदस्य मनमोहन कुमार को सिवान जिला उपभोक्ता आयोग मे प्रतिनियुक्ति किया गया है।उपभोक्ता आयोग के बीरेंद्र प्रताप सिंह एवम सदस्य मंजू सिंह और कर्मचारियो द्वारा उनको शाल और बुके देकर बिदाई दी गई। अध्यक्ष सिंह ने उनके द्वारा किए गए कार्यो के बारे में बताया और कहा कि वे जहां भी रहे स्वस्थ रहे और दीघार्यु रहे।पुर्व में भी सदस्य मनमोहन कुमार सिवान जिला उपभोक्ता आयोग मे और गोपालगंज उपभोक्ता आयोग मे कार्य कर चुके हैं।

### शराबी बेटा को बाप ने किया पुलिस के हवाले

बेतिया(घनश्याम) ।मझौलिया में धृतराष्ट्र के पुत्र मोह ने महाभारत कराकर अपने को कलंकित कर लिया था लेकिन इस कलयुग में एक बाप ने अपने पियक्कड़ पुत्र के आदतों और कारनामों से तंग आकर अजीज होकर पुलिस के हवाले कर दिया।उक्त मामला मझौलिया थाना क्षेत्र के डुमरी पंचायत के रघुनाथपुर गांव वार्ड नंबर 6 की है। जहां बाप अब्दुल सलाम ने अपने पियक्कड़ पुत्र मोहम्मद शरीफ को पुलिस के हवाले कर दिया। थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि पिता के आवेदन पर पियक्कड़ पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में बेतिया भेज दिया गया। इस बाबत बिहार मध्य निषेध अधिनियम की धारा 37 के तहत कांड संख्या 403/24 दर्ज किया गया है।बताते चले की मोहम्मद शरीफ इसके पूर्व में तीन बार जेल जा चुका है लेकिन अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहा था।

### सड़क की अतिक्रमण से ग्रामीण हुए आक्रोशित, पुलिस जांच में जुटी

मशरक थाना क्षेत्र अंतर्गत कवलपुरा पंचायत के एकावना गांव में शनिवार को सुबह सड़क अतिक्रमण को लेकर ग्रामीण आक्रोशित हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि एकावना गांव में आने के लिए यहीं एकमात्र मुख्य सड़क है ।जो एन एच 227 ए राम जानकी पथ से गांव को जोड़ती है। जिस पर गांव के एक दबंग व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है। वहीं इस आक्रोश के कारण कई घंटो तक एक स्कूल बस रुका रहा ।जिसमे सवार बच्चे गर्मी के कारण परेशान रहे। ग्रामीणों की सुचना पर पहुंची थाना पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल की और आक्रोशित ग्रामीणों को समझाया बुझाया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क 50 वर्षों से एकावना गांव में आने जाने की मुख्य सड़क हैं ।इस सड़क का सरकारी राशि से मिट्टीकरण और ईटीकरण कार्य किया गया है ,जिस पर कब्जा किया जा रहा है।

# पुलिस की कार्रवाई में 12 अभियुक्त गिरफ्तार, देशी शराब, 02 मोटरसाईकिल, बालू लदा हुआ ट्रैक्टर किया जब्त

## बगहा पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान 73,500 रुपए का लगाया जुमार्ना

प्रात: किरण, संवाददाता



बगहा ।बगहा पुलिस जिला में शुक्रवार को विगत 24 घंटा में 12 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है ।कुल-10 वारंट का निष्पादन किया गया है जिसमें जमानतीय 03 अजमानतीय 07 है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज जारी करके दिया ।उन्होंने बताया कि बगहा थाना,लौकरिया थाना,धनहाँ थाना नौरंगिया थाना द्वारा शराब के काण्ड,वारंट तथा अन्य काण्ड में 12 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही 19 लीटर देशी शराब,02 मोटरसाईकिल बरामद किया गया ।वही भितहाँ थाना द्वारा एक ट्रैक्टर ट्रॉली बालू लदा हुआ जब्त किया गया ।इस संबंध में भितहाँ थाना द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जॉच किया गया ।जॉच के क्रम में यातायात चिउटहाँ थाना द्वारा-23,000, रामनगर थाना द्वारा-17,500, चौतरवा थाना द्वारा-12,000, धनहाँ थाना द्वारा-9,000, बगहा थाना द्वारा-7,000, पटखौली थाना द्वारा-5,000 इस प्रकार कुल-73,500 रुपए का जुमार्ना लगाया गया। एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि बगहा पुलिस जिला में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए शुक्रवार की रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बगहा पुलिस द्वारा रोको टोको अभियान तथा संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का विधिवत जांच की गई ।वही शनिवार को बगहा पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गश्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत बैंकों,वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई।

- रात्रि में विभिन्न थाना क्षेत्रों में बगहा पुलिस द्वारा रोको टोको अभियान तथा संदिग्ध व्यक्ति,वाहनों का विधिवत जांच की गई
- अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गश्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत बैंकों,वाहनों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई।

# कहत कबीर सुनो भाई साधो सत गुरु नाम ठिकाना है

## योगियां हाईस्कूल में मनी कबीर जयन्ती

प्रात: किरण, संवाददाता

रसूलपुर ।थाना क्षेत्र की असहनी पंचायत के आर एन हाईस्कूल योगियां में प्रधानाचार्य लालबाबू यादव की अध्यक्षता में कबीर जयन्ती गीत संगीत के माध्यम से मनायी गई। संगीत शिक्षक राजेश कुमार के साथ शिक्षिका शाहजदा परवीन ,शिक्षिका कुसुम पटवा सहित छात्र-छात्राओं ने कबीर के दोहों का गायन किया ।गुरू गोविन्द दोऊ खड़े ... से लेकर माटी कहे कुम्हार ..तक आदि कबीर के चर्चित दोहों की संगीतमय प्रस्तुति की गई ।वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर गोप ने कहत कबीर सुनो भाई साधो गुरू चरणन में लिपट रहना की भावपूर्ण प्रस्तुति की ।अध्यक्षीय संबोधन में प्रधानाचार्य यादव ने कहा कि बाह्य आडम्बरों से निकलने में कबीर का दर्शन संसार के लिए प्रेरक है ।मौके पर वरिष्ठ शिक्षक उमेश कुमार पांडेय ,राकेश तिवारी, कपुरीं ठाकुर, दिनेश दुबे, धर्मेंद्र तिवारी, बृज किशोर पासवान, विजय कुमार गुप्ता ,अमरनाथ गुप्ता, विकास कुमार उपाध्याय, दीपक ,श्यामबाबू , आसिफ इकबाल , सुनैना आदि उपस्थित रहें।

# ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर 131 वीं नारायणी गंडकी महाआरती कार्यक्रम का किया आयोजन



प्रात: किरण, संवाददाता

वाल्मीकिनगर ।भारत नेपाल सीमा संगम तट पर अवस्थित बेलवा घाट परिसर में ज्येष्ठ पूर्णिमा के अवसर पर 131वीं नारायणी गंडकी महा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ नेपाल से आए मुख्य अतिथि धर्मपाल गुरु वशिष्ठ जी महाराज, विशिष्ट अतिथि पुलिस अवर निरीक्षक हरिश्चंद्र, समाजसेवी संगीत आनंद, निमार्ता एचेल थारू, त्रिनीति फाउंडेशन के तापस टैगोर, यूट्यूबर जयदेव कुमार, संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू देवी, अभिनेता सोनू चौधरी, कोषाध्यक्ष शिवचंद्र शर्मा, सत्येंद्र सिंह, सुमन देवी एवं निमार्ता अरविंद अकेला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। मुख्य अतिथि ने कहा कि ज्येष्ठ पूर्णिमा का संबंध भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी से होता है। इस पूर्णिमा तिथि में व्रत, स्नान - दान आदि करने से सभी दुख और कष्टों का नाश होता है। विशिष्ट अतिथि पु. अ. नि हरिश्चंद्र ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। वाल्मीकि नगर थाना के इंस्पेक्टर विजय प्रसाद राय के नेतृत्व में थाना परिसर में भी हम लोगों ने योग किया। नियमित योग करके हम निरोग रह सकते हैं। निमार्ता एचेल थारू ने स्वरांजलि सेवा संस्थान द्वारा 6 नवंबर 2014 से निरंतर आयोजित नारायणी गंडकी महा आरती और वर्ष 2012 से आयोजित दैनिक चलंत दरिद्र नारायण भोज की भूरि भूरि प्रशंसा की ।इंजीनियर बबन पांडे द्वारा लिखित पुस्तक बिन पानी क्या जिंदगानी का विमोचन किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि लेखक कार्यपालक अभियंता बबन पांडे ने बड़ी सरलता और सहजता के साथ पानी की महत्ता बताई है ।जल ही जीवन है। गायक नंद महतो, राजा कुमार , मधु देवी एवम् गयिका हिरवंती देवी ने गंगा माता पर केंद्रित विभिन्न भजनों को प्रस्तुत किया। त्रिनीति फाउंडेशन के सदस्यों को आयोजन समिति द्वारा पौधा एवम् हनुमान चालीसा देकर सम्मानित किया गया। तापस टैगोर ने पर्यावरण संरक्षण संवर्धन की दिशा में नारायणी गंडकी महा आरती के आयोजन को एक ऐतिहासिक कार्यक्रम की संज्ञा दी। अमेरिका वासी सत्संगी कृष्णा पांडे , इंजीनियर नीरज कुमार, पीडीएस के अध्यक्ष प्रमोद सिंह, फौजी विद्यासागर राणा आदि सक्रिय सदस्यों के प्रति आभार प्रकट किया गया। संचालन संगीत आनंद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन निमार्ता एचेल थारू ने किया। काठमांडू नेपाल से आए गुरु वशिष्ठ जी महाराज मुख्य अतिथि को संस्था के सदस्यों ने संयुक्त रूप से अंग वस्त्रम द्वारा सम्मानित किया। कुमारी संगीता एवम् पवन भट्टराई द्वारा महाप्रसाद की व्यवस्था की गई। आचार्य पंडित अनिरुद्ध द्विवेदी ने कथा पूजा एवं हवन द्वारा विश्व शांति की कामना की। इस मौके पर विक्रम अंकित सिंह, भोला कुमार दास, गीतकार नीरज कुमार ,रामनारायण प्रसाद, पिंकी देवी, बसंती देवी ,सरस्वती देवी ,आदि की भूमिका सराहनीय रही। सूर्यास्त के पश्चात वैदिक ऋचाओं के सस्वर उच्चारण के साथ नारायणी गंडकी महा आरती की गई। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त , महिला, पुरूष, बच्चे सहित पुलिस बल एवम् होमगार्ड के जवान मौजूद थे।

# बेटियों के जन्म पर छपरा नगर निगम के महापौर ने प्रसुताओं को दिया बेबी किट

## नन्ही पारियों को लायंस संगिनी उपहार के तहत दिया गया बेबी किट



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय ।अंतरराष्ट्रीय स्वयं सेवी संस्था लायंस क्लब छपरा टाउन के द्वारा छपरा शहर के सदर अस्पताल के प्रसूति विभाग में लायंस क्लब के सिग्नेचर प्रोजेक्ट ह्लनन्ही परी संगिनी उपहारह्व के तहत नवजात बेटियों को उपहार स्वरूप बेबी किट वितरण किया गया। नवजात शिशुओं की माताओं को छपरा नगर निगम के महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता लायंस अध्यक्ष गोविंद सोनी ने संगिनी सोनी उपहार स्वरूप बेबी किट वितरित किए गए। छपरा सदर अस्पताल के प्रसूति विभाग में जन्म लेने वाली और एसएनसीयू वार्ड में नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट (बेबी शॉप, बेबी ऑयल, बेबी पाउडर, डायपर, मच्छरदानी, तौलिया एवं बैग) वितरित किए। नन्ही परी संगिनी उपहार कार्यक्रम की अध्यक्षता सलोनी सोनी और मनीष मनी ने किया। लायंस अध्यक्ष गोविंद सोनी ने बताया कि लायंस क्लब छपरा टाउन के सदस्यो के द्वारा लगातार एक सालो से ये कार्यक्रम संचालित होते आ रहा है, इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सदर अस्पताल में जन्म लेने वाली बेटियो के अभिभावक को प्रोत्साहन करना है, बेटियां हमारे घर की लक्ष्मी होती है, इनसे संसार की सृष्टि की निर्माण होता है। वही छपरा नगर निगम के महापौर लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने कहा कि लायंस क्लब छपरा टाउन के सदस्यो के द्वारा संचालित ये कार्यक्रम ह्लनन्ही परी संगिनी उपहारह्व किसी जन्मोत्सव कार्यक्रम से कम नही है, आज हमारे समाज में केवल बालिका दिवस के आवास पर बेटियो को के लिए विभिन्न कार्यक्रम होते है वही खुशी की बात है की लायंस सदस्यो के द्वारा रोज जन्मोत्सव की खुशी मनाई जा रही है। आज हमारे समाज में बेटियां कितनी आगे बढ़ चुकी है, इसका उदाहरण है की हमारे देश की राष्ट्रपति, अधिकारी, पदाधिकारी महिला है। बेटियों की सुरक्षा एवं उनके उज्वल भविष्य के लिए भी सरकार और नगर निगम अनेक योजनाएं चला रही है। इस दौरान प्रसूति विभाग की इंचार्ज निष्ठा मंडवाल, लायंस क्लब के सदस्य लायन अभिषेक किशोर, अमर गुप्ता, अनुज कुमार, रोहन कुमार, अमित सोनी, कुंवर जयसवाल आदि मौजूद रहे।

# इसुआपुर के धामा में ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य रोका



प्रात: किरण, संवाददाता

इसुआपुर । स्थानीय थाना क्षेत्र के धामा गांव में सड़क निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किए जाने को लेकर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य रोक दिया है। वहीं इसकी सूचना विभागीय पदाधिकारीयों को भी दे दी गई है। स्थानीय केरवां पंचायत के सरपंच चंद्रदेव राय, कामेश्वर राय, कृष्णा राय, भूमिनाथ सिंह, सुदिश राय, दुलारचंद राय, शिवाजी राय, पारस राय, विकास कुमार, रमेश राय, विशाल कुमार चंद्रदेव राय, पप्पू कुमार, बाहरन कुमार व अन्य ग्रामीणों का कहना है कि रामपुर अटौली पंचायत के महुली गांव स्थित महावीर मंदिर से हनुमानगंज, बजरिया गांव होते हुए धामा गांव स्थित रेलवे ढाला तक जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें मानक के अनुसार निर्माण सामग्री नही लगाई जा रही है। सड़क पर पत्थर चढ़ा दिया गया है तथा उसके ऊपर लाल डष्ट में बराबर मात्रा में मिट्टी मिलाकर पत्थर के गैप को भरा जा रहा है। वहीं धामा गांव में ही पहले से बने पुलिया के पास एक अन्य पुलिया बनाकर सरकारी रुपए का बंदरबांट किया जा रहा है। इस बाबत विभागीय जेई और एग्जीक्यूटिव इंजीनियर से पूछे जाने पर उन्होंने ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों की जांच किए जाने की बात कही। वहीं ग्रामीण जांच पदाधिकारियों के स्थल पर आने का इंतजार कर रहे हैं।

# मशरक निरंकारी भवन मे विशाल सत्संग का आयोजन हुआ



प्रात: किरण, संवाददाता

मशरक नगर पंचायत के बरहिया टोला स्थित निरंकारी भवन मे विशाल सत्संग का आयोजन हुआ ।इस अवसर पर गुरूगद्दी पर विराजमान पटना जोन के जोनल इंचार्ज नवल किशोर सिंह कहा कि निरंकारी मिशन दुनिया को संदेश दे रहा है कि आओ मेरे भाई जो सुख हमे गुरू चरणो से मिला है ।रमेराम को पाकर जैसे मेरा लोक सुखी परलोक सोहेला हुआ है ।आपका भी हो जाएगा ।उन्होने कहा कि तीन लोक नवखंड मे गुरू से बड़ा न कोए ।करता करे न कर सके गुरू करे सो होए ।यही संदेश निरंकारी महात्मा दुनिया को दे रहे है ।और बता रहे है कि लोगो हम है निरंकारी नाम के है व्यापारी जहां मे कोई गैर नही है ।किसी से कोई वैर नही है ।मेरा घर है वेगमपुर मेरा शहर अल्हा है ।न गम है न फिक्र कोई खुदा के हाथ पला है ।इसी पवित्र भाव से महात्मा सत्संग मे इक्कठा होते है ।और हरदेव जी महाराज की युक्ति नर सेवा नारायण सेवा को चरितार्थ कर रहे है ।सत्संग कार्यक्रम का मंच संचालन सीवान के सोनू सिंह ने किया ।जबकि कार्यक्रम मे हरेराम प्रसाद संयोजक पटना, रमेश कुमार क्षेत्रीय संचालक हाजीपुर, शिव नारायण सिंह मुखी मशरक, रामपूजन सिंह,चंद्रदीप जी,डाक्टर सचिन, बसंत राय,पुलिस राय, काशी राम, संत कुमार सिंह, डॉ. रीता भारती, निर्मला सिंह, शंकर राय, तुलसी राय, के.पी. निराला, हरिकिशोर राम, नयंत्री देवी, अमृता सिंह, विनोद गुप्ता, मनोकामना सिंह, मुकेश पंडित, नरेंद्र राम, मीना देवी, संतोष सिंह बासडीह, संदीप जी, अर्पणा पांडेय, डॉ. सुशांत जी, प्रीति कुमारी,मेनका कुमारी, इंद्रजीत राम, रामायण राम, मुंद्रिका देवी, लक्ष्मण जी सहित अन्य की गरिमामयी उपस्थित रही।

# बिचरा के डूबने की भय से किसान चिंतित

प्रात: किरण, संवाददाता



अमनौर प्रखण्ड के नारायण पुर उप बितारणी नहर में बरसात के पूर्व शुक्रवार को पानी छोड़ा गया ।नहर में पानी आने से किसानों की खुशी दुगनी हो गई ।परन्तु कुछ ही पलों में मात्र दो फिट के पानी मे यदुबंशी नगर पुलिया के पास नहर बांध में एक बड़ी होल बन गई ।जिससे नहर का पानी बहने लगी ।स्थानीय लोग कुदाल से मिट्टी डाल कर होल बंद करने की कोशिश किया पर असफल रहे ।किसान चिंतित हो उठे की नहर के आस पास कई खेतो में धान की बिचरा डाले हुए है ।कही नहर के पानी से बिचरा डूब नही जाए ।ग्रामीण गंडक विभाग के अधिकारियों को फोन कर इसकी शिकायत किया ।ग्रामीणों के शिकायत पर गंडक विभाग के एसडीओ जेई मौके पर पहुँच जायजा लिया तथा नहर बांध के मरमती में जुट गए। नहर के गाद की सफाई किये बिना नहरमें पानी छोड़ने से टूट रही नहर बांध किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने के लिए सरकार नहरों का निर्माण कराई है ।नहरों के कटाव रोकने के लिए धोबाही से खोरी पाकर गोविंद स्कूल तक मात्र पक्कीकरण कराई गई है। जबकि यह नहर धोबाही से दरियापुर तक जाने वाली नारायण पुर बितारणी नहर है ।यह नहर गाद से भरा पड़ा है ।एक तो नहर में पानी नही होंने की वजह से गांव शहरों के कूड़ा कचरा फेक रहे है ।कई जगह तो झाड़ियों के उगने से लगता ही नही नहर है ।एक माह पूर्व नहर में सफाई का कार्य गंडक विभाग द्वारा कराई गई थी ।परन्तु नहर के कचरा नहर में छोड़ दी गई ।आधा अधूरा कार्य ही हुआ है ।आज भी नहर गाद व झाड़ियों से पटा हुआ है ।वरसात के दिनों में जब नहर में पानी छोड़ा जाएगा नहर की पानी आगे बढ़ ही नही पायेगा ।जिससे नहर की बांध टूटने की आशंका रहेगी। नहर बांध पर सड़क निर्माण होने से हजारो हरे वृक्ष की हुई कटाई नहर बांध पर वृक्ष लगाने से नहर का मेढ़ मजबूत रहता है ।लेकिन नहर के एक तरफ पिच सड़क निर्माण होने से गंडक विभाग द्वारा हजारो हरे वृक्ष की कटाई करवा दी गई ।सड़क का निर्माण तो हो चुका लेकिन वृक्षारोपण आज तक नही कराई गई है ।जिससे नहर का मेढ़ और कमजोर पड़ गया है। इस सम्बंध में जेई जयबिन्द कुमार ने कहा कि अमनौर में टूटे नहर बांध की मरम्मति कराई जा रही है ।वही नहर मे भरे गाद व उपजे जगल की सफाई के संदर्भ में पूछे जाने पर गोल मटोल जबाब देकर अपना पल्ला झाड़ते हुए कहा कि कुछ सफाई हुई है । विशेष बात वरीय अधिकारी ही बतायेंगे।

# इंडो नेपाल सीमा पर मजदूर महिला की मौत, नेपाल जा रही थी मृतक महिला



प्रात: किरण, संवाददाता

वाल्मीकिनगर ।नसीम खान क्या वाल्मीकिनगर थाना क्षेत्र के चंदेश्वर शिव मंदिर के समीप शनिवार की सुबह एक महिला मजदूर जो नेपाल में धान की रोपनी करने जा रही थी,पेट में अचानक दर्द होने के कारण उसकी मौत हो गई ।विदित हो कि बिहार के पश्चिमी चंपारण जिले के हनाटांड़, सेमरा, रामनगर, भैरोगंज आदि कई क्षेत्रों से धान के रोपनी के लिए हर वर्ष गरीब मजदूर हजारों की संख्या में पड़ोसी देश नेपाल में मजदूरी करने जाते हैं ।इसी क्रम में इस बार भी इन दिनों हजारों की संख्या में मजदूर धान रोपनी करने के लिए नेपाल की ओर अपना रुख कर रहे हैं ।रोपनी करने जा रहे लोगों में शनिचरी थाना के चरगाहा पंचायत के भैंसही गांव निवासी पाना देवी पति मैनेजर राम उम्र तकरीबन 55 वर्ष अपने ही गांव के मंशी शाह के साथ नेपाल रोपनी करने जाने के लिए शुक्रवार की देर शाम वाल्मीकिनगर पहुंची ।शनिवार की सुबह अचानक से उसके पेट में दर्द हुई और उक्त महिला की मौत हो गई ।इस बात को मंशी शाह ने बताया। मानवता का बना मिशालः मृत महिला के साथ आए व्यक्ति को रोते बिलखते देख स्थानीय लोग उसके मदद के लिए आगे आए और उस गरीब को आर्थिक मदद देना शुरू किया ।जिसमें सबसे ज्यादा युवा वर्ग में रितेश कुमार,पिंटू कुमार,मोनू कुमार,उपेंद्र कुमार,प्रेम कुमार,सोनू रौनियार, दीपू कुमार, एसएसबी जवान महेश कुमार सहित दर्जनों लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए आर्थिक और शारीरिक रूप से मदद किया। भाड़े की गाड़ी से सामाजिक लोगों की मदद से मृत महिला के घर उसके शव को भेज दिया गया। नौरंगिया थाना कांड संख्या 50/24 का अभियुक्त पुलिस के हत्थे चढ़ा वाल्मीकिनगर ।नसीम खान क्या नौरंगिया थाना का कांड संख्या 50/24 का अभियुक्त मदनपुर चेकपोस्ट के पास पुलिस के हत्थे चढ़ गया। एएसआई राणा रणजीत सिंह ने बताया कि 24 वर्षीय पन्नालाल साह नामक अभियुक्त को मदनपुर चेकपोस्ट से गुप्त सूचना पर कार्यवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया है ।इस मुजरिम पर अपने ही गांव के राजू राम पर चाकू से हमला करने आरोप है ।अभियुक्त पन्नालाल साह पर धारा 341,323,324,307,506,34 के तहत नौरंगिया थाना में 50/24 कांड में दर्ज है जो फरार चल रहा था।

# गोली कांड में पीड़ित परिवार के साथ न्याय करें प्रशासनःतेजस्वी

## सुबे में अपराधी बेलगाम, पुल गिरना भ्रष्टाचार को बढ़ावा का संकेत



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा । चुनावी हिंसा के दौरान छपरा गोली कांड में मृतक चंदन यादव के साथ प्रशासन न्याय करें, अपराधियों को अविलंब गिरफ्तारी करें, किसी के दबाव में आने की जरूरत नहीं है ' उक्त बातें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शनिवार को छपरा गोली कांड में मृत चंदन यादव के परिजनों से मुलाकात के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए कही ' बता दें कि चुनावी हिंसा के दौरान एनडीए और महागठबंधन के बीच हुई हिंसा में एक राजद कार्यकर्ता चंदन यादव की मृत्यु गोली लगने से हो गई । नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आज चंदन यादव के परिजनों से मिले ' इसके अलावा राहत रोड में भी गोली कांड में एक अल्पसंख्यक समुदाय के युवती को गोली लगी थी।

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने पीड़ित युवती व उनके परिजनों से भी मुलाकात किया ' पत्रकारों से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि घटना हुआ है, समय आने पर इसका हिसाब लेंगे । पीड़ित परिवार ने एक जवान बेटा खोया है, प्रशासन को पीड़ित परिवार के साथ न्याय करने की जरूरत है । उन्होंने कहा कि मैं महसूस कर रहा हूं, प्रशासन पर दबाव है । लेकिन प्रशासन को अपने स्तर से न्याय देने की दिशा में कार्य करने की जरूरत है । मीडिया से बात करते हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि आए दिन बिहार में लूट, हत्या, बलात्कार की घटनाएं हो रही है, लगातार पुल का गिरना जारी है, नीट पेपर लीक होना,छात्रों के साथ खिलवाड़ हो रहा है । डबल इंजीनियर की सरकार में भ्रष्टाचार लागातार बढ़ रहा है, प्रशासन चुप है । नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने लव एन्ड ऑर्डर पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि कहाँ है बिहार में लव एंड ऑर्डर,अपराधी बेलगाम हैं, लगातार अपराधिक घटनाएं को अंजाम दे रहे हैं । इस अवसर पर बड़ी संख्या में राजद कार्य कर्ता और विधायक भी उपस्थित थे ।

# पैसेंजर ट्रेन के लोको पायलट और को-लोको पायलट ने अपनी जान का जोखिम में डालकर बीच पुल खड़ी ट्रेन की मरम्मत की

प्रात: किरण, संवाददाता



बगहा ।गाड़ी संख्या - 05497 नरकटियागंज गोरखपुर पैसेंजर वाल्मिकीनगर एवं पनियहवा के बीच पुल सं०-382 पर अचानक लोको के अनलोडर वाल्व से एयर प्रेशर का लीकेज के कारण ट्रेन बीच पुल पर खड़ी हो गई,जिसे ठीक करने लिए पहुँचने का कोई रास्ता उपलब्ध नहीं था। जहां पैसेंजर ट्रेन के लोको पायलट और को-लोको पायलट ने अपनी जान का जोखिम में डालकर बीच पुल खड़ी ट्रेन की मरम्मत की। इस दौरान लोको पायलट ट्रेन और ट्रैक के बीच रेंगते हुए फॉल्ट वाली जगह तक पहुंचे। वहीं साथी ने पुल से लटक कर तार खींचा,जिससे ट्रेन फिर से स्टार्ट हो सकी। इस पूरे वाकये का वीडियो सामने आया है जो काफी तेज से वायरल हो रहा हैदरअसल, गोरखपुर से नरकटियागंज तक जाने वाली 05497 सवारी गाड़ी के इंजन में एयर लीकेज हो जाने के कारण ट्रेन वाल्मीकि नगर और पनियहवा के बीच पुल पर रुक गई। जैसे ही ट्रेन वाल्मीकि नगर रोड स्टेशन से खुली वछ वॉल्व से लीकेज होने लगा और गाड़ी ङ्ट-298/20 पुल संख्या 382 पर खड़ी हो गई ।बीच पुल ट्रेन रुक जाने से पैसेंजर्स में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वछ वॉल्व पुल के बीचो-बीच लीक हुआ था। ऐसे में लीकेज को बंद करना एक चुनौती थी। इस इमरजेंसी वाली स्थिति में ट्रेन के लोको पायलट अजय कुमार यादव और सहायक लोको पायलट रंजीत कुमार ने अपनी जान की परवाह किए बिना पुल पर होते हुए ट्रेन के नीचे पहुंचे। और वॉल्व को ठीक किया। जिसके बाद ट्रेन सुरक्षित आगे के लिए बढ़ सकी ।मामला गुरुवार का है। इस पूरे वाकये का वीडियो रेलवे ने शुक्रवार को जारी किया है। करीब 5 मिनट के वीडियो में साफ दिख रहा है कि एक लोको पायलट रेलवे ब्रिज के पतली सी रेलिंग के सहारे धीरे-धीरे फॉल्ट वाली जगह तक पहुंचता है। वहीं दूसरा ट्रेन और ट्रैक के बीच की संकरी जगह में रेंगते हुए वॉल्व तक आता है। दोनों काफी मशक्कत से वॉल्व को दुरुस्त कर लीकेज को बंद करते हैं ।दोनों लोको पायलट्स की इस बहादुरी की सराहना हो रही है। यात्री और रेलवे स्टाफ सभी उनकी प्रशंसा कर रहे हैं। डीआरएम विनय श्रीवास्तव ने दोनों पायलटों को धन्यवाद ज्ञापन करते नगद राशि से पुरस्कृत करने की घोषणा भी किया है।



# ऋचा को पसंद आया मिर्जापुर 3 का ट्रेलर

**अली फजल इन दिनों अपनी सीरीज मिर्जापुर 3 को लेकर चर्चा में चल रहे हैं। सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो गया और इस दर्शकों की अच्छी-खासी प्रतिक्रिया भी मिल रही है। इसी क्रम में अली फजल की पत्नी ऋचा चड्ढा ने भी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर सीरीज के ट्रेलर को साझा करते हुए अभिनेता के लुक की तारीफ की है। इसके साथ ही उन्होंने अली के बालों का भी मजाक बनाया है।**

हाल ही में, ऋचा चड्ढा ने इंस्टाग्राम पर मिर्जापुर के तीसरे सीजन का ट्रेलर शेयर किया, जिसमें उनके पति अली फजल और अन्य स्टार कास्ट नजर आ रहे हैं। हीरामंडी अभिनेत्री ने मजाक करते हुए कहा कि उनका बच्चा उनकी शादी की तस्वीरों से लेकर नए लुक तक अली के बालों में अंतर समझ जाएगा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, तो यह आज आ गया, है न, गुड्डू? कम से कम बच्चों को तो पता चलेगा कि शादी की तस्वीरों में डैडी के बाल छोटे क्यों थे, जबकि अब वे लंबे बाल रखते हैं! क्या मैं देख पाऊंगी? अपने पति अली की प्रशंसा करते हुए ऋचा ने कहा, आप इसमें बेहतरीन ही होंगे, चाहे कुछ भी हो। मैंने देखा कि आप कितनी मेहनत करते हैं अली। बता दें कि सीरीज के ट्रेलर में अली फजल का किरदार गुड्डू पंडित पूर्वांचल पर अपनी पकड़ बनाने की कोशिश करता है। ट्रेलर में श्वेता त्रिपाठी, विजय वर्मा, रसिका दुग्गल और अन्य की झलक भी है। एक सीन में गुड्डू को पंकज त्रिपाठी के किरदार की ओर इशारा करते हुए और कहते हुए जा सकता है, कालीन भैया गॉन, और गुड्डू पंडित ऑन।



# कौन हैं सना सुल्तान? बिग बॉस ओटीटी 3 में कर रहीं एंट्री, ब्लॉगर के रूप में शुरू किया था करियर

चर्चित रियलिटी शो बिग बॉस ओटीटी का तीसरा सीजन शुरू हो चुका है। इस बार इस शो में कई दिलचस्प चीजें हैं। सबसे बड़ा बदलाव तो इस शो के होस्ट हैं। इस बार अनिल कपूर बिग बॉस को होस्ट करते दिखेंगे। बिग बॉस ओटीटी 3 के जरिए अनिल कपूर भी बतौर होस्ट डेब्यू ही कर रहे हैं। बिग बॉस के घर की झलक भी सामने आ चुकी है। साथ ही प्रतिभागियों को लेकर भी जानकारियां आ रही हैं। इस बार अधिकांश सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर इस शो की रौनक बढ़ाएंगे। इनमें एक नाम सना सुल्तान का भी है। आइए जानते हैं उनके बारे में...

सामने आए एक प्रोमो में सना सुल्तान की झलक भी सामने आई है। इसके साथ यह पुष्टि हो गई है कि सना सुल्तान भी रियलिटी शो में इस बार धमाल मचाने वाली है। सना सुल्तान एक मॉडल और अभिनेत्री हैं। इसके अलावा वह मशहूर सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर भी है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत बतौर ब्लॉगर की थी। सोशल मीडिया पर सना की तगड़ी फैन फॉलोइंग है। सना खान को क्वीन खान के नाम से भी जाना जाता है। ब्लॉगर के रूप में करियर शुरू करने के बाद सना ने वर्ष 2014 से 2015 तक डबस्मैश वीडियो बनाकर बतौर मॉडल शुरुआत की। उस दौरान ऐसी वीडियो का जबर्दस्त क्रेज था। जल्द ही सना छा गईं। इसके बाद उन्होंने टिकटॉक पर वीडियो बनाना शुरू किया। उनके वीडियो ट्रेंड होने लगे और उनके फॉलोअर्स की संख्या लगातार बढ़ती रही। इसके बाद सना खान ने मॉडलिंग शुरू की। वह कई विज्ञापनों में नजर आईं। 2019 में 'यूसी मिस क्रिकेट' का खिताब जीतने के बाद उन्हें बिलबोर्ड न्यूयॉर्क के टाइम स्कायर बिल्डिंग पर भी दिखाया गया था। सना को पंजाबी गायक और एक्टर शैरी मान के दिलवाले, काका के गुस्ताखी, बी प्राक के रूहेदारियां, जैजी बी और मिलिंद के गाबा की जोड़ी जैसे सुपरहिट म्यूजिक वीडियो के लिए भी जाना जाता है।



# दीपिका पादुकोण को पीछे छोड़ इस मामले में आगे निकलीं आलिया भट्ट

आलिया भट्ट जल्द ही जिगरा फिल्म में नजर आएंगी, जो 11 अक्तूबर, 2024 को रिलीज होगी। इन दिनों आलिया अपनी फिल्मों के अलावा एक और मामले की वजह से सुर्खियां बटोर रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, आलिया भट्ट ने ब्रांड वैल्यू के मामले में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण को पीछे छोड़ दिया है। अब आलिया भट्ट 101.1 मिलियन डॉलर के साथ पांचवें पायदान पर पहुंच गई हैं जबकि दीपिका पादुकोण 96 मिलियन डॉलर के साथ छठे स्थान पर हैं। आलिया भट्ट की पिछली फिल्म की बात करें तो वो रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आई थीं, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार किया था।

# नो एंट्री 2 में एंट्री नहीं मिलने पर आया अनिल कपूर का जवाब

जब से नो एंट्री फिल्म के सीक्वल का एलान हुआ है, तब से इसे लेकर आए दिन कोई न कोई नई जानकारी सामने आ रही है। नो एंट्री साल 2005 में रिलीज हुई एक कॉमेडी फिल्म है। इसके दूसरे भाग में सभी मुख्य किरदारों को बदल दिया गया है। हाल ही में, फरदीन खान ने सीक्वल का हिस्सा न होने पर बातचीत की थी और अब अनिल कपूर ने भी इसी मामले पर कुछ बातें साझा की है।

**घर की बात है, घर में रहने दो**

एक हालिया साक्षात्कार में, अनिल कपूर से नो एंट्री के सीक्वल पर कुछ कहने के लिए कहा गया तो वो बोल पड़े कि घर की बात है, घर में रहने दो। उससे क्या चर्चा करनी चाहिए। दरअसल, नो एंट्री 2 का निर्माण बोनी कपूर कर रहे हैं, जो अनिल कपूर के भाई है। शायद इसी वजह से अनिल कह रहे थे कि पारिवारिक मुद्दों पर बात करने का कोई मतलब नहीं है। नो एंट्री 2 में वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अर्जुन कपूर मुख्य भूमिका अदा करेंगे। फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी करेंगे। फिल्म के पहले भाग को भी उन्होंने ही डायरेक्ट किया था। चर्चा है कि फिल्म की शूटिंग दिसंबर में शुरू हो जाएगी। फिल्म के पहले भाग में सलमान खान, अनिल कपूर और फरदीन खान ने मुख्य किरदार निभाया था।



# मंगल लक्ष्मी मेरे करियर में नई पहचान दिलाएगा

लोकप्रिय टीवी सीरियल मंगल लक्ष्मी में एक्ट्रेस गायत्री सोहम नेगेटिव किरदार निभाती नजर आएंगी। वह अपने बेटे कार्तिक (शुभम दीप्ता) को लेकर बहुत ही पजेसिव है। उन्होंने बताया कि कैसे उनकी आवाज इस किरदार को निभाने में उनकी मदद करेगी। गायत्री ने कहा – कार्तिक की मां गायत्री निगम का किरदार निभाना मेरे लिए कलाकार के तौर पर शानदार एक्सपीरियंस रहा है। वह एक ऐसी मां है, जो अपने बेटे से प्यार और अटेंशन चाहती है। वह अपने बेटे को उसकी बीवी के साथ भी शेयर नहीं करना चाहती.

अपनी किरदार के बारे में ज्यादा जानकारी देते हुए उन्होंने कहा, गायत्री अपने बेटे कार्तिक को किसी भी कीमत पर खोना नहीं चाहती। इसी डर के चलते उसका व्यवहार अटपटा होता है। शादी के बाद बेटे का किसी दूसरी महिला के साथ करीब जाने का विचार उसे सताता है। इसके लिए वह कार्तिक और उसकी पत्नी लक्ष्मी के बीच मुश्किलें पैदा करती हैं, हालांकि यह गलत है। लेकिन उसका व्यवहार उसके मन में चल रहे उथल-पुथल को दिखाता है। गायत्री ने आगे कहा, यह किरदार इसलिए भी खास है क्योंकि मैंने अब तक पॉजिटिव किरदार निभाए हैं। यह किरदार मेरा पहला ग्रे किरदार है, और मेरी भारी आवाज इस किरदार को निभाने में मदद करेगी। मुझे उम्मीद है कि यह शो मुझे मेरे करियर में नई पहचान दिलाएगा।



# तेलुगु फिल्म हीरो हीरोइन में डेब्यू कर रही हैं प्रियंका चाहर चौधरी

एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी आज टीवी और म्यूजिक इंडस्ट्री का बड़ा नाम बन चुकी हैं। वह अक्सर किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। इन दिनों वह दिव्या खोसला स्टारर तेलुगु फिल्म हीरो हीरोइन को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। वह इस फिल्म में अहम रोल निभाने वाली हैं। प्रियंका ने कहा कि मैं हीरो हीरोइन का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। फिल्ममेकर प्रेरणा अरोड़ा के साथ काम करना वाकई शानदार है। यह फिल्म सुनहरा अवसर है, और मैं ऐसे टैलेंटेड कलाकारों और क्रू के साथ अपने किरदार को निभाने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी दिल को छू लेने वाली है, और मैं दर्शकों के लिए कुछ खास लाने के लिए शुरू होने वाले सफर का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। इस फिल्म के जरिए प्रियंका तेलुगु इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। प्रेरणा अरोड़ा द्वारा निर्मित, हीरो हीरोइन में परेश रावल और सोनी राजदान भी हैं। इसकी शूटिंग जुलाई में हैदराबाद के रामोजी फिल्म सिटी में शुरू होने वाली है। प्रियंका अपने वेब शो दस जून की रात की रिलीज के लिए भी तैयार हैं, इसमें उनके साथ तुषार कपूर भी हैं। शो का प्रीमियर जल्द ही होने वाला है। जयपुर में जन्मी प्रियंका ने 2018 में फिल्म लतीफ टू लादेन में चांदनी की भूमिका निभाई। इसके बाद 2019 में गठबंधन के साथ छोटे पर्दे की दुनिया में कदम रखा। वह क्राइम थ्रिलर फिल्म कैंडी ट्विस्ट में भी नजर आईं।





# मुझे एक्टिंग के अलावा कुछ नहीं आता है, मेरे करियर का बेस्ट पार्ट आना अभी बाकी है

एक्टर और कॉमेडियन सुनील ग्रोवर हाल ही में फिल्म 'ब्लैक आउट' में नजर आए। इस फिल्म में उनका किरदार ग्रे शेड लिए हुए है। अपनी कॉमिक इमेज से हटकर इसमें उन्होंने अपना एक नया रूप दिखाया है। सुनील ने कहा, मुझे एक्टिंग के अलावा कुछ नहीं आता है। मेरे करियर का बेस्ट पार्ट आना अभी बाकी है। इसके अलावा उन्होंने अपनी फिल्म ब्लैक आउट के बारे में भी बात की।

**ब्लैक आउट की स्क्रिप्ट आपको कैसे अप्रोच हुई थी?**

मुझे नीरज कोठारी जी का फोन आया था। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के जो राइटर हैं अब्बास और हुसैन दलाल वो आपको कुछ सुनाना चाहते हैं। फिर बाद में जब मैं उनसे मिलने पहुंचा तो डायरेक्टर देवांग भी वहां थे जिन्होंने अब्बास और हुसैन के साथ ये कहानी लिखी है। मैंने कहानी सुनी तो मुझे मजा आ गया। मुझे लगा ये फिल्म तो करनी चाहिए और फिर मैंने इसके लिए हामी भर दी। इस पूरी फिल्म में ही काफी सस्पेंस है। मेरे किरदार के साथ भी कुछ सस्पेंस जुड़े हुए हैं। जिन्होंने ये फिल्म अभी तक नहीं देखी है मैं चाहता हूं कि वह देखें। मैंने भी जब स्क्रिप्ट पढ़ने के दौरान वो सारे सस्पेंस पढ़े तो बड़ा अच्छा लगा। मुझे काफी फीडबैक भी मिले कि लोग मेरे किरदार को काफी पसंद कर रहे हैं।

**आगे आपके पास क्या प्रोजेक्टस हैं?**

एक वेब सीरीज भी है अगले महीने से उस पर भी काम शुरू होने वाला है। साथ ही एक फिल्म है जिसकी शूटिंग मैं जुलाई में शुरू करूंगा। फिलहाल नाम रिवील नहीं कर पाऊंगा।

**कपिल शर्मा के शो से ब्रेक के दौरान कभी लगा नहीं कि 'चला लल्लन हीरो बनने...' को फिर शुरू करें?**

मेरा मानना है कि हर चीज की एक उम्र होती है। एक दौर था जब मैं 'चला लल्लन हीरो बनने' शो कर रहा था। उस समय लोग उस शो को काफी पसंद भी करते थे। मैंने उसमें भी कई तरह के अवतार लिए थे। मैंने खुद भी वह शो काफी एंजॉय किया। ऑलमोस्ट मैंने दो साल तक वह शो किया था। उसके बाद मैंने एक अलग जर्नी शुरू की, अलग किरदार किए। अगर वही करता रहता तो उससे बाहर कैसे निकलता। हालांकि, उस शो को करने में बहुत मजा आया था। अलग-अलग किरदार करने में काफी मजा तो आता है।

**आप इतने लंबे समय से इंडस्ट्री में क्या लगता है सही ड्यू मिला है आपको फिल्मों में?**

मुझे लगता है कि मेरी उम्मीद से अधिक ड्यू मुझे मिला है। मेरा मानना है कि हर चीज की एक जर्नी होती है। अगर शुरुआत थोड़ा स्लो फेज भी रहा है तो टाइम भी लगा कुछ हासिल करने में। मैंने तो उस समय को भी एंजॉय किया जब काम नहीं था या कम था। मुझे अंदर से लगता था कि ये टाइम दोबारा नहीं मिलेगा तो मजा कर लो। फिर जब बिजी हो गया तो उस फेज का भी खूब आनंद लिया। अब मैं अपनी पसंद से काम करता हूं जो मुझे अच्छा लगता है। मैं खुद को बहुत लकी भी मानता हूं कि अच्छे लोगों के साथ काम करने का मौका मिला। आगे मेरी तमन्ना है कि अलग-अलग तरह के किरदार करूं, अलग-अलग तरीके से करूं।

**क्या लगता है कि वेब सीरीज में आपको ज्यादा तवज्जो मिल रही है?**

वेब सीरीज में अच्छा स्क्रीन स्पेस तो मिला है। ऐसा भी नहीं है कि मुझे वेब स्पेस में कॉमिक इमेज से हटकर कुछ करना है। मैं अपनी कॉमिक इमेज से खुश हूं। वो तो मैं लकी हूं कि मुझे अलग-अलग तरह का काम करने का मौका मिल गया। उन डायरेक्टर्स का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मुझे अलग तरह से यूज किया। मुझे खुशी है इस बात की।

**आपको पर्सनली कॉमिक एक्टर के टैग से कोई प्रॉब्लम तो नहीं?**

यहां बात सिर्फ जॉनर की नहीं है। एक अच्छी स्क्रिप्ट होनी चाहिए। कोई भी जॉनर हो मैं करना चाहूंगा। मान लीजिए एक कॉमेडी स्क्रिप्ट है जिसकी कहानी बेहतरीन और दूसरी तरफ एक दूसरे जॉनर की स्क्रिप्ट जो एवरेज है तो मैं कॉमेडी ही करूंगा। जिसकी स्क्रिप्ट अच्छी हो, किरदार अच्छा हो वह करूंगा।


**ऐसा क्या है इस फील्ड में जो अभी तक आपने एक्सप्लोर नहीं किया है?**

मैंने तो जितना करना था उससे ज्यादा ही एक्सप्लोर किया है। मुझे एक्टिंग के अलावा और कुछ आता ही नहीं है। मैं और किसी फील्ड में हाथ नहीं आजमाता। मुझे सिर्फ एक्टिंग में ही आनंद आता है। मैं राइटिंग या डायरेक्शन या और किसी काम को कर ही नहीं सकता। मेरा इन चीजों में कोई अनुभव भी नहीं है और रुचि भी नहीं है। करिअर में बेस्ट धीरे-धीरे आना बाकी है।




## संक्षिप्त समाचार

### रैलिस इंडिया ने लॉन्च किया एक अनूठे और अलग किस्म का फॉर्म्युलेशन मार्क प्लस




**भोपाल।** टाटा समूह के उद्यम और भारतीय कृषि इनपुट उद्योग की अग्रणी कंपनी, रैलिस इंडिया लिमिटेड ने मध्य प्रदेश में एक नया खरपतवार नाशक, मार्क प्लस लॉन्च किया है। मूंगफली और सोयाबीन जैसी फसलों के लिए प्रभावी खरपतवार नाशक गुणों के साथ यह इन पर व्यापक नियंत्रण प्रदान करता है। इस उत्पाद को शुरुआत में मध्य प्रदेश में लॉन्च किये जाने के बाद गुजरात, महाराष्ट्र और देश भर के अन्य प्रमुख बाज़ारों में भी पेश किया जाएगा।
मार्क प्लस शक्तिशाली खरपतवार नाशक है, जो सोयाबीन और मूंगफली की फसलों में खरपतवार उगने से पहेले के दौर में विभिन्न किस्म के खरपतवारों को प्रभावी ढंग से नियंत्रित करता है। इसे उन्नत शोध के ज़रिये तैयार किया गया है और इसमें दो सक्रिय अवयवों का एक नया फॉर्म्युलेशन है, जिसे पहली बार भारत में पेश किया जा रहा है। मार्क प्लस, दो अलग-अलग तरीकों से काम करता है- यह एएलएस (खरपतवार के बढ़ने के लिए आवश्यक एक एंज़ाइम) को रोकता है और माइक्रोट्यूब्यूल के निर्माण (खरपतवार में कोशिका विभाजन के लिए आवश्यक) को बाधित करता है। यह दोहरी प्रक्रिया व्यापक और दीर्घकालिक खरपतवार नियंत्रण सुनिश्चित करती है। रैलिस इंडिया लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी, एस नागराजन ने नए लॉन्च किए गए खरपतवार नाशक उत्पाद के लाभों के बारे में कहा, हम मार्क प्लस को पेश करते हुए उत्साहित हैं, जो मूंगफली और सोयाबीन की फसलों में खरपतवार नियंत्रण की ज़रूरत को पूरा करने के लिए तैयार किया गया एक प्रभावी और उन्नत खरपतवार नाशक है। यह खरपतवार नाशक उत्पाद, रैलिस का अनूठा उत्पाद है और किसानों की उभरती ज़रूरतों को पूरा करने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

### अवांस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने आईपीओ के लिए सेबी के पास दाखिल किया डीआरएचपी

**मुंबई, एजेंसी।** देश में संचालित शिक्षा केंद्रित गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) अवांस फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। अवांस फाइनेंशियल सर्विसेज 31 मार्च, 2024 तक प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियों (एयूएम) के हिसाब से भारत में दूसरी सबसे बड़ी शिक्षा केंद्रित एनबीएफसी है (स्रोत- क्रिसिल रिपोर्ट)। वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान इसका दूसरा सबसे अधिक डिसबर्समेंट हुआ और भारत में शिक्षा केंद्रित एनबीएफसी के बीच अवांस फाइनेंशियल ने वित्तीय वर्ष 2024 में कर के बाद दूसरा सबसे अधिक लाभ दर्ज किया। कंपनी फुल स्टैक एजुकेशन ऑफरिंग प्रदान करती है। इसमें छात्रों के लिए शिक्षा ऋण से लेकर शिक्षा संस्थानों के लिए ग्रोथ केपिटल जुटाने के लिए एजुकेशन इन्फ्रास्ट्रक्चर लोन भी शामिल है (स्रोत- क्रिसिल रिपोर्ट)। छात्र-ऋण - अंतर्राष्ट्रीय और शिक्षा ऋण - घरेलू व्यवसायों के माध्यम से, कंपनी भारतीय छात्रों और पेशेवरों को ऋण और अन्य मूल्यवर्धित सेवाएं प्रदान करती है, जिन्हें विदेशों में या घरेलू संस्थानों में अध्ययन करने के लिए भर्ती कराया जाता है।

# रसोई घरों से गायब होने लगी हैं सब्जियां; एक साल में खाद्य पदार्थों में 65 फीसदी तक इजाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भीषण गर्मी के बीच महंगाई एक बार फिर आम लोगों को सताने लगी है। पिछले एक साल में जरूरी वस्तुओं के दाम 65 फीसदी तक बढ़ चुके हैं। सब्जियों की कीमतें इतनी ज्यादा बढ़ गई हैं कि अधिकतर रसोई घरों से अब ये गायब होने लगी हैं। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के मुताबिक, प्याज, आलू और टमाटर की कीमतें सबसे अधिक बढ़ी हैं। इनके अलावा, चावल, दाल और खाने-पीने की अन्य वस्तुएं भी महंगी हुई हैं।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय की वेबसाइट पर उलपब्ध आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 21 जून को चावल की कीमत 40 रुपये प्रति किलोग्राम थी, जो अब बढ़कर 45 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। मूंग दाल की कीमत 109 रुपये से 10 फीसदी बढ़कर 119 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। मसूर दाल 92 रुपये से बढ़कर 94 रुपये और चीनी का भाव 43 रुपये से बढ़कर 45 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया है। दूध भी 58 रुपये से बढ़कर 59 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है। हालांकि, इस दौरान खाद्य तेलों की कीमतों में गिरावट आई है। मूंगफली तेल का दाम करीब-करीब स्थिर है। सरसों तेल का भाव 142 रुपये से घटकर 139 रुपये लीटर, सोया तेल 132 से घटकर 124 रुपये लीटर रह गया है। पाम तेल की कीमत 106 से गिरकर 100 रुपये पर आ गई है। चाय की कीमत भी 274 रुपये से मामूली बढ़कर 280 रुपये के स्तर पर पहुंच गई है।



### आसमान पर पहुंचे सब्जियों के दाम

खुदरा बाजारों के आंकड़ों से पता चलता है कि सब्जियों की कीमतों भी आसमान पर हैं। फूलगोभी 80 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिक रहा है। परवल भी खुदरा बाजारों में 60 रुपये प्रति किलोग्राम है। लौकी भी इस समय 60 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव बिक रही है।

### खाद्य कीमतों के कारण खुदरा महंगाई घटने की रफ्तार सुस्त

खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने से कुल खुदरा महंगाईघटने की रफ्तार सुस्ती है। शुक्रवार को जारी एमपीसी (मौद्रिक नीति समिति) मिनट्स के मुताबिक, आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने इस माह की शुरुआत में एमपीसी बैठक में कहा था, मुख्य खुदरा महंगाई घट रही है, लेकिन इसकी गति धीमी है और मुद्रास्फीति में गिरावट का अंतिम चरण धीरे-धीरे लंबा खिंचता जा रहा है। हालांकि, सामान्य मानसून ही मूल्य दबाव को कम कर सकता है।

### अगस्त से घट सकते हैं दाम

मानसून उम्मीद के मुताबिक रहता है तो अगस्त से सब्जियां सस्ती हो सकती हैं।हालांकि, कम आपूर्ति से दूध, अनाज और दालों की कीमतें ऊंची बनी रहने की आशंका है। अगले सीजन में उत्पादन घटने से चीनी की कीमतें भी ऊंची बनी रह सकती है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर पर



**मुंबई, एजेंसी।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 जून को समाप्त सप्ताह में 2.92 अरब डॉलर घटकर 652.89 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.30 अरब डॉलर के उछाल के साथ 655.82 अरब डॉलर के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक 14 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 2.09 अरब डॉलर घटकर 574.24 अरब डॉलर रही।
डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.01 अरब डॉलर घटकर 55.97 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 5.4 करोड़ डॉलर घटकर 18.11 अरब डॉलर रहा।

## कृषि संगठनों ने बजट में शोध एवं विकास पर अधिक खर्च, सब्सिडी सुधारों की मांग रखी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के साथ बजट-पूर्व परामर्श बैठक में कृषि संगठनों और विशेषज्ञों ने शुक्रवार को कृषि शोध में निवेश बढ़ाने, उर्वरक सब्सिडी को युक्तिसंगत बनाने और जलवायु परिवर्तन को लेकर कृषि क्षेत्र की जुझारू क्षमता बढ़ाने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर दिया। ढाई घंटे चली इस बैठक में कृषि क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के लिए बजट आवंटन को 9,500 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 20,000 करोड़ रुपए करने की वकालत की।

भारतीय खाद्य एवं कृषि चैंबर (आईसीएफए) के चेयरमैन एम जे खान ने क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए ''कृषि अनुसंधान एवं विकास में बड़े पैमाने पर निवेश की जरूरत पर बल दिया। विशेषज्ञों ने प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरण के लिए कृषि से संबंधित सारी सब्सिडी का एकीकरण करने और यूरिया के खुदरा मूल्य में वृद्धि करने की भी मांग की। सब्सिडी के माध्यम से जैव-उर्वरकों और पत्तों से बने उर्वरकों को बढ़ावा देने की मांग भी की गई। भारत कृषक समाज के अध्यक्ष अजय वीर जाखड़ ने शिक्षा और अनुसंधान के बीच कृषि निधि को अलग करने का सुझाव दिया। उन्होंने बताया कि कृषि शोध पर मिलने वाला रिटर्न अन्य निवेशों की तुलना में दस गुना अधिक होने के बावजूद बीते दो दशकों में बजट वृद्धि मुद्रास्फीति दरों से पीछे रह गई है। कृषि क्षेत्र के जानकारों ने फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तय करने के लिए बनी समिति को भंग करने, भारत के लिए एक नई कृषि नीति लागू करने और केंद्र-प्रायोजित योजनाओं में मानव संसाधन विकास के लिए वित्तपोषण अनुपात को 60:40 से बदलकर 90:10 करने का भी सुझाव दिया।

# तुअर, उड़द, मसूर की शत प्रतिशत खरीद एमएसपी पर करेगा केंद्र; केंद्रीय मंत्री शिवराज ने किया एलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने व आयात कम करने के लिए केंद्र सरकार तुअर, उड़द और मसूर की शत प्रतिशत खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करेगी। केंद्रीय किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के कृषि मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठक में कहा कि यदि किसानों को बाजार में उनकी उपज का एमएसपी नहीं मिलेगा तो केंद्र सरकार किसानों की शत प्रतिशत उपज खरीदेगी।

शिवराज ने कहा, एमएसपी पर 100 प्रतिशत फसलों की खरीद के लिए किसानों समृद्धि पोर्टल पर पंजीकरण कराना होगा। इसे केंद्र सरकार ने नेफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से शुरू किया है। एक अधिकारी ने कहा, बैठक में केंद्रीय मंत्री ने 2015-16 के बाद से दलहन उत्पादन में 50 प्रतिशत की वृद्धि के लिए राज्यों की प्रशंसा की, लेकिन प्रति हेक्टेयर उपज में सुधार के लिए और प्रयास करने का आह्वान किया। चौहान ने कहा, भारत ने पिछले दशक में दाल आयात पर अपनी निर्भरता 30 से घटाकर 10 प्रतिशत कर दी है, जिससे मूंग और चना में आत्मनिर्भरता हासिल हुई है।



दलहन के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 150 दलहन बीज केंद्र खोले हैं और कम उत्पादकता वाले जिलों में आईसीएमआर विशेष चक बनाकर उत्पादकता को बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। बैठक में शिवराज ने दलहन की खेती करने वाले किसानों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए दलहन की विशेष किस्में ईजाद की जा रही हैं।

काबुली चना, तुअर और चना पर स्टॉक सीमा लागू...दालों की बढ़ती कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए काबुली चना, तुअर दाल, और चना पर 30 सितंबर तक स्टॉक सीमा लागू कर दी। नए नियमों के तहत सभी दाल कारोबारियों को अपने दलहन स्टॉक की जानकारी 30 सितंबर तक हर सप्ताह सरकार के पोर्टल पर देनी होगी।

सरकार का मानना है कि मौजूदा समय में दाल की कीमतें बढ़ने की वजह जमाखोरी और सट्टेबाजी है। थोक विक्रेताओं के लिए यह सीमा 200 मीट्रिक टन है। खुदरा विक्रेताओं व दुकानदारों के लिए 5 मीट्रिक टन है। बड़ी श्रृंखला के विक्रेताओं और डिपो पर 200 मीट्रिक टन दाल जमा की जा सकेगी। मिल मालिकों के लिए उत्पादन के अंतिम तीन महीने या वार्षिक क्षमता का 25 फीसदी से जो भी ज्यादा होगा, वह लागू होगा।

### आयातकों पर भी शिकंजा

केंद्र सरकार ने आयातकों पर भी शिकंजा कसा है। अब वह सीमा शुल्क निकासी की तारीख से 45 दिन से ज्यादा स्टॉक नहीं रख पाएंगे। उन्हें उपभोक्ता मामलों के विभाग के पोर्टल पर स्टॉक की जानकारी देनी होगी। यदि तय मात्रा से अधिक स्टॉक उनके पास है तो उन्हें 12 जुलाई तक इसका निपटारा करना होगा।

### 24 अगस्त से अफ्रीकी देशों से होने लगेगा आयात

केंद्र ने कहा है कि 24 अगस्त से अफ्रीकी देशों से तुअर दाल का आयात शुरू होने के साथ दाल की कीमतों में नरमी आएगी। इसके अलावा इस क्रम में ऑस्ट्रेलिया से अक्तूबर से दालें आने लगेंगीं। अच्छे मानसून से भी कीमतों को कम करने में सहायता मिलेगी।

## किको ग्लोबल सर्विसेज लिमिटेड का आईपीओ 25 को खुलेगा

**मुंबई, एजेंसी।** क्रेडिट कार्ड, लोन और कैसा जैसे वित्तीय प्रोडक्ट्स के वितरण में सुविज्ञता रखने वाली, अकिको ग्लोबल सर्विसेज लिमिटेड ने 25 जून 2024 को इनिशियल पब्लिक आफरिंग (आईपीओ) के साथ पब्लिक में जाने की अपनी योजना की घोषणा की है. कंपनी का इरादा इस आईपीओ के मार्फत अपर बैंड पर 23.11 करोड़ एकत्र करना है. कंपनी के शेयर्स सेट एनएसई इमर्ज प्लेटफार्म पर लिस्ट होंगे.आईपीओ से प्राप्त होने वाली शुद्ध धनराशि का उपयोग इआरपी सॉल्यूशंस और टेलिसीआरएम के क्रियान्वयन, वित्तीय प्रोडक्ट सॉल्यूशंस के लिए मोबाइल एप्लीकेशंस के डेवलपमेंट, कार्यशील पूंजी की जरूरत पूरी करने, ब्रांड की विजिबिलिटी और जागरूकता बढ़ाने और आम कॉर्पोरेट कार्यों के लिए किया जाएगा. एंकर पोर्शन की बिडिंग 24 जून, 2024 को खुलेगी. सभी अन्य श्रेणियां के अभिदान के लिए इश्यू 25 जून, 2024 को खुलेगा और 27 जून 2024, को बंद होगा. इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर फास्ट ट्रैक फिनसेक प्राइवेट लिमिटेड है. इश्यू की रजिस्ट्रार स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड है. इश्यू की मार्केट मेकर निकुंज स्टॉकब्रोकर लिमिटेड है।

## तीसरी बार बोनस शेयर बांट रही है कंपनी, 1 पर 1 शेयर फ्री, 10 दिन बाद रिकॉर्ड डेट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बोनस शेयर बांटने वाली कंपनियों पर दांव लगाने वाले निवेशकों के लिए गुड न्यूज है। जीपीटी इंफ्राप्रोजेक्ट्स की तरफ से बोनस शेयर का तोहफा दिया जाएगा। कंपनी तीसरी बार बोनस शेयर देने जा रही है। जिसके लिए तय रिकॉर्ड डेट 10 दिन बाद है। बता दें, इस बार कंपनी 1 शेयर पर 1 शेयर बोनस दे रही है। इस मल्टीबैगर स्टॉक ने निवेशकों को 1 शेयर पर 1 शेयर बोनस देने का ऐलान किया था। कंपनी ने अब इस बोनस इश्यू के लिए रिकॉर्ड डेट घोषित कर दिया है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा है कि 3 जुलाई दिन बुधवार, बोनस शेयर के लिए रिकॉर्ड डेट घोषित हुआ है।

# बजाज आलियांज लाइफ़ इन्वेस्ट प्रोटेक्ट गोल के साथ मिलेगी बेमिसाल वित्तीय सुरक्षा

### अधिकतम लाइफ़ कवर के साथ-साथ बाजार से जुड़े रिटर्न की पेशकश

**पुणे एजेंसी।** भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ़ इंश्योरेंस ने आज बजाज आलियांज लाइफ़ इन्वेस्ट प्रोटेक्ट गोल का नया वर्जन लॉन्च किया है। कंपनी ने इसमें सुरक्षा को सबसे ज्यादा अहमियत देने वाले अपने इनोवेटिव यूलिप प्लान पर फिर से जोर दिया है, जिसके तहत एक ही प्लान में अधिकतम लाइफ़ कवर के साथ-साथ बाजार से जुड़े रिटर्न की पेशकश की जाती है। कंपनी ने ग्राहकों को अपने परिवार के जीवन लक्ष्यों की हिफाजत करने के साथ-साथ धन कमाने में मदद करने के लिए इस प्रोडक्ट को डिज़ाइन किया है। इसके अलावा, ग्राहक इस प्लान के साथ दिए जाने वाले राइडर्स के माध्यम से विकलांगता और मृत्यु के खिलाफ अतिरिक्त दुर्घटना कवर का भी लाभ उठा सकते हैं।

BAJAJ Allianz
LIFE GOALS. DONE.

मौजूदा दौर में भारतीय बाजार का तेज गति से विकास हो रहा है, जो निवेश के लिए आशाजनक अवसर प्रदान कर रहा है। इस तरह के मजबूत आर्थिक माहौल से किसी भी व्यक्ति के लिए धन कमाने की संभावनाओं का दायरा काफी बढ़ जाता है। आर्थिक प्रगति के अलावा, इंसान को मृत्यु या विकलांगता जैसी जीवन की अनिश्चितताओं से भी सुरक्षा की जरूरत होती है। इसी के अनुरूप, बजाज आलियांज लाइफ़ इन्वेस्ट प्रोटेक्ट गोल आपके लिए सुरक्षा और प्रगति का बेजोड़ संगम है, साथ ही यह आपको अपनी ज़रूरत के अनुसार जीवन बीमा की रकम चुनने की सुविधा भी देता है। बजाज आलियांज लाइफ़ के इस प्लान में ढेर सारी सुविधाओं को शामिल किया गया है, जो किसी व्यक्ति के लिए सुरक्षा और अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सबसे बेहतर फैसला हो सकता है। इसके अलावा, कई ऐसे कारण भी हैं जो बजाज आलियांज लाइफ़ इन्वेस्ट प्रोटेक्ट गोल के ग्राहकों को लंबे समय तक इस नए प्रोडक्ट में अपने निवेश को बरकरार रखने के लिए प्रेरित करते हैं, जिनमें शामिल हैं- निवेश को बरकरार रखने के पुरस्कार के रूप में लॉयल्टी एडिशन, फंड मेंटेनेंस बूस्टर, जो सुनिश्चित करता है कि ग्राहक चुनी गई पॉलिसी अवधि के दौरान सुरक्षित रहें। बजाज आलियांज लाइफ़ इन्वेस्ट प्रोटेक्ट गोल 7वें पॉलिसी वर्ष से प्रीमियम आवंटन शुल्क की वापसी और मृत्यु शुल्क की वापसी भी प्रदान करता है, जो ग्राहकों के फंड वैल्यू को बढ़ाने में मदद करता है।

# सिग्निफाई ने इंडिया लाइट फेस्टिवल 2024 में नेचरकनेक्ट लाइटिंग लॉन्च की

### प्रकृति की लय पर आधारित, उद्योग में पहले इनोवेशन ने प्राकृतिक रोशनी इनडोर पहुँचाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** लाइटिंग क्षेत्र में दुनिया की अग्रणी कंपनी, सिग्निफाई (यूरोनेक्स्टरू लाइट) ने उद्योग में पहले रिवोल्यूशनरी प्रोडक्ट, नेचरकनेक्ट के लॉन्च की घोषणा की है। यह घर के अंदर प्राकृतिक रोशनी प्रदान करके स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए डिजाइन की गई है। बायोफिलिक डिजाइन सिद्धांतों से प्रेरित, नेचरकनेक्ट सूर्य की प्राकृतिक रोशनी प्रदान करती है, जो प्रकृति के नियम के अनुरूप जीवन को प्रेरित कर बेहतर मूड, बेहतर फोकस और अच्छी नींद प्रदान करती है। इस लॉन्च के बारे में सुमित जोशी, सीईओ और एमडी, सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया ने कहा, हमें भारत में अपना यह उद्योग का प्रथम इनोवेशन लाने पर गर्व है। नेचरकनेक्ट घर में प्राकृतिक रोशनी प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है। इसमें रिवोल्यूशनरी लाइटिंग सिस्टम दिया गया है, जो विस्तृत शोध द्वारा विकसित हुआ है और भारत में प्रोफेशनल स्थानों, हॉस्पिटलिटी और हेल्थकेयर उद्योग के लिए प्राकृतिक इनडोर लाइट का सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न करता है। स्मार्ट कंट्रोल्स और एनर्जी-एफिशिएंट एलईडी के साथ नेचरकनेक्ट पूरे दिन बदलते प्रकाश के अनुरूप अपनी रोशनी को एडजस्ट करता रहता है, जिससे सेहत और उत्पादकता में सुधार होता है। सिग्निफाई में हम केवल ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने वाले ही नहीं बल्कि उनकी अपेक्षाओं से बढ़कर उत्पाद बनाने में विश्वास रखते हैं। इस लॉन्च के साथ हमें विश्वास है कि हम इनडोर लाइटिंग के मानकों को फिर से परिभाषित कर देंगे। अध्ययनों में सामने आया है कि लोगों का 90: समय घर के अंदर बीतता है। इसलिए इनडोर वातावरण का स्वस्थ होना बहुत जरुरी है। नेचरकनेक्ट में एक प्रमाणित बायोफिलिक डिजाइन सिद्धांत का उपयोग किया गया है, जिससे इनडोर स्थानों में प्राकृतिक तत्वों का उपयोग कर एक स्वस्थ, आकर्षक और प्रेरक वातावरण का निर्माण होता है।



संक्षिप्त समाचार

## एंडी मरे पीठ की चोट से निपटने के लिए लेंगे सर्जरी का सहारा



**लंदन (एजेंसी)।** पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी एंडी मरे विंबलडन या पेरिस ओलंपिक में खेलने की कोशिश के बारे में कोई फैसला लेने से पहले पीठ की चोट से निपटने के लिए शनिवार को सर्जरी करवाएंगे। 37 साल के मरे ने पीठ दर्द के कारण बुधवार को क्वींस क्लब में अपने दूसरे दौर के मैच को बीच में ही छोड़ दिया था, तब वह जॉर्डन थॉम्पसन से 1-4 से पीछे चल रहे थे। ब्रिटेन के इस खिलाड़ी ने मुकाबले के शुरू होने से पहले ही अपने दाहिने पैर में परेशानी की शिकायत की थी। मरे पिछले कई साल से लगातार अलग-अलग चोट का सामना कर रहे हैं। दो बार के विम्बलडन विजेता मरे ने इस साल के अंत में संन्यास लेने का संकेत दिया है। उनकी प्रबंधन टीम ने पुष्टि की कि शनिवार को उनकी सर्जरी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। इस बारे में कोई अन्य जानकारी नहीं दी गई। ऑल इंग्लैंड क्लब (विम्बलडन) में पहले दौर का खेल एक जुलाई से शुरू होगा।

## भारतीय महिला कम्पाउंड तीरंदाजी टीम ने विश्व कप में लगाई स्वर्ण पदकों की हैट्रिक



**अंताल्या (तुर्की) (एजेंसी)।** भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की कम्पाउंड महिला टीम ने इस सत्र में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शनिवार को यहां तीसरे चरण में एस्टोनिया पर जीत से विश्व कप में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त इस तिकड़ी ने यहां एकतरफा फाइनल में एस्टोनिया की लिसेल जाटमा, मीरी मैरिटा पास और मैरिस टेट्समैन को 232-229 से हराया। भारत की महिला कम्पाउंड टीम ने अप्रैल में शंघाई और और मई में येचियोन में क्रमशः विश्व कप के पहले चरण और दूसरे चरण के स्वर्ण पदक जीते थे।

इस तरह टीम इस सत्र में अपराजेय रही है। भारतीय पुरुष कम्पाउंड तीरंदाज प्रियांश भी दिन में कांस्य पदक का मुकाबला खेलेंगे। रिकर्व वर्ग में अंकिता भकत और धीरज बोम्मादेवरा भी दो पदकों की दौड़ में हैं क्योंकि दोनों व्यक्तिगत सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं।

टी-20 वर्ल्ड कप

# अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करने उतरेगा इंग्लैंड

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** गत चैंपियन इंग्लैंड को टी20 विश्व कप में अगर अपनी उम्मीदें जीवंत रखनी हैं तो उसे अमेरिका के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले सुपर आठ के अपने अंतिम मैच में बड़ी जीत दर्ज करनी होगी और ऐसे में उसके 'पावर हिटर% की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। इंग्लैंड के बल्लेबाज दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 164 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर पाए और इस मैच में हार के कारण उसका नेट रन रेट भी गड़बड़ा गया।

वेस्टइंडीज की अमेरिका के खिलाफ बड़ी जीत से इस ग्रुप में सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ रोमांचक हो गई है। ऐसी परिस्थितियों में इंग्लैंड को अपने नेट रन रेट में सुधार करने के लिए अमेरिका पर बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। दक्षिण अफ्रीका ने ग्रुप दो में अपने दोनों मैच जीते हैं और वह अभी शीर्ष पर काबिज है लेकिन वेस्टइंडीज और इंग्लैंड की जीत से समीकरण बदल सकते हैं। तीनों टीम में अभी वेस्टइंडीज का नेट रन रेट बेहतर है।

अभी किसी भी टीम ने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की नहीं की है और इंग्लैंड को अंतिम चार में जगह बनाने की होड़ में बने रहने के लिए अमेरिका के खिलाफ कम से कम 10 रन या एक ओवर शेष रहते हुए जीत हासिल करनी होगी। अगर इंग्लैंड ऐसा करने में सफल हो जाएगा तो दक्षिण अफ्रीका की मुश्किल बढ़ जाएगी क्योंकि वेस्टइंडीज के खिलाफ यहां तक कि सुपर ओवर में हारने पर भी वह बाहर हो जाएगा। यदि दक्षिण अफ्रीका जीत दर्ज करने में सफल रहता है और इंग्लैंड की टीम अमेरिका से हार जाती है तो फिर वेस्टइंडीज, इंग्लैंड और अमेरिका में से जिसका नेट रन रेट बेहतर होगा वह ग्रुप से दूसरे स्थान पर रहकर सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा।



इंग्लैंड को अगर अपना नेट रन रेट सुधारना है तो उसके बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उसके बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वह इसे नहीं दोहरा पाए। फिल साल्ट शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने अपने पिछले 10 टी20 मैचों में दो शतक और एक अर्धशतक लगाया है लेकिन पिछले मैच में उनके जल्दी आउट होने से इंग्लैंड को धमाकेदार शुरुआत नहीं मिल पाई।

कप्तान जोस बटलर और जॉनी बेयरस्टो बड़े शॉट नहीं लगा सके। हैरी ब्रूक (53) और लियाम लिविंगस्टोन (33) ने मोर्चा संभाला लेकिन इंग्लैंड अंतिम तीन ओवर में 25 रन नहीं बन पाया। इसके बावजूद अमेरिका के गेंदबाजों के लिए इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर अंकुश लगाना मुश्किल होगा। अमेरिका को अपने पिछले दोनों मैच में हार का सामना करना पड़ा और अगर वह सेमीफाइनल में जगह बनाता है तो यह किसी चमत्कार से कम नहीं होगा।

### टीम इस प्रकार हैं

**इंग्लैंड** - जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम करन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक्स, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल साल्ट, रीस टॉपले और मार्क वुड।

**अमेरिका** - मोनंक पटेल (कप्तान), आरोन जोन्स, एंड्रीज गौस, कोरी एंडरसन, अली खान, हरमीत सिंह, जेसी सिंह, मिलिंद कुमार, निसर्ग पटेल, नितीश कुमार, नोशतुश केंजीगे, सौरभ नेत्रलवकर, शैडली वैन शल्कविक, स्टीवन टेलर, शायन जहांगीर। रिजर्व खिलाड़ी- गजानंद सिंह, जुआनॉय ड्रिस्डेल, यासिर मोहम्मद।

**समय** - रात 8 बजे।

## बाबर आजम कर सकते हैं पूर्व खिलाड़ियों और यूट्यूबर्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई

**इस्लामाबाद (पाकिस्तान) (एजेंसी)।** पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम उन यूट्यूबर्स और पूर्व क्रिकेटरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर सकते हैं जिन्होंने टी20 विश्व कप में उनके अभियान के दौरान उन पर 'दुर्व्यवहार' का आरोप लगाया था। बाबर और पाकिस्तान की टीम को विश्व कप अभियान के कारण पूर्व खिलाड़ियों और प्रशंसकों की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। एक रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि पाकिस्तान के अभियान के दौरान बाबर को 'निशाना' बनाने के लिए सोशल मीडिया अभियान चलाया गया, जिससे वह 'निराश' महसूस कर रहे थे।



यह भी बताया गया कि यूट्यूबर्स और पूर्व क्रिकेटरों द्वारा दिए गए बयानों से संबंधित साक्ष्य पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के कानूनी विभाग द्वारा एकत्र किए जा रहे हैं। कुछ खिलाड़ी और अधिकारी बुधवार की सुबह एक निजी एयरलाइन की उड़ान से लाहौर के अल्लामा इकबाल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। वापस लौटने वाले खिलाड़ियों में नसीम शाह, उस्मान खान और वरिष्ठ प्रबंधक वहाब रियाज शामिल थे। लेकिन, 15 सदस्यीय टीम के कुछ खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट से जल्दी बाहर होने के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका में अपने प्रवास को बढ़ाने का फैसला किया। बाबर, इमाद वसीम, हारिस रऊफ, शादाब खान और आजम खान के साथ शनिवार को रवाना होने की उम्मीद है। प्रतियोगिता के पिछले संस्करण में इंग्लैंड के खिलाफ फाइनल में खेलने के बाद पाकिस्तान ग्रुप चरण में चल रहे विश्व कप से बाहर हो गया। पाकिस्तान ने रविवार को फ्लोरिडा में आयरलैंड पर तीन विकेट की जीत के साथ अपने अभियान का अंत किया जो ग्रुप ए से भारत और यूएसए के सुपर 8 चरण में हार गया था और सुपर 8 में स्थान सुरक्षित करने के लिए पर्याप्त नहीं था। पाकिस्तान की अगली व्हाइट-बॉल सीरीज नवंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगी। मेन इन ग्रीन तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में भाग लेंगे, जिसकी शुरुआत 4 नवंबर से होगी।

# आज टी-20 वर्ल्ड कप में सुपर आठ मुकाबले में अफगानिस्तान के सामने ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** भारत से हारने के बाद अफगानिस्तान को रविवार को यहां टी20 विश्व कप सुपर आठ ग्रुप एक के अपने दूसरे मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। सुपर आठ के अपने पहले मुकाबले में भारत से 47 रन से हारने वाली अफगानिस्तान की टीम काफी दबाव में होगी, उस पर जीत ही नहीं बल्कि नेट रन रेट सुधारने का दबाव भी होगा।

अफगानिस्तान -2.350 के नेट रन रेट के साथ तीसरे स्थान पर है और उसके लिए इसे बेहतर करना और साथ ही ग्रुप की अंक तालिका में ऊपर की ओर बढ़ना मुश्किल काम होगा जिसमें बांग्लादेश भी शामिल है। अफगानिस्तान के लिए बल्लेबाजी में रहमानुल्लाह गुरबाज (178 रन) और इब्राहिम जदरान (160) अहम खिलाड़ी हैं लेकिन उन्हें मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों से सहयोग की जरूरत है।

फजलहक फारूकी (15 विकेट) और राशिद खान (9) दोनों ने अमेरिकी पिचों पर बल्लेबाजों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं जिससे दोनों फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों पर लगाम कसने में महत्वपूर्ण होंगे।





अफगानिस्तान ने ग्रुप चरण में हरफनमौला कौशल का प्रदर्शन किया जिसकी बदौलत वह वेस्टइंडीज के बाद दूसरे स्थान पर रहने में सफल रहा। लेकिन 2021 की विजेता ऑस्ट्रेलिया को रोकने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा जो लगातार पांच जीत दर्ज कर चुकी है।

ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम की बात की जाए तो डेविड वार्नर (169 रन) और ट्रेविस हेड (179) की विस्फोटक सलामी जोड़ी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में माहिर लेकिन राशिद और फारूकी अपनी गेंदबाजी से प्रभाव डाल सकते हैं। दोनों टीमें पिछली बार 2023 वनडे विश्व कप में एक दूसरे के आमने सामने हुई थीं। मुंबई में ग्लेन मैक्सवेल ने शानदार दोहरा शतक जड़ा था जबकि पैट कमिंस ने दूसरे छोर पर उन्हें मजबूत सहयोग दिया था।

अफगानिस्तान निश्चित रूप से उस हार का बदला लेना चाहेगा, भले ही प्रारूप अलग हो क्योंकि वे इस प्रारूप में सहज महसूस करते हैं। साथ ही उनके पास बेहतर प्रदर्शन करने के लिए कौशल और मानसिकता है। पर देखना होगा कि राशिद की टीम अपनी योजनाओं को अच्छी तरह आजमा पाती है या नहीं। दक्षिण अफ्रीका की तरह मिचेल मार्श की आस्ट्रेलियाई टीम भी अपने विस्फोटक बल्लेबाजों की बदौलत टूर्नामेंट की मजबूत टीम में से एक है। हालांकि उसके लिए मैक्सवेल की फॉर्म चिंता बनी हुई है। लेकिन उसके पास टिम डेविड के रूप में शानदार खिलाड़ी मौजूद है जो बेहतरीन ऑलराउंडर है।

मध्य और निचले क्रम में मार्कस स्टोइनिस की मौजूदगी टीम की बल्लेबाजी को और मजबूत बनाती है जिनकी मौजूदा फॉर्म (तीन मैच में 156 रन) शानदार है। स्कॉटलैंड के खिलाफ पिछले मैच में पैट कमिंस की हैट्रिक के बावजूद ऑस्ट्रेलियाई टीम को अपने क्षेत्ररक्षण में सुधार करने की जरूरत होगी क्योंकि स्कॉटलैंड के खिलाफ उन्होंने कुल छह कैच टपकाए जिसमें से अकेले मार्श ने तीन कैच छोड़े। एडम जम्पा (11) इस विश्व कप में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। यह लेग स्पिनर तीन तेज गेंदबाजों के बाद टीम के लिए अहम गेंदबाज हैं।

### टीम इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया** - मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वार्नर और एडम जम्पा।

**अफगानिस्तान** - राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, अजमतुल्लाह उमरजई, नजीबुल्लाह जदरान, मोहम्मद इशाक, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, करीम जनत, नांग्याल खारोटी, हजरतुल्लाह जजई, नूर अहमद, नवीन उल हक, फजलहक फारूकी, फरीद अहमद मलिक।

**समय** - सुबह 6 बजे।

टी20 विश्व कप

## वेस्टइंडीज बनाम अमेरिका मैच में छक्कों की बारिश, टूटा बड़ा रिकॉर्ड

**ब्रिजटाउन (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज ने मौजूदा टी20 विश्व कप के सुपर 8 में सह-मेजबान यूएसए पर 8 विकेट से धमाकेदार जीत दर्ज की, जिसके बाद बड़ा रिकॉर्ड ध्वस्त हो गया। दोनों टीमों ने मैच के दौरान कुल 14 छक्के लगाए। इससे टी20 विश्व कप 2024 में कुल छक्कों की संख्या 412 हो गई। यह टूर्नामेंट के एक संस्करण में लगाए गए सबसे अधिक छक्के हैं जो 2021 में 405 से अधिक हैं।



निकोलस पूरन ने 14 में से तीन छक्के लगाए और अपने व्यक्तिगत छक्कों के स्कोर को 17 तक पहुंचाया, जो टी20 विश्व कप संस्करण में किसी खिलाड़ी द्वारा लगाए गए सबसे अधिक छक्के हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के दिग्गज सलामी बल्लेबाज क्रिस गेल को पीछे छोड़ दिया जिन्होंने 2012 में 16 छक्के लगाए थे।

बल्लेबाजी के अनुकूल सतह पर, वेस्टइंडीज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए यूएसए को 128 रनों पर रोक दिया। रोस्टन चेस ने यूएसए के बल्लेबाजों को चकमा देते हुए अपने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरीं। चेस ने रन रेट को नियंत्रित रखा और 3/19 के आंकड़े दर्ज किए। आंद्रे रसेल ने अपनी विविधताओं से चेस का साथ दिया और 3/31 के आंकड़े हासिल किए।

स्टार ऑलराउंडर अब टी20 विश्व कप में कैरेबियाई टीम के लिए सबसे अधिक विकेट लेने के मामले में वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो की बराबरी पर हैं। दोनों ऑलराउंडरों ने इस शानदार इवेंट में 27 विकेट लिए हैं। शानदार इवेंट के मेजबानों के बीच मुकाबले में वेस्टइंडीज ने यूएसए को हैरान कर दिया। शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन ने यूएसए को 128 रनों पर रोक दिया। चोटिल ब्रैंडन किंग की जगह आए शाई होप ने पावरप्ले में धमाकेदार प्रदर्शन किया। ब्रिजटाउन में होप के बल्ले से बाउंड्री की बारिश होने लगी।

जॉनसन चार्ल्स ने दूसरे नंबर पर बल्लेबाजी की और हर मौके पर स्ट्राइक रोटेट की। होप की पारी का सबसे बेहतरीन पल छक्कों की हैट्रिक थी उन्होंने 9वें ओवर में मिलिंद कुमार की गेंद पर स्टेडियम के चारों ओर शॉट्स लगाए। होप ने पावरप्ले के तुरंत बाद गेंद को स्टैंड में पहुंचाकर 26 गेंदों में अर्धशतक जड़ा। उन्होंने मैच का अंत एक शानदार छक्के के साथ किया और विंडीज को 9 ओवर से अधिक समय रहते 9 विकेट से जीत दिलाई। होप ने 39 गेंदों पर 82* रन बनाकर मैच का अंत किया।

## ऋषभ पंत की गिलक्रिस्ट से तुलना अभी जल्दबाजी, स्मिथ बोले- तय करना होगा लंबा रास्ता

**ग्रॉस आइलेट (सेंट लूसिया) (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर इयान स्मिथ का मानना है कि ऋषभ पंत की एडम गिलक्रिस्ट के साथ तुलना करना अभी जल्दबाजी होगी लेकिन उन्होंने कहा कि अगर भारत का विकेटकीपर बल्लेबाज अपनी वर्तमान फॉर्म को जारी रखता है तो वह ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज खिलाड़ी के करीब पहुंच सकता है।

स्मिथ स्वयं भी विकेटकीपर बल्लेबाज रहे हैं और पंत ने कार दुर्घटना से उबरने के बाद जिस तरह से वापसी की है उससे काफी प्रभावित हैं। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग में अच्छा प्रदर्शन किया और टी20 विश्व कप में भी वह विकेट के आगे और विकेट के पीछे अपनी भूमिकाओं को अच्छी तरह से निभा रहे हैं। पंत को वर्तमान समय में विश्व क्रिकेट के सबसे प्रतिभाशाली क्रिकेटरों में गिना जाता है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट शतक लगाए हैं लेकिन गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उन्हें अभी लंबा रास्ता तय करना होगा जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 15000 से अधिक रन बनाने के साथ 800 से अधिक कैच लिए हैं।

टी20 विश्व कप में कमेंटेटर की भूमिका निभा रहे स्मिथ ने कहा, 'ऋषभ पंत ने दुर्घटना के बाद दमदार वापसी की है और वह बेहतरीन फॉर्म में दिख रहा है। वह बेहद कुशल खिलाड़ी है। वह आक्रामक है, वह



खतरनाक खिलाड़ी है। गिलक्रिस्ट की तरह पंत ने भी दिखा दिया है कि वह प्रत्येक प्रारूप में किसी भी क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं। टी20 विश्व कप में उन्हें तीसरे नंबर पर भेजा जा रहा है और उन्होंने अभी तक इस फैसले को सही साबित किया है।

स्मिथ ने कहा, 'वह किसी भी खिलाड़ी का अच्छी तरह से साथ निभा सकते हैं फिर चाहे वह विराट कोहली हो या रोहित शर्मा। इसलिए उन्हें तीसरे नंबर पर उतारने का फैसला सही है क्योंकि मेरा मानना है कि सीमित ओवरों की क्रिकेट में आपके सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को अधिक गेंदों का सामना करने का मौका मिलना चाहिए। यही वजह है जिससे कि वह विशेष बन जाता है।

उन्होंने कहा, 'वह पहली गेंद को ही हिट कर सकता है और उसे सीमा रेखा के पास पहुंचा सकता है। उसके पास रन बनाने के अन्य विकल्प भी हैं। उसने केएल राहुल जैसे अच्छे खिलाड़ी की जगह ली है। केएल राहुल विश्व स्तरीय क्रिकेटर है और उसकी जगह लेना काफी मायने रखता है। इस 26 वर्षीय क्रिकेटर की गिलक्रिस्ट से तुलना करने के लिए हालांकि अभी इंतजार करना होगा। स्मिथ ने कहा, 'गिलक्रिस्ट की बराबरी पर पहुंचने के लिए उसे अभी काफी रास्ता तय करना होगा। दोनों एक तरह के ही क्रिकेटर हैं जो टेस्ट क्रिकेट में निचले क्रम और सीमित ओवरों की क्रिकेट में ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी कर सकते हैं। इसलिए उसमें और गिलक्रिस्ट में समानता है। अगर वह आगे कुछ वर्षों तक इसी तरह से खेलता रहा तब लोग कहेंगे कि गिलक्रिस्ट और पंत एक दूसरे के काफी करीब हैं।

## सानिया मिर्जा और मोहम्मद शमी कर रहे शादी? टेनिस आइकन के पिता ने अफवाहों पर तोड़ी चुप्पी,कहा यह सब बकवास है



**मुंबई (एजेंसी)।** सानिया मिर्जा और मोहम्मद शमी देश के दो सबसे सफल खिलाड़ियों में से हैं। सानिया भारत की सबसे महान महिला टेनिस खिलाड़ी हैं जबकि शमी चैंपियन तेज गेंदबाज हैं जिन्होंने वनडे विश्व कप 2023 में अपने शानदार प्रदर्शन से भारतीय क्रिकेट टीम को फाइनल में पहुंचाया। हाल ही में दोनों की शादी की अफवाहें उड़ रही हैं। इन अफवाहों पर सानिया के पिता ने चुप्पी तोड़ते हुए सच्चाई बताई है।

इस साल की शुरुआत में सानिया और पाकिस्तान के क्रिकेट स्टार शोएब मलिक का तलाक हो गया था, वहीं शमी भी अपनी पत्नी हसीन जहां से अलग हो चुके हैं। हालांकि शादी की अफवाहों में कोई सच्चाई नहीं है। सानिया मिर्जा के पिता इमरान ने कहा, यह सब बकवास है। वह उनसे मिली भी नहीं है।

भारतीय टेनिस आइकन सानिया मिर्जा ने हाल ही में हज की पवित्र यात्रा शुरू की, लगभग 5 महीने पहले उन्होंने अपने क्रिकेटर पति शोएब मलिक से अलग होने की घोषणा की थी।

## टी20 विश्व कप के बीच जसप्रीत बुमराह-अक्षर पटेल के दोस्त ने चिराग गांधी लिया संन्यास

### 34 साल की उम्र में थम गया करियर

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** एक ओर जहां जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम को विश्व विजेता बनाने के लिए मोर्चा संभाले हुए हैं तो दूसरी ओर उनके एक करीबी दोस्त ने कम उम्र में ही क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान किया है। जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल के साथ गुजरात क्रिकेट टीम में खेलने वाले चिराग गांधी ने सिर्फ 34 वर्ष की उम्र में क्रिकेट किट टांगने का फैसला किया। वह रणजी ट्रॉफी विनिंग टीम का हिस्सा रहे थे और उनके बल्ले से ही विनिंग रन निकला था। 2011 से डोमेस्टिक क्रिकेट करियर का आगाज करने वाले गांधी को हालांकि पार्थिव पटेल, जयदेव उनादकत, जसप्रीत बुमराह और अक्षर पटेल के साथ भारत की तरफ से खेलने का मौका नहीं मिला। इस बात की कसक उन्हें जरूर होगी।

उन्होंने अपने संन्यास का ऐलान करते हुए लिखा- आज मैं भारतीय क्रिकेट से अपने संन्यास की घोषणा करता हूं। 2011-2024 तक का सफर मेरे जीवन का सबसे शानदार दौर रहा है। स्पष्ट सूरत जिला क्रिकेट संघ से शुरुआत से प्रथम श्रेणी क्रिकेट तक, यह सभी उतार-चढ़ावों के साथ एक रोलर कोस्टर की सवारी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पन्नू की हत्या की साजिश में गिरफ्तार निखिल गुप्ता ने अमेरिका में अब तक नहीं मांगा काउंसलर एक्सेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने एक बयान जारी कर कहा है कि पन्नू हत्याकांड के आरोपी ने अभी तक अमेरिका में काउंसलर एक्सेस नहीं मांगा है। चेक रिपब्लिक से अमेरिका प्रत्यर्पित किए जाने के बाद निखिल गुप्ता की ओर से भारतीय अधिकारियों को अभी तक काउंसलर एक्सेस के लिए कोई अनुरोध नहीं मिला है। निखिल गुप्ता पर खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ हत्या की साजिश रचने का आरोप है। उन्हें पिछले साल चेक रिपब्लिक में गिरफ्तार किए जाने के बाद बीते 14 जून को वहां से अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान में कहा, हमें अभी तक गुप्ता से काउंसलर एक्सेस के लिए कोई अनुरोध नहीं मिला है, लेकिन उनके परिवार ने हमसे संपर्क किया है। काउंसलर एक्सेस का मतलब होता है कि विदेश में कैद कोई भी व्यक्ति अपने देश के अधिकारी या डिप्लोमैट से मिलने की इजाजत मांग सकता है। गिरफ्तार शख्स खुद काउंसलर एक्सेस मांग सकता है। निखिल गुप्ता जब तक चेक रिपब्लिक में हिरासत में थे भारतीय अधिकारियों को उन तक काउंसलर की पहुंच मिली हुई थी। अमेरिकी के सरकारी वकीलों का आरोप लगाया है कि निखिल गुप्ता ने पिछले साल न्यूयॉर्क में गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के लिए एक भारतीय अधिकारी के साथ साजिश रची थी। अमेरिका और कनाडा का ड्यूल सिटीजन पन्नू आतंकवाद के आरोपों में भारत में वांटेड है। गुप्ता को काउंसलर एक्सेस मिलेगा या नहीं यह वियना कन्वेंशन पर निर्भर करता है। कन्वेंशन के अनुच्छेद 36 में कहा गया है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति काउंसलर एक्सेस के लिए अनुरोध करने का अधिकार है।अमेरिका में प्रत्यर्पण के बाद, निखिल गुप्ता को न्यूयॉर्क की फेडरल कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसने अपने खिलाफ लगे आरोपों को खारिज किया है। उस पर 'मर्डर फॉर हायर' की साजिश रचने के आरोप हैं जिसके लिए अधिकतम 10 साल की जेल की सजा हो सकती है। कोर्ट ने गुप्ता को 28 जून को अगली पेशी होने तक हिरासत में रखने का आदेश दिया गया है।

### खत्म हुईं इंतजार की घड़ियां, 15 अगस्त से इस रूट पर कमाल करेगी वंदे भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे लोकप्रिय ट्रेन वंदे भारत के चाहने वालों के लिए खुशखबरी है। जी हां, वंदे भारत ट्रेन को लेकर जिसका इंतजार किया जा रहा था, वह अब पूरा होने वाला है। वंदे भारत ट्रेन को लॉन्च करने के दौरान यह बात रेलवे की तरफ से बताई गई थी कि सेमी हाई स्पीड ट्रेन की टॉप स्पीड 160 किलोमीटर प्रति घंटे रहेगी। रेलवे के मौजूदा ट्रैक पर वंदे भारत की स्पीड 130 किलोमीटर प्रति घंटे ही पहुंच पाती है, मगर अब मुंबई और अहमदाबाद रूट पर यह ट्रेन 160 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से दोड़ेगी। टीओई की एक रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई और अहमदाबाद के बीच चलने वाली वंदे भारत ट्रेन 15 अगस्त से 160 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। रेलवे बोर्ड ने मुंबई और वडोदरा डिवीजनों को 30 जून तक जरूरी काम पूरा करने और कंफर्मेटरी ओसिलोग्राफ कार चलाने का निर्देश दिया है। भारतीय रेलवे की इस परियोजना का उद्देश्य व्यस्त मार्गों पर ट्रेनों की गति बढ़ाना है। मुंबई और अहमदाबाद के बीच ट्रेन से दूरी 491 किमी है और वर्तमान में वंदे भारत एक्सप्रेस से 5 घंटे 15 मिनट लगते हैं। गति में वृद्धि से यात्रा के समय में 30 मिनट तक की बचत होगी। इस रूट पर मौजूदा वक्त में दो वंदे भारत ट्रेनें चलती हैं। एक ट्रेन रविवार को तो वहीं दूसरी वंदे भारत बुधवार को छोड़कर सप्ताह में छह दिन चलती है। मुंबई-अहमदाबाद रूट पर ट्रेन संख्या 22962 अहमदाबाद-मुंबई सेंट्रल वंदे भारत एक्सप्रेस अहमदाबाद से 06:10 बजे रवाना होती है और 11:35 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचती है। यही ट्रेन सुबह 11.35 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचने से पहले वडोदरा, सूरत, वापी और बोरीवली जैसे कुछ स्टेशनों पर रुकती है। वापसी में ट्रेन नंबर 22961 मुंबई सेंट्रल-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस मुंबई सेंट्रल से 15:55 बजे रवाना होती है और 21:25 बजे अहमदाबाद पहुंचती है। वापसी यात्रा में ट्रेन दोनों दिशाओं में वडोदरा, सूरत, वापी और बोरीवली स्टेशनों पर रुकती है।

# आग बुझाने की मशीन बनाने वाली फैक्ट्री ही जली

## 2 लोगों की मौत, 6 घायल; धमाकों से हिला गुरुग्राम



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम के दौलताबाद औद्योगिक क्षेत्र में आग बुझाने के यंत्र बनाने वाली फैक्ट्री में शुक्रवार देर रात जोरदार ब्लास्ट के बाद भीषण आग लग गई। इस हादसे में 2 श्रमिकों की जलकर मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकल विभाग की 10 से ज्यादा गाड़ियां रात से ही मौके पर मौजूद हैं।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार देर रात 2 बजे फैक्ट्री में आग लगी। आग इतनी भयानक थी कि 3 किलोमीटर दूर तक लपटें दिखाई दे रही थीं। आग की लपटें और धमाका इतनी तेज था कि कुछ लोग घटनास्थल से 100 मीटर से ज्यादा दूर पास की फैक्ट्रियों में पड़े मिले हैं। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें अभी भी अंदर फंसे लोगों को रेस्क्यू करने में जुटी हैं। इस हादसे में आसपास की 10 से ज्यादा फैक्ट्रियों में लोहे के भारी गाटर, एंगल और लोहे की भारी चादरें तक गिर गई। इसमें भी भारी नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलने के बाद सुबह मौके पर पहुंचे डीसीपी करन गोयल ने इस हादसे में 2 लोगों के मरने और छह लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। इनमें से 2 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है।

### सच साबित हुआ उद्यमियों डर

बता दें कि, हिन्दुस्तान अखबार ने 15 जून को ही फायर एनसीओ नहीं मिलने से उद्यमियों को गर्मी में आग की चिंता से जुड़ी खबर प्रकाशित की थी। दरअसल, गुरुग्राम औद्योगिक क्षेत्र समेत शहर के कई उद्योगों को फायर एनओसी नहीं होने से गर्मी में आग की चिंता सता रही है। नगर निगम के दोहरे मापदंड को लेकर उद्यमी लंबे समय से परेशानी झेल रहे हैं।

### निगम अवैध क्षेत्र बताकर सुविधा नहीं देता

पुराने उद्योग औद्योगिक सुरक्षा और नगर निगम के फायर सुरक्षा के तय मापदंडों का पालन कर रहे हैं। उसमें इस तरह की बाध्यताएं नहीं हैं। ऐसे में यदि पुराने उद्योग फायर सुरक्षों निगम के तय मापदंडों को पूरा करते हैं तो उन्हें 5 से 30 लाख रुपये तक का खर्च आता है। दौलताबाद वर्ष 2012 के मास्टर प्लान में शामिल किया। वर्ष 2017 तक उद्योगों का नक्शा पास करने, फैक्ट्री लाइसेंस, फायर एनओसी मिलते थे। वर्ष 2018 से अवैध क्षेत्र बताकर सब देना बंद कर दिया था। इसी तरह बसई, कादीपुर और बहरामपुर क्षेत्र है।

### भवन पूर्णता प्रमाण के कारण एनओसी नहीं देते

नगर निगम की ओर से चारों औद्योगिक क्षेत्रों को अवैध एरिया बताकर एनओसी नहीं देता है। इससे इन क्षेत्रों के इमारत बनाने के लिए नक्शा पास नहीं किए जाते हैं। फैक्ट्री लाइसेंस से लेकर फायर एनओसी तक नहीं मिलती है। उद्यमियों का आरोप है कि नगर निगम कॉमर्शियल संपत्ति कर लेता है, लेकिन एनओसी नहीं देता।



## गांधी जी का आशीर्वाद ले आतिशी ने जल के लिए अन्न त्यागा

### पानी सत्याग्रह में हरियाणा सरकार पर आरोप लगाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के लिए पानी की मांग को लेकर जल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को जंगपुरा के भोगल में अनिश्चितकालीन अनशन शुरू कर दिया है। अनशन शुरू करने से पहले आतिशी ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनके साथ सुनीता केजरीवाल, संजय सिंह, सौरभ भारद्वाज समेत कई पार्टी के नेता मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पर दिल्लीवालों से दुश्मनी निभा रही है। पत्नी सुनीता केजरीवाल के हाथ भेजे पत्र में सीएम ने लिखा कि दिल्ली के लोगों की प्यास पड़ोसी राज्यों से मिलने वाले पानी से बुझती है। गर्मी में पानी की ज्यादा जरूरत पड़ती है, इसलिए दिल्ली को उम्मीद थी कि इस मुश्किल के वक्त पड़ोसी राज्यों का और ज्यादा सहारा मिलेगा।

मुश्किल की इस घड़ी में साथ देने की बजाय हरियाणा सरकार ने दिल्ली को रोजाना मिलने वाला पानी भी कम कर दिया। इससे दिल्ली के लोग प्यासे मर रहे हैं। माना कि दिल्ली और हरियाणा में अलग-अलग पार्टियों की सरकार है, मगर क्या यह वक्त राजनीति करने का है। अगर किसी राज्य में भूकंप और बाढ़ आती है तो हम यह नहीं देखते कि किस पार्टी की सरकार है। पूरा देश पीड़ितों को राहत देने में लग जाता है। लेकिन हरियाणा सरकार के लिए यह कोई मायने नहीं रखता है। ऐसे मौके पर एक इंसान को दूसरे की मदद करनी चाहिए। इससे हम समस्या को कम कर सकते हैं।

**झूठे आरोप लगाए जा रहे :** सांसद संजय सिंह ने कहा कि बीते दिनों भाजपा के पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी की ओर से किए गए विरोध प्रदर्शन पर कहा कि भाजपा ने अपने लोगों को कह दिया कि दिल्ली के लोगों का पानी रोको, पाइप लाइन तोड़ दो, जल बोर्ड के कार्यालयों को तोड़ दो, यह भाजपा का फरमान है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के पूर्व सांसद गले में पटका, हाथ में मटका लेकर कर्मचारियों को मार रहे हैं, जलबोर्ड का दफ्तर तोड़ रहे हैं। दिल्ली में जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप आए तो उनकी पत्नी ने दिल्ली के स्कूल को जाकर देखा। भाजपा ने झूठे आरोप लगाकर पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को जेल में डाल दिया।

## 5 दिन रखा डिजिटल अरेस्ट, सोते समय भी वीडियो कॉल से नजर


**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक पार्सल में ड्रग्स समेत अन्य गैरकानूनी सामान होने का डर दिखाकर साइबर ठगों ने नोएडा की एक 73 वर्षीय बुजुर्ग महिला से एक करोड़ 30 लाख रुपये ठग लिए। इस दौरान ठगों ने महिला को स्काइप कॉल पर वीडियो कॉल कर 5 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा और दस अलग-अलग बैंक खातों में रकम ट्रांसफर करा ली। अब पीड़ित महिला की शिकायत पर नोएडा पुलिस अज्ञात ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट की धारा में केस दर्ज कर जांच कर रही है। सेक्टर-49 निवासी रिटायर्ड अधिकारी की पत्नी शुचि अग्रवाल ने दर्ज कराई एफआईआर में बताया कि 13 जून को उनके मोबाइल पर अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने बताया कि वह फेडिक्स कंपनी की अंधेरी शाखा से बात कर रही है। उसने कहा कि उनके नाम से भेजा जा रहा पार्सल पकड़ा गया है, जिसमें एलसीडी, एक्सपायर्ड पासपोर्ट और अन्य सामान हैं। पूछताछ के लिए या तो उन्हें मुंबई आना पड़ेगा या फिर ऑनलाइन ही मुंबई पुलिस के नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों से जुड़ना होगा। इसके बाद महिला को स्काइप कॉल पर जोड़ा गया।

### वॉट्सऐप डीपी में मुंबई पुलिस के लोगो का इस्तेमाल

शुचि अग्रवाल ने बताया कि 13 जून को जिस नंबर से कॉल आई थी, उस नंबर की वॉट्सऐप डीपी में मुंबई पुलिस का लोगो था। जब महिला को स्काइप कॉल पर जोड़ा गया तो उसमें सामने वीडियो में जितने लोग दिख रहे थे, सभी ने पुलिस की वर्दी पहनी हुई थी और उनके पीछे दीवार पर मुंबई नारकोटिक्स विभाग का लोगो बना हुआ था। वीडियो में दिख रहे ठगों ने अपना पुलिस का फर्जी आईकार्ड भी महिला को दिखाया ताकि उसे विश्वास में लिया जा सके। इसके बाद आरोपियों ने महिला को डर-धमकाकर रुपये हड़प लिए। डराकर रकम ट्रांसफर कराई-इसी दौरान स्काइप कॉल से जुड़े कथित नारकोटिक्स अधिकारियों ने महिला से कहा कि उनके आधार कार्ड पर कुल छह अकाउंट चल रहे हैं। सभी खातों में मनी लॉन्ड्रिंग का काम हो रहा है। डरी-सहमी महिला को जालसाजों ने पुलिस क्लीयरेंस सर्टिफिकेट देने के नाम पर रुपये ट्रांसफर करने को कहा।

## डेटिंग एप पर प्यार, घर आकर करता लूटपाट; दिल्ली पुलिस ने 28 साल के शातिर चोर को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने 28 साल के एक लड़के और उसके साथी को गिरफ्तार किया है जो डेटिंग एप पर महिलाओं से बात करके उन्हे मिलने के लिए बुलाता था। महिलाओं के आने पर वह और उसका दोस्त उनके साथ लूटपाट करते थे। पुलिस ने बताया कि आरोपी राजधानी में हुई चार डकैतियों में शामिल थे। जिनमें से एक रोहिणी में हुई थी, जहां एक जूलरी दुकान के मालिक को बंदूक की नोक पर लूटा गया था। डीसीपी (द्वारका) अंकित सिंह ने बताया कि आरोपियों की पहचान विपिन कमल कुमार और उसके सहयोगी राहुल सिंह के रूप में हुई है, दोनों मोहन गार्डन के रहने वाले हैं। पुलिस ने बताया कि 31 मई को 28 साल की एक लड़की ने आई और बताया कि दो दिन पहले डेटिंग ऐप पर उसकी मुलाकात एक व्यक्ति से हुई, जिसने खुद को जतिन



बताया और दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। उसने कहा कि जब वह अकेली होगी तो वह उससे मिलने घर आएगा। 30 मई को लड़की ने उसे अपने घर बुलाया, लेकिन वह अपने दोस्त के साथ पहुंचा। एक अधिकारी ने बताया, आरोपी पीड़िता को उसके कमरे में ले गया, जहां उसने और उसके दोस्त ने उसके हाथ-पैर बांध दिए और उसके मुंह पर टेप लगा दिया। आरोपियों ने उसकी पिटाई की और उसके सोने के गहने, फोन और 5,000 रुपये कैश लूटकर ले गए। शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया और इंस्पेक्टर कमलेश कुमार के नेतृत्व में एक टीम ने इसकी जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने पीड़िता के घर के पास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की और पाया कि दोनों संदिग्ध एक सफेद क्रेटा कार में आए थे। संदिग्ध के फोन नंबर के कॉल डिटेल रिकॉर्ड भी प्राप्त किए गए और उनका एनालिसिस किया गया। जिससे पता चला कि उसने रोहिणी में रहने वाली एक अन्य महिला से भी बात की थी। अधिकारी ने बताया कि आगे की जांच में पुलिस को पता चला कि संदिग्ध ने इसी तरीके से दूसरी महिला को भी लूटा था। रोहिणी में रहने वाली 46 साल की महिला ने पुलिस को बताया कि वह अपने पति से अलग हो चुकी है। वह अपने दो स्कूल जाने वाले बच्चों के साथ रहती है।

## अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स, फिलहाल वापस नहीं आएगा बोइंग स्टारलाइनर

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पर मौजूद नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और क्रू के आठ अन्य सदस्यों के लिए एक बार फिर एक बड़ी मुश्किल खड़ी हो गई है। नासा ने शुक्रवार को जानकारी दी कि अंतरिक्ष यात्रियों के पहले दल को ले जाने वाले बोइंग स्टारलाइनर की वापसी को फिलहाल टाल दिया गया है। यहां तक कि नासा ने वापसी की कोई नई तारीख भी नहीं बताई है। अंतरिक्ष यात्रियों की वापसी को लेकर अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं। लोग जानना चाह रहे हैं कि मिशन के दो अंतरिक्ष यात्री कब लौटेंगे। टेस्टिंग और तकनीकी मुद्दों के कारण पहले से ही देरी हुई है। बता दें, अंतरिक्ष यान की वापसी पहले 26 जून को निर्धारित की गई थी। अमेरिकी अंतरिक्ष यात्रियों बुच विल्मोर और सुनीता विलियम्स ने पांच जून को उड़ान भरी थी। 2019 के बाद से इसे दो बार बिना इंसान के अंतरिक्ष में भेजा गया है। इसके थ्रस्टर्स को पांच विफलताओं और पांच हीलियम रिसाव का सामना करना पड़ा है। नासा और बोइंग को खराबी का सामना करना पड़ा और अतिरिक्त परीक्षण करने पड़े, जिससे यह सवाल उठता है कि वास्तव में स्टारलाइनर अपने चालक दल को कब तक वापस ला सकेगा। इसके आलावा इस अंतरिक्ष यान की कई समस्याएं सामने आई हैं। गौरतलब है, कंपनी ने इस प्रोजेक्ट के लिए 4.5 अरब डॉलर के नासा डेवलपमेंट कॉन्ट्रैक्ट के अलावा लागत में वृद्धि पर 1.5 अरब डॉलर खर्च किए हैं। नासा चाहता है कि स्टारलाइनर दूसरा अमेरिकी अंतरिक्ष यान बने जो स्पेसएक्स के क्रू ड्रैगन के साथ अंतरिक्ष यात्रियों को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन तक ले जा सके।

## हिंदुजा परिवार ने सजा के खिलाफ दायर की अपील, बोले-अदालत के फैसले से हैरान हैं

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के सबसे धनी हिंदुजा परिवार ने शुक्रवार को कहा कि वे परिवार के कुछ सदस्यों के खिलाफ जिनेवा की अदालत के फैसले से हैरान हैं। हिंदुजा परिवार ने घरेलू कामगारों का शोषण करने का दोषी ठहराए जाने वाले अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में अपील दायर की है। परिवार के वकीलों ने बताया है कि हिंदुजा परिवार के किसी सदस्य को हिरासत में नहीं लिया गया है। हिंदुजा परिवार की ओर से जारी बयान में उनके वकीलों ने जोर देकर कहा कि उनके मुवक्किल प्रकाश और कमल हिंदुजा, और उनके बेटे अजय और उनकी पत्नी नम्रता को सभी मानव तस्करी के आरोपों से बरी कर दिया गया है। उन्होंने मीडिया की उन खबरों को भी खारिज कर दिया कि जिनेवा की अदालत के फैसले के बाद परिवार के किसी भी सदस्य को हिरासत में लिया जा सकता है। अदालत ने परिवार को चारों सदस्यों को चार से साढ़े चार साल जेल की सजा सुनाई है। वकील येल हयात और रॉबर्ट असैल और रोमन जॉर्डन द्वारा हस्ताक्षरित बयान में कहा गया है कि हमारे मुवक्किलों को सभी मानव तस्करी के आरोपों से बरी कर दिया गया है।

## राफा में शरणार्थी कैंप पर इस्राइल का हमला; 25 लोगों की मौत, 50 घायल

**तेल अवीव, एजेंसी।** गाजा के दक्षिणी शहर राफा के उत्तर में शुक्रवार को इस्राइली बलों ने शुक्रवार को विस्थापित फलस्तीनियों के लिए तम्बू शिविरों पर गोलाबारी की, जिसमें करीब 25 लोग मारे गए और 50 अन्य घायल हो गए। वहीं, अल-अहली अस्पताल के आर्थोपेडिक प्रमुख फादेल नईम ने कहा कि यहां 30 लोगों के शव लाए गए थे, उन्होंने इस दिन को गाजा शहर के लिए क्रूर दिन बताया। इस्राइल और हमास के बीच लड़ाई में एक महीने से भी कम समय में यह बमबारी हुई, जिससे विस्थापित फलीस्तीनियों के शिविरों में आग लग गई। राफा में नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता अहमद राडवान के अनुसार, प्रत्यक्षदर्शियों ने तटीय क्षेत्र में दो जगहों पर बमबारी के बारे में बचावकर्मियों को जानकारी दी। जिसके बाद गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस्राइली हमलों में मारे गए लोगों और घायलों की संख्या के बारे में जानकारी दी। वहीं, इस्राइली सेना का कहना है कि इस बात का कोई संकेत नहीं है कि सुरक्षित क्षेत्र के अंदर आईडीएफ द्वारा हमला किया गया था। जानकारी के अनुसार, इस्राइल ने मुवासी के आसपास बमबारी की है। यहां विस्थापित फलीस्तीनियों ने हाल ही में तम्बू शिविर बनाए थे। मृतकों के रिश्तेदारों ने बताया कि इस्राइली बलों ने दूसरी बार गोलाबारी की है। मोना एशौर के अनुसार, हमला एक गोला-बारूद से शुरू हुआ, जिसमें केवल एक जोरदार धमाका और चमकीली चमक थी। इस हमले में मोना ने अपने पति को खो दिया। वहीं, इस्राइल का कहना है कि वह हमास के लड़ाकों और बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा है।

## पूर्व प्रधानमंत्री ने बनाई नई पार्टी, पीएमएल-एन से अलग हुए अब्बासी बने आवाम पाकिस्तान के प्रमुख

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में अगस्त 2017 से मई 2018 तक प्रधानमंत्री रहे पीएमएल-एन के पूर्व नेता शाहिद खाकान अब्बासी ने देश में नई राजनीतिक पार्टी बना ली है। जानकारी के मुताबिक देश की सत्ताधारी दल से मतभेद के बाद नेता शाहिद खाकान अब्बासी ने आवाम पाकिस्तान नाम से अपनी अलग पार्टी बनाई है। पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के साथ देश के पूर्व वित्त मंत्री मिफ्ताह इस्माइल भी उनकी पार्टी में शामिल हुए हैं। मिफ्ताह इस्माइल भी देश की सत्ताधारी दल पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज से अलग हो चुके हैं.

**6 या 7 जुलाई को होगी औपचारिक शुरुआत:** समाचार पत्रों के अनुसार नई राजनीतिक पार्टी जुलाई महीने की 6 या 7 तारीख को औपचारिक तौर पर शुभारंभ होगा। जबकि राजनीतिक दल का नारा है,



हम बदलेंगे व्यवस्था। नई पार्टी आवाम पाकिस्तान के आधिकारिक सोशल मीडिया साइट एक्स (पहले ट्विटर) हैंडल पर शेयर किए गए एक वीडियो में निराश नागरिक, महंगाई, ऊर्जा की कमी, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और शैक्षिक असमानताओं जैसे राष्ट्रीय मुद्दों पर बात की गई है।

**पार्टी के आयोजक समिति के प्रमुख बने अब्बासी:** वहीं पूर्व प्रधानमंत्री को पार्टी की आयोजक समिति का प्रमुख नियुक्त किया गया है, जबकि मिफ्ताह इस्माइल को उनका डिप्टी नामित किया गया है। इस आयोजक समिति में खैबर-पख्तूनख्वा के पूर्व गवर्नर और पीएमएल-एन नेता सरदार मेहताब अब्बासी, पूर्व पीएमएल-एन सीनेटर जावेद अब्बासी और मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट के पूर्व विधायक शेख सलाहुद्दीन भी शामिल हैं। पार्टी के संस्थापक सदस्यों में फैसलाबाद से पूर्व पीएमएल-एन विधायक राणा जाहिद तौसीफ, पूर्व पीटीआई स्वास्थ्य मंत्री जफर मिर्जा, पूर्व पीएमएल-एन प्रांतीय विधायक जैयम कादरी, हजारा क्षेत्र की कार्यकर्ता फातिमा आतिफ, सिंधी राष्ट्रवादी नेता अनवर सूमरो, कानूनी विशेषज्ञ मोइज जाफरी और शिक्षाविद् तारिक बनुरी शामिल हैं।

### अगस्त 2017 से मई 2018 तक प्रधानमंत्री थे अब्बासी

पाकिस्तान में पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ को सुप्रीम कोर्ट से अयोग्य घोषित किए जाने तक शाहिद खाकान अब्बासी प्रधानमंत्री पद पर थे। शाहिद खाकान अब्बासी के जीवन की बात करें, तो वो रावलपिंडी के मुर्री इलाके से ताल्लुक रखते हैं, जो एक प्रसिद्ध पहाड़ी रिसॉर्ट है। जहां चिलचिलाती गर्मी से राहत पाने के लिए और सर्दियों में बर्फबारी का आनंद लेने के लिए पर्यटक आते हैं। वे एक व्यवसायी हैं, जिनके परिवार के पास देश की एयरब्लू एयरलाइन है। साल 1988 में पहली बार नेशनल असेंबली के सदस्य चुने जाने के साथ ही उनके राजनीतिक सफर की शुरुआत हुई थी। अब्बासी पीएमएल-एन के टिकट पर कम से कम छह बार चुने गए और उन्हें नवाज शरीफ का करीबी माना जाता था और उन्होंने संघीय मंत्री के रूप में भी काम किया। पूर्व प्रधानमंत्री शाहिद खाकान अब्बासी और मिफ्ताह इस्माइल ने नीतिगत असहमति के कारण पीएमएल-एन का दामन छोड़ दिया और 2023 में एक नई पार्टी का खाका तैयार करने के लिए रीइमेजिनिंग पाकिस्तान के बैनर तले देश भर में चर्चा शुरू की थी। इस दौरान दोनों नेता कई चर्चाओं और सेमिनारों में इस बात पर जोर देते रहे हैं कि देश में केवल एक नई राजनीतिक पार्टी ही, वर्तमान की व्यवस्था को बदलने की इच्छाशक्ति के साथ, नकदी की कमी से जूझ रहे देश को संकट से बाहर निकाल सकती है।

## कोलोराडो के स्टेट पार्क में गोलीबारी में दो लोगों की मौत

**लॉस एंजिल्स , एजेंसी।** अमेरिका के कोलोराडो राज्य के एक पार्क में गोलीबारी में दो लोगों की जान चली गई। कोलोराडो के अधिकारियों ने ये जानकारी दी है। कोलोराडो पार्क एंड वाइल्डलाइफ ने बताया कि यह घटना पुएब्लो काउंटी में लेक पुएब्लो स्टेट पार्क के सेलबोर्ड बीच क्षेत्र में आधी रात के बाद हुई। कुछ लोग मछली पकड़ रहे थे, उसी दौरान गोलीबारी हुई। कोलोराडो पार्क्स एंड वाइल्डलाइफ़ को स्थानीय समयानुसार शुक्रवार सुबह फोन पर मदद के लिए कॉल आई, जिसके बाद पुलिस वहां पहुंची। सिन्हुआ न्यूज़ एजेंसी के अनुसार पुलिस अधिकारियों को दो लोग मृत मिले। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गोली चलाने वाला शख्स घटनास्थल से भाग गया। पुएब्लो काउंटी की पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में ले लिया और मौत का कारण जानने के लिए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। लेक पुएब्लो के पार्क मैनेजर जो स्टैडटरमैन ने कहा, हमारा मानना है कि इस समय पार्क में आए लोगों के लिए अब कोई खतरा नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी तक किसी भी संदिग्ध को हिरासत में नहीं लिया गया है। अधिकारियों ने कहा कि पार्क, इसका कंपाउंड खुला रहेगा, लेकिन चल रही जांच के कारण सेलबोर्ड बीच और इसके आसपास का क्षेत्र अनिश्चित काल तक बंद रहेगा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129